www.anantgyaan.in

सूर्योदय 6:51 सूर्यास्त 6:17

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 1.2 न्यू | 12.02 अधि |
| धर्मशाला | 5.02 न्यू | 17.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73142.80 |
| निफ्टी | 22212.70 |
| सोना 62,027 | चांदी 69,393 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | शनिवार, 24 फरवरी 2024 | 12 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 67 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए



शतकवीर रूट ने इंग्लैंड को संकट से निकाला ... पेज 14

## न्यायाधीश के रूप में हुए बाबा भूतनाथ के दर्शन



**मंडी।** बाबा भूतनाथ मठ मंदिर मंडी में धृत शृंगार के 15वें दिन स्वयंभू शिवलिंग पर डेढ़ क्विंटल माखन से श्री शनि महाराज का स्वरूप उकेरा गया। श्री शनि महाराज का यह मंदिर पश्चिम बंगाल के मालदा में स्थित है। कहा जाता है कि मंदिर में काले रंग की 5 फुट 9 इंच ऊंची स्वयंभू मूर्ति है। मंदिर में शनिदेव की यह मूर्ति हर प्रकार के मौसम में बिना छत्र धारण किए खड़ी रहती है। कलयुग में शनि देव को न्यायाधीश का दर्जा प्राप्त है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### 10 साल से फरार इनामी आतंकी मेराजुद्दीन गिरफ्तार

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त रहे पच्चीस हजार रुपए के इनामी आतंकी मोहम्मद मेराजुद्दीन (31) निवासी बजरिया रेलवे स्टेशन थाना गंगापुर सिटी को पकड़ा है। जयपुर एटीएस टीम को दस सालों से इसकी तलाश थी।

### श्रीलंका की अदालत ने 18 भारतीय मछुआरों को रिहा किया

**कोलंबो।** श्रीलंका की एक अदालत ने श्रीलंकाई जल क्षेत्र में मछली पकड़ने पर गिरफ्तार किए गए 18 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया। मछुआरों को सात फरवरी को उत्तरी श्रीलंका के जाफना में डेल्फ्ट द्वीप के समुद्र तट से गिरफ्तार किया गया था। जब मछुआरों को अदालत में पेश किया गया तो उन्होंने अपना गुनाह कबूल कर लिया। मजिस्ट्रेट ने श्रीलंकाई नौसेना और जाफना में भारतीय उप उच्चायोग कार्यालय की सहायता से उनकी स्वदेश वापसी का आदेश दिया।

### प्रेमी से शादी के लिए महिला ने दो बच्चों को मौत के घाट उतारा

**बागपत।** हरियाणा से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां पति से तलाक के बाद पत्नी अपने प्रेमी से शादी करना चाहती थी लेकिन शादी में रोड़ा बन रहे दो बच्चों को अपनी जान की आहूति देनी पड़ी। महिला ने बच्चों के टुकड़े कर शवों को गन्ने के खेत में फेंक दिया। पुलिस ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पुंछ में मिली बारूदी सुरंग को सेना ने किया नष्ट

**पुंछ।** सेना के एक गश्ती दल ने पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास मिली एक जंग लगी बारूदी सुरंग को नियंत्रित विस्फोट में नष्ट कर दिया। यह जानकारी अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि मनकोट सेक्टर के बलनोई इलाके में सीमा बाड़ के पास बारूदी सुरंग मिली थी। उन्होंने कहा कि घुसपैठ रोधी बाधा प्रणाली के हिस्से के रूप में आगे के इलाकों में बारूदी सुरंगें हैं, जो कभी-कभी बारिश से बह जाती हैं, जिससे आकस्मिक विस्फोट भी होते हैं।

## टॉप स्टोरीज

जल जीवन मिशन के तहत केंद्र से मांगे दो हजार करोड़ ...पेज 3

मानव परिंदों से चहका मनाली का पर्यटन स्थल सोलंगनाला, कारोबार ने पकड़ी गति ...पेज 10

प्रतिबंध के बावजूद कैसे हुई पौंग बांध में खेती? ...पेज 6

**सौगात :** रेडिएशन कैंसर विज्ञान ( ऑन्कोलॉजी ), सीटी स्कैनर व ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन

# एम्स बिलासपुर में मिलेंगी अब कैंसर विज्ञान सेवाएं

**शुभम राही, बिलासपुर**

एम्स बिलासपुर में अब कैंसर विज्ञान की अत्याधुनिक सेवाएं भी मिलेंगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया और अनुराग ठाकुर की मौजूदगी में एम्स, बिलासपुर में रेडिएशन कैंसर विज्ञान ( ऑन्कोलॉजी), सीटी स्कैनर व लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन किया। उन्होंने रेडियो थैरेपी सुविधा का लोकार्पण और विश्राम सदन का शुभारंभ भी किया।

पावरग्रिड के मुख्य प्रबंध निदेशक रवींद्र कुमार त्यागी, पावरग्रिड के निदेशक कार्मिक डॉ. यतींद्र द्विवेदी और एम्स बिलासपुर व पावरग्रिड के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

**30** करोड़ की लागत से अत्याधुनिक मशीनरी से लैस होगा रेडियोथैरेपी विभाग

**250** लोगों की क्षमता वाला रात्रि विश्राम सदन भी बनाया जाएगा

**24** घंटे मरीजों के बिस्तर के पास अब ऑक्सीजन की आपूर्ति की जाएगी



बिलासपुर एम्स में नई सुविधाओं का उद्घाटन करते जेपी नड्डा, साथ हैं मनसुख मंडाविया और अनुराग ठाकुर।

### रेडियोथैरेपी कैंसर रोगियों के लिए बनेगी संजीवनी, ट्यूमर की होगी सफल सर्जरी

एम्स में अब रेडियोथैरेपी कैंसर रोगियों के लिए जहां संजीवनी बनेगी वहीं, ट्यूमर की भी सफल सर्जरी हो सकेगी। 30 करोड़ की मशीनरी के साथ कैंसर रोगियों को अत्याधुनिक रेडियोथैरेपी उपचार प्रदान करने की दृष्टि से एम्स में विकिरण ऑन्कोलॉजी सेवाएं शुरू की गई हैं। कैंसर रोगियों का इलाज हाई एनर्जी लीनियर एक्सेलेरेटर ब्रेकीथैरेपी और 4जी सिम्युलेटर के माध्यम से किया जा सकता है, जो आसपास के स्वस्थ ऊतकों की अखंडता को संरक्षित करते हुए ट्यूमर को प्रभावी ढंग से लक्षित करने में कारगर भूमिका अदा करता है।

## कांग्रेस महासचिव बंबर ठाकुर पर हमला, बेटे भी लहूलुहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बिलासपुर सदर के पूर्व विधायक एंव कांग्रेस महासचिव बंबर ठाकुर पर कातिलाना हमला हुआ है। शुक्रवार को नगर के साथ लगते मंडी माणवां क्षेत्र में स्थित रेलवे निर्माण कार्य में लगी निजी कंपनी के कार्यालय के समीप यह हमला हुआ है जिसमें बंबर ठाकुर और उनके बेटों पर तेजधार हथियारों से हमला किया गया है।

इस हमले में बंबर ठाकुर को काफी चोटें भी आई हैं और बेटे भी लहूलुहान हो गए हैं जिनको उपचार के लिए जिला अस्पताल बिलासपुर में भर्ती किया गया है। बंबर ठाकुर के नाक की हड्डी में फ्रैक्चर आ गया है। पुलिस ने इस मामले में संलिप्त छह युवकों को गिरफ्तार भी किया है। बिलासपुर मुख्यालय पर शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ता विरोध रैली निकालेंगे। यह रैली कॉलेज चौक से होते हुए पूरे शहर में निकाली जाएगी।

### विक्रमादित्य ने सोशल मीडिया पर डाली पोस्ट

लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर रोष प्रकट किया है। उन्होंने कहा है कि ये आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिए हैं। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अब तक इन लोगों को किया गिरफ्तार

**मंजीत नड्डा,** गौरव कुमार, सौरव पटियाल, प्रदीप कुमार, सूरज व कुलभूषण को बिलासपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में कई अन्य गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं।

## ऊना से हरिद्वार तक चलेगी ट्रेन : अनुराग



**ऊना।** प्रदेश की एकमात्र ब्रॉडगेज ट्रेन लाइन ऊना के साथ एक और इतिहास जुड़ गया है। अब खासकर तीर्थ यात्रियों को हिमाचल से सीधा हरिद्वार के लिए ट्रेन की सुविधा मिलेगी। ऊना से सहारनपुर जाने वाली एमईएमयू ट्रेन अब प्रसिद्ध तीर्थ स्थल हरिद्वार तक आवागमन करेगी।

ऊना से सहारनपुर जाने वाली एमईएमयू ट्रेन के विस्तार संबंधी जानकारी केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट कर साझा की है। केंद्रीय मंत्री ने लिखा है कि रेल संपर्क का सपना साकार, हिमाचल से सीधे जुड़ा हरिद्वार।

ऊना-सहारनपुर एमईएमयू ट्रेन का विस्तार अब हरिद्वार तक स्वीकृत। इस ट्रेन का जिला ऊना के लोगों को ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश वासियों को लाभ मिलेगा।

## पीएम ने किया संत रविदास की कांस्य प्रतिमा का अनावरण

**वाराणसी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धन में कहा कि भाजपा सरकार संत रविदास के संकल्पों को पूरा कर रही है। गरीब, वंचित, पिछड़े और दलितों के लिए सरकार की नीयत साफ है। प्रधानमंत्री ने संत रविदास की 647वीं जयंती पर सीरगोवर्धन में उनकी 25 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया।

## पौंग बांध के वेटलैंड किनारे भी कर सकेंगे खेती : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पौंग डैम अभ्यारण्य क्षेत्र को अभी तक ईको सेंसेटिव जोन घोषित नहीं किया गया है। पहले वाइल्ड लाइफ सेंचुरी का निर्धारण होगा। देहरा, फतेहपुर, जवाली के सभी क्षेत्रों के मुद्दों पर चर्चा के बाद आगे बढ़ा जाएगा।

सुक्खू ने कहा कि विभाग को निर्देश दिए गए कि यहां पर खेतीबाड़ी की अनुमति दे दी जाए। देहरा के विधायक होशियार सिंह के प्रश्न के उत्तर में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने विधानसभा सदन में यह जवाब दिया।



### पर्यटकों की संख्या में आई कमी

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां पर पर्यटकों की संख्या में कमी आई है। इसका कारण प्राकृतिक आपदा और बोटिंग के लाइसेंस पिछले लंबे समय से जारी न होना है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग को आदेश जारी कर दिए गए हैं कि वह बोटिंग के लाइसेंस जारी करे।

## किसान आंदोलन : खनौरी बॉर्डर जाने से रोकने पर हरियाणा पुलिस पर पथराव

▶ खनौरी बॉर्डर पर किसान की हार्ट अटैक से मौत



**एजेंसी, अंबाला**

हरियाणा के हिसार में पुलिस और किसानों के बीच टकराव हो गया। किसान खनौरी बॉर्डर पर पंजाब के किसानों के पास जाना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने रोक लिया इसके बाद लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। यह देख किसानों ने पथराव कर दिया जिसमें थाना नारनौंद के एसएचओ चंद्रभान घायल हो गए।

किसान आंदोलन में बठिंडा (पंजाब) के अमरगढ़ गांव के रहने वाले दर्शन सिंह (62) की हार्ट अटैक से मौत हो हई। दर्शन सिंह खनौरी बॉर्डर पर दिल्ली कूच के लिए डटे हुए थे। गुरुवार शाम को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। आंदोलन में अब तक 4 किसानों और 3 पुलिसकर्मियों की मौत हो चुकी है।

वहीं हरियाणा पुलिस आंदोलनकारी किसानों पर अब राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई नहीं करेगी। हरियाणा पुलिस ने एनएसए लगाने का फैसला वापस ले लिया है। अंबाला रेंज के आईजी सिबास कविराज ने इसकी जानकारी दी है।

### किसानों ने मनाया ब्लैक-डे

पंजाब-हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर 21 साल के शुभकरण की मौत के विरोध में किसानों ने ब्लैक-डे मनाया। संयुक्त किसान मोर्चा की गुरुवार को साढ़े 4 घंटे चली बैठक के बाद यह फैसला लिया गया। इसमें 100 किसान संगठनों ने हिस्सा लिया।

### शुभकरण के परिवार को एक करोड़ रुपए

**चंडीगढ़।** पंजाब के सीएम भगवंत मान ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मारे गए किसान शुभकरण के परिवार को पंजाब सरकार एक करोड़ की मुआवजा राशि देगी। शुभकरण की छोटी बहन को पंजाब सरकार की ओर से नौकरी दी जाएगी। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी। हरियाणा पुलिस का जो भी अधिकारी शुभकरण की मौत के लिए जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड हाई कोर्ट से राहुल गांधी को झटका



**नई दिल्ली।** झारखंड हाइकोर्ट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बड़ा झटका लगा है। यह मामला गृह मंत्री अमित शाह पर की टिप्पणी से जुड़ा है।

झारखंड हाई कोर्ट ने 2018 के अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में राहुल गांधी की याचिका को खारिज कर दिया है, जिसके बाद अब इस मामले में राहुल गांधी के खिलाफ निचली अदालत में ट्रायल चलेगा। बता दें कि एमपी एमएलए कोर्ट के समन के खिलाफ राहुल गांधी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें राहुल गांधी ने अदालत से इस केस को निरस्त करने की अपील की थी।

## लोकसभा चुनाव का ऐलान 13 मार्च के बाद कभी भी, सात-आठ चरणों में होगा मतदान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चुनाव आयोग 13 मार्च के बाद लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कभी भी कर सकता है। वहीं सात-आठ चरणों में मतदान होने की संभावना है। चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा कि आयोग आम चुनाव की तैयारियों का आकलन करने के लिए कई राज्यों का दौरा कर रहा है और एक बार यह पूरा होने के बाद तारीखों की घोषणा की जाएगी।

केंद्रीय चुनाव निकाय के अधिकारी अभी तमिलनाडु का दौरा कर रहे हैं, जिसके बाद उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर का दौरा किया जाएगा। राज्यों का दौरा 13 मार्च से पहले पूरा होने वाला है। आयोग पिछले कुछ महीनों से तैयारियों का आकलन करने के लिए सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के साथ नियमित बैठकें कर रहा है। अधिकारियों ने बताया कि सीईओ ने समस्या वाले क्षेत्रों, ईवीएम की आवाजाही, सुरक्षा बलों की उनकी आवश्यकता, सीमाओं पर कड़ी निगरानी को सूचीबद्ध किया है।



### सोशल मीडिया पर रहेगी नजर

चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर झूठी और भड़काऊ सामग्री को हटाने का काम किया जाएगा। यदि कोई पार्टी या उम्मीदवार नियमों का उल्लंघन करना जारी रखता है, तो आयोग कड़ी कार्रवाई करने के लिए तैयार है, जैसे कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को खातों को निलंबित करने या उन्हें ब्लॉक करने के लिए कहना।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का होगा इस्तेमाल

चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों के स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का इस्तेमाल कर सकता है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर गलत सूचनाओं को चिह्नित करने और हटाने के लिए ईसीआई के भीतर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए एक विभाग भी बना सकता है।

MINERVA

GHUMARWIN

Academy to train young minds.....

SR. SEC. SCHOOL

RESULT; JEE MAIN-I, 2024

KSHITIZ 99.20 Percentile | PRASHAM KAPIL 98.94 Percentile | PARTH 98.77 Percentile | SAKSHAM 98.70 Percentile | PRIYAL 98.12 Percentile

01 Student above 99% | 05 Students above 98% | 20 Students above 95% | 42 Students above 90% | 62 Students above 85%

RITIKA 97.87 | SHIVE MANTHAN 97.16 | ARYAN 97.01 | UDAY 96.94 | RUCHIT 96.43 | SHUBHAM 96.32 | AKANKSHA 96.24

SAHIL 96.18 | VIDHI 96.03 | ADITYA 95.95 | SRIJAN 95.70 | SWASTIKA 95.40 | DEWANSH 95.38 | GAURAV 95.34

HARDIK 95.34 | PARISHA 94.85 | SUJAL 94.72 | AKSHIT 94.71 | AROHI 94.70 | MEENAKSHI 94.51 | NANDINI 94.35

AYUSH 93.90 | AKSHITA 93.70 | KAMAKSHA 93.55 | ADITI 93.47 | JAYIN 93.40 | VEDANSH 92.90 | AKSHIT 92.80 | AKSHIT 92.10

ANSHUL 91.63 | UMANG 91.31 | SHIVANSHI 91.29 | RIYA 90.93 | DEEPANSH 90.77 | AYUSHI 90.36 | RAGHAV 90.27 | HARSH 90.07

CRASH COURSE - 2024
JEE : 13th & 21st March, 2024
NEET : 16th, 20th & 26th March, 2024

WARRIOR (DROPPER) BATCH - 2025
JEE : 18th April, 2024
NEET : 26th March & 13th April, 2024

CASH PRIZES FOR 2025 ACHIEVERS

| NEET | | | | JEE | |
|---|---|---|---|---|---|
| State Rank - 1 | 1 Lakh | State Rank - 6 | 50 Thousand | State Rank-1 | 1 Lakh |
| State Rank - 2 | 90 Thousand | Rank - 7 | 40 Thousand | 99.51 - 99.99 | 40 Thousand |
| State Rank - 3 | 80 Thousand | Rank - 8 | 30 Thousand | 99.01 - 99.50 | 30 Thousand |
| State Rank - 4 | 70 Thousand | Rank - 9 | 20 Thousand | 98.51 - 99.00 | 20 Thousand |
| State Rank - 5 | 60 Thousand | Rank - 10-20 | 10 Thousand | 98.01 - 98.50 | 10 Thousand |

SCHOLARSHIP SCHEME FOR "WARRIOR'S BATCH-2025"

| NEET-2024 SCORE | Scholarship Offered (Concession on Tution Fee) | JEE-2024 Percentile | Scholarship Offered (Concession on Tution Fee) |
|---|---|---|---|
| 525 & Above | 100% | 94 & Above | 100% |
| 500 to 524 | 80% | 91 to 93.99 | 80% |
| 475 to 499 | 60% | 88 to 90.99 | 60% |
| 450 to 474 | 40% | 85 to 87.99 | 40% |
| 425 to 449 | 20% | 81 to 84.99 | 20% |

78075 62616, 78074 85938

MINERVA : Gateway to Your Chosen & Cherished Career Path





कांग्रेस विधायक कुलदीप राठौर


भाजपा विधायक रीना कश्यप


कांग्रेस विधायक सुधीर शर्मा

# जल जीवन मिशन के तहत केंद्र से मांगे दो हजार करोड़

## उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान बोले- कई स्कीमों का कार्य अभी भी अधूरा

**अरविंद शर्मा, शिमला**



हिमाचल प्रदेश विधानसभा बजट सत्र के नौवें दिन की कार्यवाही जारी रही। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत अभी भी 1138 स्कीमों का कार्य अधूरा है। इस कार्य को पूरा करने और बचे हुए पेयजल कनेक्शन जारी करने के लिए केंद्र सरकार से दो हजार करोड़ रुपए की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में 15 जनवरी, 2024 तक 1163 योजनाएं स्वीकृत हुईं हैं व इन योजनाओं की 2470.21 करोड़ रुपए की प्रशासनिक अनुमोदन व व्यय स्वीकृति हुई।

वह विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक विपिन सिंह परमार, दिलीप ठाकुर और सुखराम चौधरी के संयुक्त सवाल का जवाब दे रहे थे। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि विभाग के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के सभी घरों में पानी का कनेक्शन लग गया है और इसे आधार से लिंक किया गया है, जबकि वास्तविकता यह है कि परिवार के सदस्य अलग-अलग जगहों पर रहते हैं और घर के मुखिया को ही पेयजल कनेक्शन मिले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे सभी घरों को चिन्हित करेगी और वहां पर पेयजल कनेक्शन जारी करेगी। (अनंत ज्ञान)

### विधायकों ने प्रश्नकाल के बाद उठाए मामले

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने प्रश्नकाल के बाद विधायक रीना कश्यप, विनोद सुल्तानपुरी और अजय सोलंकी को अलग-अलग विषयों को उठाने की अनुमति दी। इसका मुख्यमंत्री की तरफ से जवाब दिया गया।

### मानसिक तनाव का शिकार हो रहे लोग



**विधानसभा** में चर्चा के दौरान फतेपुर के विधायक भवानी पठानिया ने कहा कि आज के दौर में लोग मानसिक तनाव का शिकार हो रहे हैं। इसको लेकर हमें सख्त कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोग मानसिक तनाव में आने के चलते सुसाइड तक कर रहे हैं। सुसाइड केस में वृद्धी होना चिंता का विषय है। इसके पीछे असली कारण क्या है, इसको लेकर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। वहीं, इस पर चुराह के विधायक हंसराज ने कहा कि भवानी पठानिया द्वारा यह एक अच्छा सवाल किया है। इस पर हम सभी को सख्त कदम उठाने चाहिएं। प्रदेश के अस्पतालों मनोचिकित्सा डॉक्टरों की कमी नहीं होनी चाहिए। वहीं, प्रति सिविल अस्पताल में एक डॉक्टर होना चाहिए, ताकि मानसिक तनाव में आ रहे लोगों का समय से उपचार हो। प्रदेश के लिए यह एक चिंता का विषय है।


विधानसभा बजट सत्र के लिए पहुंचने पर पुलिस अधिकारी से हाथ मिलाते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

# जिन्हें आप चुनते हैं, वही बैठते हैं सदन में : पठानिया


आईटीआई शिमला की स्टूडेंट्स को विधानसभा की कार्यवाही की जानकारी देते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

### आईटीआई और विशप कॉटन स्कूल के स्टूडेंट्स ने देखी सदन की कार्यवाही


हिमाचल प्रदेश औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शिमला की छात्राओं व विशप कॉटन स्कूल शिमला के छात्रों ने विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की। गौरतलब है कि ये सभी छात्र-छात्राएं सदन में होने वाली कार्यवाही को देखने आए थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों से संवाद करते हुए पठानिया ने कहा कि विधानसभा के चुनाव द्वारा जिन्हें आप अपने मतों से जिताकर यहां भेजते हैं, वही विधायक बनते हैं तथा केवल वही सदन में बैठ सकते हैं।

पठानिया ने कहा कि हिप्र विधानसभा में कुल 68 सीटें हैं, जिसमें कांग्रेस की 40, भारतीय जनता पार्टी की 25 तथा तीन सदस्य निर्दलीय हैं। पठानिया ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन गैर सरकारी कार्य दिवस के लिए निर्धारित है, जिसमें माननीय सदस्य नियम 101 के तहत अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुख रूप से उठाते हैं तथा अन्य कई जनहित के मुद्दों को भी उठा सकते हैं। पठानिया ने उन्हें आज होने वाली कार्यवाही, संसदीय प्रणाली तथा विधानसभा की कार्यप्रणाली के बारे में भी अवगत करवाया।

उन्होंने कहा कि आज का युवा कल का भविष्य है और हमारा देश दुनियां का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है। पठानियां ने कहा कि आज के युवा जिस तरह से संसदीय प्रणाली में रूचि ले रहे हैं उससे लोकतन्त्र की मजबूती को बल मिलता है तथा भविष्य सुरक्षित नजर आ रहा है। इस अवसर पर पठानियां सभी को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी तथा सभी को देश तथा जनहित में समर्पण से कार्य करने की सलाह दी।


पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह


उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान


भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार

## इंदौरा से पठानकोट के लिए एंबुलेंस भेजने पर विचार करेगी सरकार : शांडिल



**स्वास्थ्य** मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि आपात स्थिति में इंदौरा से पठानकोट के लिए एंबुलेंस सेवा भेजने पर सरकार विचार करेगी। उन्होंने कहा कि अभी तक नियमों में इसका प्रावधान नहीं है और सरकार इस मामले में केंद्र से भी परामर्श लेगी। विधायक केवल सिंह पठानिया ने मलेंद्र राजन की गैर मौजूदगी में कहा कि इंदौरा से पठानकोट की दूरी 8 से 10 किमी है और वहां के लिए एंबुलेंस सेवा नहीं दी जाती, लेकिन चंडीगढ़ जो वहां से काफी दूर हैए वहां के लिए एंबुलेंस भेजी जाती है। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में प्राथमिकता नजदीक के अस्पताल पहुंचाने की होती है। उन्होंने कहा कि इन नियमों से लोग परेशान होते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस पर विचार करे और जो जरूरी संशोधन है।

## डीसी और परियोजना निदेशक मौके पर जाकर निपटाएंगे समस्याएं : जगत सिंह नेगी



**राजस्व** मंत्री जगत सिंह ने कहा कि कांगड़ा जिले में शाहपुर विधानसभा हलके से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय उच्च मार्ग में लोगों की समस्याओं का समाधान जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उपायुक्त कांगड़ा और परियोजना निदेशक को निर्देश जारी करेगी कि वह एक सप्ताह के भीतर मौके पर जाकर प्रभावितों की समस्याओं को सुनें और उनका निपटारा करें। विधायक केवल सिंह पठानिया और पवन काजल के सवाल के जवाब में राजस्व मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय उच्च मार्गों और हवाई अड्डों के विस्तारीकरण में मुआवजे की अदायगी के लिए सर्किल रेट निर्धारित नहीं किए जाते, बल्कि सर्किल रेट तय करने की एक सामान्य प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग के साथ लगती जमीन का सर्किल रेट अलग होगा और ग्रामीण सड़कों का और होगा। मुआवजा अलग-अलग रेट पर दिया गया है। ऐसा हो सकता है, क्योंकि सर्किल रेट अलग-अलग होने के कारण ऐसा संभव है।

## शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने विधानसभा में उठाया फोरलेन प्रभावितों का मसला



**शाहपुर** के विधायक केवल सिंह पठानिया ने विधानसभा सदन में अपने विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के फोरलेन से हुए द्रमन, शाहपुर, छतड़ी, बनोई, राजोल, पुहाड़ा बाजारों के प्रभावित व्यापारियों और प्रभावित स्थानीय जनता की अवाज सदन में उठाई। उन्होंने कहा कि उपरोक्त बाजारों के 60,70 साल से दुकानदार अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। फोरलेन के चलते कुछ व्यापारियों को न मुआवजा मिला न उनको कोई राहत दी गई, जिसके चलते व्यापारी बेहद हताशा हैं। विधायक ने मुख्यमंत्री से विनम्र आग्रह किया कि जिन व्यापारियों को फोरलेन के चलते दुकानों के उजड़ने से कुछ नहीं मिला है, उनको राहत देकर दोबारा बसाया जाए। दूसरा फोरलेन में लोगों की अधिग्रहण की हुई भूमि का मुआवजा अलग-अलग सर्किल रेट के हिसाब से दिया जा रहा है। सरकार उस पर ध्यान दे और प्रभावित लोगों को सही दाम दिलवाया जाए। इस पर राजस्व विभाग मंत्री जगत सिंह नेगी ने आश्वस्त किया कि जल्द ही जिलाधीश महोदय अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मौके पर जाकर लोगों की समस्या को देखें और उनकी समस्याओं को हल करें।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विदेशी शैक्षणिक संस्थानों के साथ होगा कार्य : रोहित ठाकुर



**शिमला।** विधानसभा में चर्चा के दौराना शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि गुणवत्ता शिक्षा के लिए विदेशी शैक्षणिक संस्थानों के साथ कार्य होगा। इसी कड़ी के तहत हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला ने चार विदेशी संस्थानों के साथ करार भी किया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की मई, 2022 में जारी गाइडलाइन के अनुसार कार्य हो रहा है। प्रदेश सरकार ने शिक्षा में गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से 102 शिक्षकों को विदेश भ्रमण पर भेजने का भी निर्णय लिया है। रोहित ठाकुर विधानसभा में विधायक चैतन्य शर्मा की तरफ से शिक्षा से संबंधित विषय पर लाए गए संकल्प का उत्तर दे रहे थे। बाद में उन्होंने अपना संकल्प वापस ले लिया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि अनुसंधान और शिक्षा क्षेत्र में बेहतरी के लिए विदेशी शैक्षणिक संस्थानों से तालमेल बढ़ाया जा रहा है। इसके लिए कार्यशाला एवं सेमीनारों का आयोजन भी किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### बंजार में 100 मीटर नीचे गिरी स्कूल बस, पांच बच्चे घायल



**बंजार।** थाना बंजार के अंतर्गत सड़क हादसे में पांच बच्चे घायल हो गए हैं, जिनमें से दो बच्चों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू रेफर किया गया है। सड़क हादसा शुक्रवार सुबह उस दौरान हुआ जब मिनर्वा पब्लिक स्कूल की बस बच्चों को लेकर जा रही थी। बस जब घ्यागी के समीप पहुंची तो बस चालक बस से अपना नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क मार्ग से करीब 100 मीटर नीचे गिर गई। बच्चे भाग्यशाली रहे कि इस दौरान बस पलटी नहीं अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए और राहत कार्यों में जुट गए। पुलिस और ग्रामीणों ने बस में सवार घायल बच्चों को बाहर निकाला और बंजार अस्पताल पहुंचाया। एसडीएम बंजार पंकज ने बताया कि हादसे में पांच बच्चे घायल हुए हैं, जिनमें से घायल दीक्षा और युवल को इलाज के लिए क्षेत्रीय अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। वहीं, सीएम ने मामले की मजिस्टरेट जांच के आदेश दिए हैं।

### बद्दी में जमीनी विवाद पर फायरिंग करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**बीबीएन।** नालागढ़ पुलिस ने विभिन्न अपराधिक मामलों में सक्रिय चल रहे बदमाश को गिरफ्तार कर बद्दी थाना के हवाले किया। डीएसपी नालागढ़ फिरोज खान की अगुआई में टीम ने विभिन्न आमर्स एक्ट में आरोपी चल रहे बदमाश को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान ताज मोहम्मद पुत्र रोशनदीन मियांपुर आनंदपुर साहिब पंजाब से हुई। डीएसपी फिरोज खान ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए न्यू नालागढ़ के समीप से बदमाश को गिरफ्तार किया। आरोपी बदमाश दिसंबर माह में बद्दी के भूपनगर में जमीनी विवाद को लेकर फायरिंग मामले में फरार चल रहा था।

### 47.43 चिट्टे सहित चार युवक धरे

**ठियोग ।** ठियोग थाना की फागू चौकी पुलिस टीम ने चिट्टे की खेप पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। जानकारी के अनुसार वीरवार को फागू चौकी के इंचार्ज नरेंद्र ठाकुर ने अपनी टीम के साथ नाका लगाया था । इसी दौरान कुफरी की ओर से ठियोग नंबर की गाड़ी (एचपी 09 सी 9853) आई। तलाशी के दौरान गाड़ी में 47.43 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। गाड़ी में चार लोग सवार थे, जिसमें अंकित राठौर पुत्र महेंद्र राठौर गांव चैरा तहसील ठियोग, प्रांशुल राठौर पुत्र महेंद्र राठौर गांव चैरा, चरण सिंह पुत्र फहल सिंह मकान नंबर 238 ग्राउंड फ्लोर चंचल पार्क मुंडका पश्चिमी दिल्ली, अशोक कुमार पुत्र कबाबी राम बिना खेड़ी सहारनपुर यूपी हुई है। जिला शिमला के दो युवक, जो इस खेप के साथ पकड़े गए हैं वे दोनों सगे भाई हैं।

## सामान्य श्रेणी से पहली महिला कार्डियोलॉजिस्ट बनी जोगिंद्रनगर की डॉ. मीना



**जोगिंद्रनगर।** डॉ. मीना राणा एमबीबीएस एमडी (मेडिसिन), डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट) ने हिमाचल प्रदेश में सामान्य श्रेणी से पहली महिला कार्डियोलॉजिस्ट होने का गौरव हासिल किया है। बताते चलें कि डॉ. मीना राणा जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की रोपड़ी कलेहडु पंचायत के एक छोटे से गांव बाड़ से आती हैं। डॉ. मीना ने दिसंबर 2023 में आईजीएमसी शिमला से डीएम की पढ़ाई पूरी की है। डॉ. मीना का कहना है कि जब वह छोटी थी, उन्होंने कल्पना की थी कि अगर दर्द से पीड़ित कोई व्यक्ति डॉक्टर के पास जाता है और डॉक्टर उसकी सभी समस्याओं का समाधान कर देता है, तो वह भगवान के समान होता है, यह पेशा कितना सुंदर है। यह उल्लेख करना उचित है कि कार्डियोलॉजी सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी आंतरिक चिकित्सा फेलोशिप में से एक है और कार्डियोलॉजिस्ट बनने की पूरी यात्रा में लगभग 12 साल लगते हैं। पिता सूबेदार मेजर (ऑनरेरी कैप्टन) रोशन लाल राणा ने कहा कि मेरा लंबे समय से प्रतीक्षित सपना सच हो गया है।

## आयुर्वेदिक फार्मेसी ऑफिसर, जूनियर के ऑडिटर पदों के लिए मांगे आवेदन

**एसके शर्मा, जाहू**

हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ने आयुर्वेदिक फार्मेसी आफिसर सहित कई पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रकिया शुरू की है। अभ्यर्थी हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

एचपीपीएससी में कुल 120 रिक्त पदों पर भर्तीयां की जाएंगी। इसमें आयुर्वेदिक फार्मेसी ऑफिसर के 41 पद, जूनियर ऑडिर के 37 पद और जूनियर ऑफिस सहायक अकाउंटस के 42 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए अभ्यर्थियों की आयु 18 साल से लेकर 45 वर्ष के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आयुर्वेदिक फार्मेसी, जूनियर ऑडिटर व जूनियर ऑफिस सहायक अकाउंटस पद पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को 400 रुपए आवेदन शुल्क देना होगा। आयुर्वेदिक फार्मेसी के लिए पहले जिन अभ्यर्थियों ने हमीरपुर प्रदेश स्टाफ सिलेकशन कमिशन के माध्यम से पहले आवेदन किया था, उनको भी दोबारा हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग शिमला के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

आवेदन करते समय पुराने फार्म का नंबर डालने पर कोई भी फीस दोबारा नहीं देनी होगी। हिमाचल राज्य के भूतपूर्व सनिकों को किसी तरह का शुल्क नहीं देना होगा। ओबीसी, इडब्ल्यूएस एससी, एसटी अभ्यर्थियों को 100 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## प्रदेश सरकार ने किए 13 तहसीलदारों के तबादले

**शिमला।** प्रदेश सरकार ने शुक्रवार देर शाम तेरह तहसीलदारों के तबादला आदेश जारी किए हैं। विनोद कुमार को हिप्र अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम से नेरवा, रवीश चंदेल को ऊर्जा निदेशालय से नौहराधार, गुरमीत को टीसीपी से जुब्बल, नीलेश शर्मा को सेटलमेंट सर्किल कसौली से ननखड़ी, भावना वर्मा को आरटीआई जोगिंद्रनगर से सलूणी, मनमोहन को हिप्र वित्त निगम से शिलाई, सार्थक शर्मा को चामुंडा मंदिर से रोहड़ू, हुसैन चंद को रोहड़ू से गलोड़, दीक्षांत ठाकुर को चिड़गांव से शाहपुर, सुमित शर्मा को रजिस्ट्रार को-ऑपरेटिव सोसायटी कार्यालय से ददाहू, सुनील चौहान को हिमुडा से थुरल, नीलम कुमारी को बज्रेश्वरी देवी मंदिर से चंबा तथा संतराम को निदेशक लैंड रिकॉर्ड कार्यालय से चच्योट तहसील में लगाया गया है।

## बंबर ठाकुर पर हुए जानलेवा हमले की निंदा की



**शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने बिलासपुर सदर के पूर्व विधायक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बंबर ठाकुर पर हुए जानलेवा हमले की कड़ी निंदा करते हुए बिलासपुर जिला प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने कहा कि समाज विरोधी तत्वों व हिंसा या उपद्रव फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जा सकता। उन्होंने इसे तत्वों पर कड़ी नजर रखने को भी कहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से कानून व्यवस्था पर नजर रखने को कहा है।

## हैप्पी बर्थडे


ककड़ियार की मन्नत चौहान को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।


आरके रांगड़ा सिटी रिपोर्टर चंबा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**अध्ययन** | केंद्रीय विश्वविद्यालय और सभ्यता अध्ययन केंद्र दिल्ली के बीच हुआ समझौता

# हिमाचल-झारखंड के जनजातीय मंदिरों पर होगा शोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला और सभ्यता अध्ययन केंद्र दिल्ली ने शोध, अकादमिक और विस्तार गतिविधियों में सहयोग एवं संसाधनों को साझा करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

समझौता ज्ञापन पर सीयू के कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा, जनजातीय अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. मलकीत सिंह, सभ्यता अध्ययन केंद्र दिल्ली के निदेशक रवि शंकर और सभ्यता अध्ययन केंद्र दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. धर्मवीर शर्मा ने हस्ताक्षर किए।

विवि के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने इस समझौता ज्ञापन पर हर्ष जताया और कहा कि इसके माध्यम से जनजातीय विषयों पर शोध को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस समझौता ज्ञापन से दोनों संस्थानों की विशेषज्ञता और संसाधनों का आदान-प्रदान किया जा सकेगा। हिमाचल प्रदेश, झारखंड और इसके आसपास के क्षेत्रों में रहने वाली जनजातियों के अपने मंदिर हैं।


समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर दिखते अधिकारी।

वनवासी समाज के लोग ही इनके पुजारी हैं। यहां के मंदिरों, इनकी वास्तुकला और रीति-रिवाजों को समझने के लिए एक विशेष परियोजना के तहत मिलकर शोध कार्य किया जाएगा। इससे यह समझने की दृष्टि मिलेगी कि वनवासी समाज प्रकृतिपूजक ही नहीं, बल्कि शक्तिपूजक भी रहा है। इसे केवल प्रकृतिपूजक बताकर समूचे जनजातीय समाज की आधी-अधूरी और भ्रामक व्याख्या की जाती रही है।

शोध के दौरान कई नए एवं महत्वपूर्ण तथ्य भी निकलकर सामने आएंगे, जो जनजातीय समाज की पहचान को सशक्त बनाने में मददगार होंगे। शोधार्थी और शिक्षक पुस्तकालयों में उपलब्ध किताबों का उपयोग कर सकेंगे। जनजातीय क्षेत्र में नीति-निर्माण की दिशा में भी यह समझौता ज्ञापन महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। इसी समझौता ज्ञापन के अंतर्गत विद्यार्थी एवं शिक्षक विकास से संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सकेगा।

### युवा शोधार्थी शामिल

**शोध** कार्यों को करने के लिए केंद्र के साथ युवा शोधार्थियों का एक अच्छा समूह है। इस समूह में राजनीतिक-सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, प्रशासनिक अधिकारी तथा जीवन के विभिन्न आयामों से जुड़े युवा शामिल हैं। इस समूह में इतिहास, राजनीतिशास्त्र, समाजिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, गणित, संस्कृत जैसे विविध विषयों के मर्मज्ञ भी हैं। वहीं, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय का जनजातीय अध्ययन केंद्र भी जनजातीय विषयों पर अध्ययन-शोध के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## किसानों को बड़े आढ़तियों और बिचौलियों से मुक्त करवाया जाए : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि 2015 में नरेंद्र मोदी ने उनकी अध्यक्षता में खाद्य निगम सुधार के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाई थी। देश भर के कुछ प्रमुख कृषि विशेषज्ञ उस कमेटी में थे।

प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक अशोक गुलाटी उस कमेटी में प्रमुख वैज्ञानिक सदस्य थे। विषय का पूरा अध्ययन करने के बाद इस तथ्य पर सारी कमेटी को बड़ा आश्चर्य हुआ था कि डैच का लाभ केवल छह प्रतिशत किसान उठाते हैं। 94 प्रतिशत किसानों को डैच पर सरकारी खरीद का कोई लाभ नहीं होता। थोड़ी उपज वाले छोटे किसान अपनी उपज स्थानीय क्रेताओं को कम भाव पर बेच देते हैं। इतना ही नहीं यह तथ्य भी सामने आया कि छह प्रतिशत बड़े किसान आसपास के छोटे किसानों से कम भाव पर अनाज लेकर अधिक भाव पर सरकार को बेचते हैं। शांता कुमार ने कहा कि दिल्ली की सीमा पर किसानों का आंदोलन चल रहा है। देश को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि यह आंदोलन केवल भारत के दो या तीन प्रदेशों के उन छह प्रतिशत किसानों का है, जो डैच का लाभ उठाते हैं, बाकी देश के 94 प्रतिशत किसान अपने खेतों में काम कर रहे हैं। यह आंदोलन किसानों में राजनीतिक नेताओं से उक्साया हुआ आंदोलन है। सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि किसानों को बड़े आढ़तियों और बिचौलियों से मुक्त करवाया जाए और समय के साथ किसान सम्मान निधि सहायता को बढ़ाया जाए।

# आयुर्वेद अस्पताल सोलन के निकट बोरवेल की ड्रिलिंग के खिलाफ लामबंद हुए लोग

## डीसी सोलन को सौंपा ज्ञापन, कहा-बोरवेल से प्रभावित होंगे हिमुडा कॉलोनी के लोग, बंद हो कार्य

**आर मोहन चौहान, सोलन**

आयुर्वेद अस्पताल सोलन के निकट बोरवेल की अनधिकृत ड्रिलिंग को लेकर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेज-2 के लोग लामबंद हो गए। लोगों ने डीसी सोलन को ज्ञापन सौंप कर बोरवेल का कार्य बंद करने की मांग की। कॉलोनी की रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के प्रधान रंजन महाजन की अगुआई में बड़ी संख्या में लोगों ने जिला प्रशासन के समक्ष अपना पक्ष रखा।

प्रधान रंजन महाजन ने कहा कि निवासियों निवासियों के प्रयासों और प्रशासन के सहयोग से कॉलोनी को बोरवेल मिल पाया है। इससे कॉलोनी के लोगों की प्यास बुझती है। भीषण गर्मी के दौरान कॉलोनी में गंभीर संकट हो जाता है, अतिरिक्त बोरवेल से यह समस्या बढ़ जाएगी। कॉलोनी में इस समय करीब लगभग 2500 लोगों की आबादी है, जिसमें अधिकांश वरिष्ठ नागरिक हैं।



बोरवेल की फाइल फोटो।

**वर्ष 2007 में हिमुडा कार्यालय के निकट बना बोरवेल :** पेयजल पूर्ति के उद्देश्य से वर्ष 2007 में हिमुडा कार्यालय के निकट कॉलोनी में स्थापित किया गया था, तब से पूरी कॉलोनी को इसी बोरवेल से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, पर अब इसी बोरवेल के 50 मीटर की दूरी पर पहाड़ी की तरफ आयुर्वेद अस्पताल सोलन के निकट एक अन्य बोरवेल की अनधिकृत ड्रिलिंग हो रही है। इससे लोगों को अंदेशा है कि कॉलोनी की प्यास बुझाने वाले बोरवेल का पानी ड्राई हो जाएगा।

आयुर्वेद अस्पताल के पीछे पहले ही एक और बोरवेल है, ऐसे में अतिरिक्त बोरवेल से वाटर लेवल काफी नीचे चला जाएगा। इससे कॉलोनी का बोरवेल ड्राई हो सकता है। यही कारण है कि स्थानीय लोग बोरवेल की अनधिकृत ड्रिलिंग का विरोध कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### बोरवेल के रखरखाव का जिम्मा नगर निगम का

कॉलोनी के बोरवेल का रखरखाव नगर निगम सोलन द्वारा किया जा रहा है। वहीं, लोगों का आरोप है कि जिस जमीन पर यह अनधिकृत बोरवेल स्थापित किया जाना है, वह नाला प्रदेश सरकार का है। बताया जा रहा है कि माइल्ड स्टील बोरवेल में केसिंग पाइप भी उतारे गए हैं। यह पूरा घटनाक्रम जानबूझकर राजपत्रित छुट्टियों के दौरान किया गया है। स्थानीय निवासी एसके गुप्ता, डीके नैयर, वीपी जसरा और अशोक गुप्ता का आरोप है कि सरकार द्वारा तय किए गए सभी मापदंडों की अनदेखी की गई है और किसी भी तरह की अनुमति नहीं मांगी गई है। यह मामला अधिशाषी अभियंता जल शक्ति के संज्ञान में भी लाया गया, तो पता चला कि विभाग ने भी इसकी अनुमति नहीं दी है, जो कि कॉलोनी वासियों के लिए बेहद चिंता का विषय है।

> कॉलोनी के लोगों ने आयुर्वेद अस्पताल सोलन के निकट बोरवेल ड्रिलिंग का विरोध जताया है। इस मामले को लेकर लोगों ने डीसी को ज्ञापन दिया है। इससे कॉलोनी के लोग प्रभावित होने की आशंका है। प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की गई है।
>
> **-राजीव कौड़ा, पार्षद, नगर निगम सोलन।**

## उद्योगों में किसान आंदोलन के कारण कम हुआ उत्पादन

**बीबीएन।** हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र में स्टील उद्योग में 50 फीसदी उत्पादन कम हो चुका है, जबकि अन्य उद्योगों में भी 25 से 30 फीसदी उत्पादन कम हो गया है। अगर जल्द ही किसान आंदोलन नहीं सुलझा तो कई उद्योगों में आने वाले समय में उत्पादन बंद करने की नौबत आ सकती है। इन उद्योगों में पहले चार घंटे उत्पादन कम किया था, लेकिन अब 10 से 12 घंटे उत्पादन बंद कर दिया है। लघु उद्योग भारती के प्रदेश महासचिव संजीव शर्मा ने बताया कि लोह उद्योग को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है।

बीबीएनआईए के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने बताया कि सभी उद्योग किसान आंदोलन से प्रभावित हुए हैं। अगर जल्द ही यह आंदोलन समाप्त नहीं हुआ, तो उद्योगों को चलाना कठिन हो जाएगा। दूसरी ओर से नालागढ़ ट्रक यूनियन के महासचिव दिनेश कौशल ने कहा कि पिछले पंद्रह दिनों से बीबीएन से दिल्ली कोई भी ट्रक नहीं गया है। इससे ट्रक संचालकों को एक करोड़ से अधिक का कारोबार नहीं हो पाया है। प्रतिदिन 300 तक ट्रक दिल्ली रवाना होते हैं। आंदोलन के चलते कोई भी ट्रक चालक दिल्ली जाने को तैयार नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### मंजयाट में रक्षिता वर्मा चुनी मिस क्युटिपाई



अव्वल छात्राएं पुरस्कारों के साथ।

**अर्की।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंजयाट में जूनियर छात्र-छात्राओं की ओर से स्कूल छोड़कर जाने वाले छात्र-छात्राओं के लिए फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्रधानाचार्य रीता कश्यप रहे। समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया व विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस अवसर पर कशिश मिस फेयरवेल व रक्षिता वर्मा मिस क्युटिपाई चुनी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रीता कश्यप ने छात्रों को उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर जाने-माने व्यक्ति व स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

### गर्भवती महिला की गोदभराई रस्म निभाई




आंगनबाड़ी केंद्र शियुरी में 'वो दिन योजना' के तहत शिविर में हिस्सा लेती महिलाएं।

**अर्की।** बातल पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र शियुरी में पंचायत स्तरीय 'वो दिन योजना' के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वृत्त दो के पर्यवेक्षक राहुल कौशल ने की। कार्यक्रम के दौरान पोषण अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की गोदभराई रस्म निभाई गई। वृत्त पर्यवेक्षक राहुल कौशल ने 1000 सुनहरे दिन के बारे में बताया कि प्रथम 1000 दिन बच्चों के भविष्य को सफल बनाने का एक अनूठा अवसर है। इसमें तीव्र गति से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। इसके साथ ही वो दिन योजना के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके तहत बताया गया कि मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली विभिन्न सावधानियों के प्रति किशोरियों व महिलाओं को जागरूक किया गया। आईसीडीएस की योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुदेश, धनदेई, आंगनवाड़ी सहायिका कांता, आशा वर्कर सुनीता बंसल व सुनीता देवी भी मौजूद रहीं।

### विशेष बच्चों के लिए अध्यापक प्रशिक्षण शिविर



बीआरसी पांवटा साहिब से आयोजित प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे अध्यापक।

**पांवटा साहिब।** बीआरसी पांवटा साहिब में विशेष बच्चों की शिक्षा के लिए तीन दिवसीय अध्यापक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में प्राइमरी और अपर प्राइमरी के सीआरसीसी को विशेष अक्षमता वाले बच्चों की पहचान और सरकार और विभाग की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया जा रहा है। जिन बच्चों को सुनने, देखने, बोलने और समझने में परेशानी होती है, उनके लिए अध्यापक किस तरह की तकनीक अपना कर शिक्षा प्रदान कर सकता है, उस पर जिला सिरमौर के 68 सीआरसी के साथ चर्चा की जा रही है। वहीं, कार्यशाला का शुभारंभ खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी अरुणा शर्मा द्वारा किया गया और स्रोत व्यक्ति मायाराम शर्मा, खत्री राम तोमर, शुभम धीमान, विवेकानंद, बृजेश कुमार, अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। दूसरे दिवस परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा जिला सिरमौर हिमांशु भारद्वाज और आईडी जिला समन्वयक शिवानी थापा, मुनीष ने कार्यशाला में आए सीआरसीसी को संबोधित किया तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के बारे में जानकारी प्रदान की।

### लड़कियों की 1500 मीटर दौड़ में कृतिका प्रथम



पांवटा कॉलेज में एथलेटिक मीट के विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि ।

**पांवटा साहिब।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब में एनुअल एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के कार्यक्रम में पांवटा साहिब के पूर्व विधायक चौधरी किरनेश जंग मुख्यातिथि रहे, जिन्होंने मार्चपास्ट की सलामी ली और खिलाड़ियों ने शपथ ली। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विभव कुमार शुक्ला ने अतिथियों व खिलाड़ियों का औपचारिक स्वागत किया। लड़कियों के वर्ग में 1500 मीटर दौड़ में कृतिका प्रथम, श्यामा दूसरे और निकिता तीसरे स्थान पर रहीं। लड़कों के वर्ग में 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सुमित कुमार प्रथम और अर्जुन दूसरे स्थान पर रहे। शॉटपुट बालक वर्ग में अभिषेक प्रथम, संजय दूसरे और नितेश तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, शॉटपुट बालिका वर्ग में कृतिका शर्मा प्रथम, अमीषा दूसरे और मोनिका तीसरे स्थान पर रहीं। इस दौरान डॉ. विवेक नेगी, डॉ. जगदीश, मोहन चौहान, डॉ. जयचंद शर्मा, शीतल शर्मा, डॉ. पूजा भाटी, दीपा चौहान, नरेश बत्रा, प्रदीप चौहान, शाहरुख खान, मोनू सहित कॉलेज स्टाफ और खिलाड़ी मौजूद रहे।

### हिमांशी मिस फेयरवेल और यशमीन मिस एडोरेबल



डुमैहर स्कूल में विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

**अर्की।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डुमैहर में 12वीं कक्षा के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने शानदार रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए और अपने सीनियर्स को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं, साथ ही उन्हें उपहार भेंट किए। प्रवक्ता विजय भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा सीनियर छात्राओं को सुंदर टाइटल दिए गए तथा रोमांचक टास्क करने को दिए गए। मिस फेयरवेल और मिस एडोरेबल चयन के दौरान छात्राओं में खूब प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। हिमांशी पॉल को मिस फेयरवेल तथा यशमीन को मिस एडोरेबल का ताज मिला। विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा तथा भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विद्यालय परिवार के सभी सदस्य भी मौजूद रहे।

### शिविर में 80 यूनिट रक्त किया एकत्रित



पांवटा साहिब में महादान करते गोसेवक सचिन ओबराय।

**पांवटा साहिब।** हर हर महादेव कावड़ सेवा समिति पांवटा साहिब की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर गीता भवन मंदिर में संपन्न हुआ। बताते चलें कि शुक्रवार को मंदिर हॉल में सुबह 9:30 से शाम चार बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें युवाओं व महिलाओं सहित सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान हर हर महादेव कावड़ सेवा समिति के सदस्यों वैभव गुप्ता, मयंक महावर, हिमांशु मित्तल, साहिल गुप्ता आदि ने बताया कि उनकी समिति द्वारा पांवटा में यह तीसरा रक्तदान शिविर लगाया गया है। इसमें हिमालयन अस्पताल ऋषिकेष उत्तराखंड से आई मेडिकल टीम ने इसे सफल बनाया। इस दौरान युवाओं में खासा उत्साह दिखा और कुल 80 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस दौरान सचिन ओबराय भी मौजूद रहे।

## पुलिस विभाग के पेट्रोल पंप पर आश्रितों को करुणामूलक आधार पर दिया जाएगा कार्य : सीएम

**सोलन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोलन में राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलिस विभाग द्वारा निर्मित किए जा रहे पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि कार्यान्वित होने पर इस पेट्रोल पंप में पुलिस कर्मियों के आश्रितों को करुणामूलक आधार पर कार्य दिया जाएगा। पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू ने इस विषय पर जानकारी दी। मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर, विधायक भोरंज सुरेश कुमार, मुख्यमंत्री के मुख्य आईटी सलाहकार गोकुल बुटेल, ऊना के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिव कुमार, कांग्रेस पार्टी के अन्य पदाधिकारी, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह सहित अन्य अधिकारी तथा गणमान्य इस अवसर पर उपस्थित थे।



पुलिस विभाग द्वारा निर्मित किए जा रहे पेट्रोल पंप का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री सुक्खू।

## डॉ. शांडिल आज सोलन विस क्षेत्र के प्रवास पर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 24 फरवरी को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 24 फरवरी को प्रात: 11 बजे सोलन के ठोडो मैदान में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय ईट राइट मिलेट मेला की अध्यक्षता करेंगे।




स्वास्थ्य मंत्री तदोपरांत दिन में एक बजे कंडाघाट स्थित राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे। डॉ. शांडिल तत्पश्चात सायं 3.30 बजे कंडाघाट उपमंडल के साधुपुल में अश्वनी खड्ड के दोनों किनारों पर बाढ़ सुरक्षा एवं तटीकरण कार्य की आधारशिला रखेंगे।

## खेल मैदान की राशि सरकार की ओर से वापस लेने पर सुण गांववासियों में आक्रोश

**अनंत ज्ञान, अर्की**

ग्राम विकास समिति सुण के सचिव संजीव कुमार ने सरकार व विकास खंड नालागढ़ की कार्यशैली पर आरोप लगाया है कि अर्की के वर्तमान विधायक एवं सीपीएस संजय अवस्थी से सुण गांव में बनने वाले खेल मैदान निर्माण कार्य के लिए ग्राम विकास समिति सुण एवं सुण गांववासियों ने सहयोग राशि की मांग की थी। इस पर संजय अवस्थी द्वारा उन्हें डेढ़ लाख रुपए की सहयोग राशि प्रदान की गई परंतु यह राशि लग पंचायत में खर्च होने से पूर्व ही विकास खंड नालागढ़ के माध्यम से पुन: प्रदेश सरकार ने वापस ले ली।

सरकार व विभाग के इस कृत्य से समिति व गांव वासियों में गहरा रोष व्याप्त है। गांव वासियों का कहना है की इसमें ग्राम विकास समिति सुण एवं सुण गांववासियों का क्या कसूर है। जब सरकार अपनी सरकार में नियुक्त राज्यमंत्री के पद के समकक्ष पदाधिकारी द्वारा घोषित राशि या आदेश को खारिज कर घोषणा करने वाले माननीय का अपमान कर सकती है, तो आम जनता की सुनवाई कहा करेगी।



अर्की के सुण में खेल मैदान निर्माण के लिए चिन्हित जमीन।

प्रदेश सरकार पंचायत लग और सुण गांववासियों के साथ ऐसा सौतेला व्यवहार क्यों कर रही है। उनका कहना है कि विकास खंड नालागढ़ की ओर से सीपीएस व विधायक अर्की के द्वारा दी गई राशि को वापस लेने की जानकारी पंचायत लग व गांव विकास समिति सुण को नहीं दी गई। गांव विकास समिति सुण के सचिव संजीव कुमार ने बताया कि गांववासियों की जिस स्थान पर खेल मैदान बना रहे है, वहां गांव विकास समिति सुण एवं सुण गांव वासियों द्वारा दो बीघा जमीन खेल मैदान के नाम पर वर्ष 2020 में करवा दी गई थी, ताकि भविष्य में सरकार से फंड मिलने से संबंधित या फंड खर्च करने में कोई परेशानी न हो, लेकिन गांव विकास समिति सुण के पास पर्याप्त फंड न होने की वजह से समिति इस खेल मैदान के लिए चिन्हित स्थान पर खेल मैदान का निर्माण कार्य करवाने में असमर्थ है। उन्होंने अर्की के वर्तमान विधायक और सीपीएस संजय अवस्थी से पुन: इस खेल मैदान के लिए अधिक से अधिक सहयोग राशि की मांग की है।

## शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर्स ने बिना रूट परमिट से ऑटो चलाने का किया विरोध



सोलन में शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर बगैर रूट परमिट से ऑटो चलाने का विरोध करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर्स ने शहर में बगैर रूट परमिट से ऑटो चलने वाले ऑटो रिक्शा का कड़ा विरोध दर्ज कराया है। शुक्रवार को दिन भर ऑटो के पहिये थमे रहे। कुछ ऑटो चालकों में शुक्रवार को बगैर रूट परमिट के ऑटो चलने पर आपस में बहसबाजी हुई, जिससे माहौल गर्मा गया। इससे नाराज स्थानीय ऑटो चालकों ने दिन भर अपने ऑटो नहीं चलाए और सभी आरटीओ कार्यालय पहुंचे और आरटीओ को अपनी समस्या बताई और उसका समाधान करने का आग्रह किया।

ऑटो चालकों का कहना है कि इसी तरह सोलन शहर में बिना रूट परमिट के ऑटो रिक्शा नगर में धड़ल्ले से चल रहे हैं, जब उनको कुछ ऑटो रिक्शा चालकों ने रोका तो वे ऑटो चालक यूनियन के सदस्यों को डराने-धमकाने लग गए। यूनियन के सभी सदस्यों ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से कहा कि जब तक हमारी समस्या का हल नहीं होता है, तब तक हम अपने ऑटो नहीं चलाएंगे। ऑटो यूनियन के प्रधान धर्मपाल ठाकुर ने कहा कि नए लोगों को जो परमिट मिले हैं, वे लोग न तो यूनियन के सदस्य हैं और न ही यूनियन में उनका किसी तरह का रजिस्ट्रेशन है। वह मनमाने तरीके से सोलन शहर में ऑटो चला रहे हैं, जो जायज नहीं है।

> **कहा-जब तक उनकी समस्या हल नहीं होती है, तब तक नहीं चलाएंगे ऑटो**

## किसानों पर अत्याचार कर रही केंद्र सरकार : किसान यूनियन

**बीबीएन।** नालागढ़ में भारतीय किसान यूनियन प्रदेश इकाई ने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग की गई। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश इकाई के महासचिव सर्वजीत सिंह, जिला अध्यक्ष सुरमुख सिंह, गुरचरण सिंह चन्नी, परमजीत सिंह, गुरदयाल सिंह, महेंद्र सिंह, दर्शन सिंह, यशवंत सिंह, जगतार सिंह के नेतृत्व में किसान नालागढ़ के रेस्ट हाउस में एकत्रित हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों को कहना है कि किसान शांतिपूर्वक ढंग से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार उन पर अत्याचार कर रही है।

वहीं, नालागढ़ इकाई ने चेतावनी दी है कि सरकार किसानों के ऊपर अत्याचार बंद करे, अन्यथा किसान आंदोलन को और तेज करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी।



नालागढ़ में प्रदर्शन करते किसान यूनियन के पदाधिकारी।

**आयोजन** नौणी विश्वविद्यालय में सब्जियों पर 21 दिवसीय उन्नत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का समापन

## पोषण सुरक्षा में सब्जियों की भूमिका अहम : डॉ. चौहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के सब्जी विज्ञान विभाग में 'बागवानी में उन्नत संकाय प्रशिक्षण केंद्र' ने देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों के 17 वैज्ञानिकों के लिए 'विविध सब्जी उत्पादन के माध्यम से पोषण सुरक्षा' विषय पर 21 दिवसीय का राष्ट्रीय स्तर के उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस प्रशिक्षण को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित किया गया। समापन सत्र में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अनुसंधान निदेशक और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संजीव चौहान ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के गरीबी मुक्त, शून्य भुखमरी और अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के सतत विकास लक्ष्यों को साकार करने के लिए सब्जियां की भूमिका महत्वपूर्ण है।



प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

उन्होंने कहा कि सब्जियां आहार का एक अभिन्न अंग हैं और हमारी पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक हैं। विशिष्ट अतिथि और हॉर्टिकल्चर कॉलेज के पूर्व डीन डॉ. उमेश कुमार कोहली ने फसलों के विविधीकरण में सब्जियों की भूमिका और कुछ सब्जियों की किस्मों के बड़े पैमाने पर प्रसार में आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला। दोनों वक्ताओं ने उच्च पोषण मूल्यों के साथ विविध सब्जी उत्पादन के लिए सब्जियों की सफल प्रौद्योगिकियों और किस्मों को विकसित करने के लिए भविष्य की रणनीतियों की रूपरेखा तैयार करने की बात की।

## सिरमौर जिले के टोल यूनिट 29.45 करोड़ में नीलाम




जिला सिरमौर की चारों टोल इकाइयों की नीलामी में उपस्थित अधिकारी।

**नाहन।** सिरमौर जिले की चारों टोल इकाइयों की नीलामी 29 करोड़ 45 लाख रुपए में हुई। पिछले साल की तुलना में यह बोली लगभग 23 प्रतिशत अधिक रही। नीलामी की प्रक्रिया कल दोपहर एक बजे आरंभ होकर देर सायं तक चली। कालाअंब तथा मीनस यूनिट जगजीत सिंह को गई, जबकि विनोद मलिक को बहराल तथा स्काईलार्क इंफ्रास्ट्रक्चर ने गोविंद घाट यूनिट काबिज की। जिला दंडाधिकारी सुमित खिमटा की देख-रेख में यह नीलामी की गई। चारों यूनिट का आरक्षित मूल्य 26 करोड़ 14 लाख 42 हजार 611 रुपए निर्धारित किया गया था। इस दौरान अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस नेता ने लोस चुनाव के लिए पेश की दावेदारी



पांवटा साहिब में पत्रकार वार्ता करते यशपाल तनाईक।

**पांवटा साहिब।** चौपाल से संबंध रखने वाले यशपाल तनाईक ने भी शुक्रवार को पांवटा में पत्रकार वार्ता कर लोकसभा चुनाव की दावेदारी पेश की है। यशपाल तनाईक हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी के महासचिव हैं और वह लगभग 25 वर्षों से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हैं। इसके साथ ही उन्हें प्रदेश कांग्रेस की ओर से जिला सिरमौर का प्रभारी भी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग का ध्यान रखते हुए कार्य कर रही है। इस दौरान महेश कोहली आदि मौजूद रहे।

## सोलन में पेयजल किल्लत, मंत्री कर रहे वाटर कूलर का उद्घाटन : भरत साहनी



सोलन में जिला महामंत्री भरत साहनी पत्रकार वार्ता करते हुए।

**सोलन।** शहर में पानी की किल्लत को लेकर भाजपा जिला महामंत्री भरत साहनी ने प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री पर हमला बोला है। उन्होंने पत्रकारवार्ता में कहा कि शहर में सप्ताह में एक बार पानी मिल रहा है और स्वास्थ्य मंत्री सोलन में आकर वाटर कूलर का उद्घाटन कर रहे हैं, जबकि उन्हें शहरवासियों की चिंता करनी चाहिए। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी संजीव मोहन, जिलाध्यक्ष भाजयुमों भूपेंद्र ठाकुर, नेहा सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## भाजपा ने कांग्रेस के लिए किया सद्बुद्धि यज्ञ

**नाहन।** दो मंजिला पार्किंग की उद्घाटन पट्टिका तोड़ने को लेकर नाहन भाजपा ने नाराजगी व्यक्त की है। यही नहीं जिला भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम पुंडीर सहित भाजपा समर्थित पार्षदों के द्वारा बड़ा चौक नाहन में कांग्रेस को सद्बुद्धि देने के लिए यज्ञ का भी आयोजन किया गया। विनय गुप्ता ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पूर्व में किए गए भाजपा सरकार के कार्यों का श्रेय लेने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि 21 फरवरी को इस दो मंजिल पार्किंग का नगर परिषद की अध्यक्ष श्याम पुंडीर के द्वारा उद्घाटन किया गया था। विनय गुप्ता ने कहा कि कांग्रेसी पार्षद को नगर परिषद की पार्किंग में उन्हीं की अध्यक्ष के द्वारा उद्घाटन किया जाना नागवारा गुजरा। गुप्ता ने आरोप लगाते हुए कहा कि उद्घाटन के कुछ ही देर बाद कांग्रेसी पार्षद तथा कुछ पुलिस कर्मियों के द्वारा उद्घाटन पट्टिका को उखाड़ दिया गया। विनय गुप्ता ने कहा कि यह सब कांग्रेस के विधायक के द्वारा प्रशासन पर दबाव डालकर किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस कृत्य की निंदा करती है।

## नाहन शहर में कीमती लोहे की ग्रिलों की हो रही चोरी

**नाहन।** नाहन शहर के कई भागों में लोहे की सुंदर ग्रिलें लगाई गई थीं, जो पिछले कुछ समय से कई स्थानों से चोरी हो रही हैं। ये ग्रिलें काफी मूल्यवान हैं, जिन का मूल्य लाखों में आंका जा सकता है। इन कीमती ग्रिलों को कौन चुरा रहा है, इस बारे प्रशासन की ओर से पूलिंग में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है, जिसका केस न्यायालय में चला हुआ है। गुन्नुघाट पुलिस चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक चोरी के सारे केस का मामला न्यायालय में चल रहा है, जिस बारे फैसले का इंतजार किया जा रहा है।

## अर्की में पेन डाउन हड़ताल से मरीज परेशान

**सोलन।** एनपीए सहित अन्य मांगें पूरी न होने पर शुक्रवार को भी सिविल अस्पताल अर्की में चौथे दिन डॉक्टरों की पेन डाउन हड़ताल जारी रही। इससे अस्पताल में मरीज बेहाल रहे और ओपीडी के बाहर भटकते रहे। डॉ. सुबह साढ़े नौ बजे से 12 बजे तक ओपीडी में नहीं बैठे। हालांकि 12 बजे के बाद रोगियों का इलाज शुरू कर दिया गया, जबकि आपातकालीन सेवाएं जारी रहीं। एमओ अर्की डॉ. हितेंद्र शर्मा ने कहा कि पेन डाउन स्ट्राइक के बावजूद आपातकालीन सेवाएं जारी रखी गईं।

## लोस चुनाव में पेड न्यूज पर रहेगी नजर : डीसी

**नाहन।** चुनाव आयोग के निर्देशों पर लोकसभा चुनाव-2024 में पेड न्यूज पर नजर रखने के लिए जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन व मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया गया है। यह कमेटी आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होते ही अपना कार्य शुरू कर देगी। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिरमौर सुमित खिमटा ने यह जानकारी शुक्रवार को नाहन में आयोजित एमसीएमसी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

## अरिहंत स्कूल में मनाई संत रविदास जयंती

**नाहन।** अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल में रविदास जयंती के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। प्रार्थना सभा के दौरान छात्रों ने निर्गुण भक्त कवि रविदास की वाणी को सुना व उनके शबद भी गुनगुनाए। स्कूल की निर्देशिका एवं प्रधानाचार्या दविंद्र साहनी ने छात्रों से रविदास की शिक्षाओं से संबंधित प्रश्न भी पूछे व छात्रों को पुरस्कृत किया। अध्यक्ष अनिल जैन एवं उपाध्यक्ष सचिन जैन ने मानवीय गुणों को ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## बांध में पक्षी कम पहुंचने पर पर्यावरण प्रेमी मिल्खी राम शर्मा ने जड़े आरोप; बोले- 30 हजार प्रवासी पक्षियों का हुआ शिकार

# प्रतिबंध के बावजूद कैसे हुई पौंग बांध में खेती?

**अनिल छांगू, जवाली**

अनंत ज्ञान स्पैशल

पौंग झील में इस बार प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा शून्य रही तथा अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हुए इस बार पौंग झील में पिछले सालों की तुलना में प्रवासी पक्षी कम आए हैं। पौंग झील में आने वाले प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा के लिए वन्य प्राणी विभाग का गठन करके जिम्मा सौंपा गया तथा झील किनारे अवैध खेती पर प्रतिबंध लगा दिया गया ताकि प्रवासी पक्षी झील से बाहर निकलकर खुली जमीन में भी घूम सकें।

पौंग झील में आने वाले कुछेक प्रजाति के पक्षी झील में ही रहना पसंद करते हैं जबकि अधिकतर पक्षी झील के बाहर खुली जमीन में घूमना पसंद करते हैं। जब से वन्य प्राणी विभाग ने झील किनारे हो रही खेती को सख्ती से बंद करवाया था तब से झील में ज्यादा पक्षी आ रहे थे। लेकिन इस बार झील किनारे होने वाली खेती को बंद नहीं करवाया गया। इस कारण झील में गत वर्ष की तुलना में कम पक्षी आए। झील किनारे खेती करने वालों ने खेती को प्रवासी पक्षियों से बचाने के लिए बाड़बंदी की थी तो वहीं जाल या डोरियां लगाकर रखी थीं। इन डोरियों व जालों में प्रवासी पक्षी फंस रहे थे और उनका शिकार कर लिया जाता रहा। इसके अलावा झील किनारे हुई खेती में कीटनाशक डालकर प्रवासी पक्षियों का शिकार होता रहा लेकिन वन्य प्राणी विभाग मूकदर्शक बना रहा। वन्य प्राणी विभाग ने इस बार खेती करने वालों पर कोई शिकंजा नहीं कसा तथा मिलीभगत से कुछेक चालान काटकर खानापूर्ति की गई। हालांकि इस बार खेती करने वालों को राजनीतिक संरक्षण भी रहा जिसके दबाव में वन्य प्राणी विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। (अनंत ज्ञान)


पौंग बांध में हर जगह बिखरे पड़े पक्षियों के पंख।


पौंग बांध पर मरा पड़ा प्रवासी पक्षी।


पक्षियों के पंख दिखाते मिल्खी राम शर्मा।

### कैसे खेतों में जाल लगाए गए

**पर्यावरण** प्रेमी मिल्खी राम शर्मा ने कहा कि झील में इस बार तापमान 19 डिग्री से कम होने का हवाला देकर गत वर्ष की तुलना में करीबन 30 हजार पक्षी कम आने की बात वन्य प्राणी विभाग बोल रहा है लेकिन ऐसा नहीं है। मिल्खी राम शर्मा ने कहा कि तथ्यों अनुसार करीबन 30 हजार प्रवासी पक्षियों का शिकार हो गया है। उन्होंने कहा कि जब झील किनारे खेती करना प्रतिबंधित है तो फिर खेती कैसे हो गई और खेतों में जाल कैसे लगाए गए। उन्होंने कहा कि वन्य प्राणी विभाग की मिलीभगत व राजनीतिक दबाव में प्रतिबंध के बावजूद खेती की गई है।

### फसल को काटने नहीं देंगे

**डीएफओ** हमीरपुर रेजीनोड रॉयस्टोन ने कहा कि इस बार झील में कम पक्षी पहुंचे है। जिसका कारण तापमान है। विभाग ने प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए हैं। उन्होंने कहा कि झील किनारे हुई खेती को काटने नहीं दिया जाएगा। झील किनारे के सभी रास्तों को खोला जाएगा व बाड़ इत्यादि हटा दिए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सनातन धर्म स्कूल के बच्चों को बांटे टूथपेस्ट

**धर्मशाला।** इनर व्हील क्लब सिविल लाइन धर्मशाला ने सनातन धर्म स्कूल में कचरा प्रबंधन को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें मिस बॉबी ने बच्चों को जागरूक किया। डॉक्टर रितु ने बच्चों को दांतों की साफ-सफाई आदि के बारे में अवगत करवाया। क्लब ने स्कूल को दो डस्टबिन व बच्चों को टूथ पेस्ट वितरित किए। इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष नीलू महाजन, अनीता बत्सल, रेखा दत्ता, रजनी महाजन, कांति सूद, पूनम कंवर व संतोष शर्मा आदि मौजूद रहे।

### टंग नरवाणा में निकाली विशाल शोभायात्रा

**योल।** धर्मशाला मंडल के अंतर्गत टंग नरवाना के गुरु रविदास मंदिर में गुरु रविदास की जयंती के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा नेता राकेश चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में टंग पंचायत के काफी लोगों ने भाग लिया। इससे पहले अटूट लंगर का भी प्रबंध किया गया था। इसका सभी भक्तों ने प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया कार्यक्रम को सफल बनाने में टंग के राजकुमार प्रीतम चंद, मनोहर लाल, प्रकाश चंद, जगत राम, करतार चंद, रविंद्र आदि का काफी सहयोग रहा। शोभायात्रा में शामिल भाजपा नेता राकेश चौधरी ने कहा कि गुरु रविदास महान संत एक कवि थे और वे हमेशा भेदभाव को समाप्त करने के लिए लड़ते रहें है और हमें भी उनके विचारों को आदर्श मानकर आगे बढ़ना चाहिए।

### पंचरुखी में गुरु रविदास जयंती पर्व की धूम

**पंचरुखी।** गुरु रविदास जयंती पर्व के शुभ मौके पर गुरु रविदास सभा झेनु (पंचरुखी) ने भव्य शोभा यात्रा निकाली। सभा के प्रधान पूर्ण चंद ने बताया कि इस शुभ अवसर पर गुरु रविदास सभा द्वारा हर वर्ष शोभा यात्रा निकाली जाती है। शुक्रवार को महेनू में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इस शोभा यात्रा में पूर्व प्रधान चैन सिंह, पूर्व प्रधान हरि राम, पूर्व प्रधान रविंद्र कुमार, रमेश गुड्डू, मोहन सिंह, महिला मंडल प्रधान अनु देवी सहित सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया।

### गदियाड़ा पंचायत में प्रधान पद का उपचुनाव कल

**पंचरुखी।** हिमाचल प्रदेश में 25 फरवरी को पंचायतों में उपचुनाव करवाए जा रहे हैं। जिला कांगड़ा के पंचरुखी ब्लॉक की गदियाड़ा पंचायत में भी प्रधान पद के लिए चुनाव करवाया जा रहा है। गदियाड़ा पंचायत महिला आरक्षित होने के चलते चार महिला उम्मीदवारों ने अपना नामांकन भरा है। इसमें गदियाड़ा पंचायत में वार्ड सदस्य प्रेम लता ने भी अपना नामांकन दर्ज किया है। गाडियाड़ा पंचायत काफी बड़ी पंचायत है, जिसमें नौ वार्ड है तथा लगभग 1900 के करीब वोटर हैं। इस पंचायत की पूर्व प्रधान सरिता देवी की आकस्मिक मृत्यु के कारण यहां उपचुनाव करवाए जा रहें हैं। क्योंकि हिमाचल में पंचायतों को बने हुए लगभग सवा तीन वर्ष हो गए हैं। पंचायत चुनावों के लिए लगभग पौने दो वर्ष शेष बचे है।

### पायल मिस एंड साहिल बने मिस्टर फेयरवेल

**पंचरुखी।** हिम साई ज्योति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल तिनबड़ में 12वीं कक्षा के छात्र छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस विदाई समारोह में पायल को मिस फेयरवेल तथा साहिल को मिस्टर फेयरवेल तथा प्रीति को मिस पर्सनल्टी चुना गया। स्कूल की प्रिंसिपल रितु शर्मा व स्कूल के चेयरमैन वी. हेम राज मरैना ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी।

### रक्कड़ हेलिपैड के लिए 13 करोड़ स्वीकृत

**धर्मशाला।** धर्मशाला स्थित रक्कड़ में हेलिपोर्ट निर्माण के लिए उड़ान योजना में 13 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हुई है। यह जानकारी धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने साझा करते हुए बताया कि हेलिपैड को पर्यटन की दृष्टि से सुदृढ़ बनाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक पर्यटक धर्मशाला पहुंच सकें। रक्कड़ हेलिपैड के जीर्णोद्धार से धर्मशाला के लिए अधिक उड़ाने भरी जा सकेंगी और पर्यटकों का सफर भी आसान होगा।

### धर्मशाला में 26 को यहां-यहां बंद रहेगी बिजली

**धर्मशाला।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल-एक, रमन भरमौरिया ने बताया कि 11 के.वी. कोतवाली फीडर की विद्युत लाइनों की शिफ्टिंग और स्मार्ट सिटी कार्यों के चलते कोतवाली बाजार, खनियारा रोड, टीसीवी, रामनगर, शिव विहार, गमरू, खजांची मोहल्ला, तिब्बतन लाइब्रेरी, तिब्बतन चिकित्सालय पुराना चड़ी मार्ग, डीसी आवास, दाड़नू के कुछ क्षेत्र तथा साथ लगते इलाकों में 26 फरवरी को प्रातः दस से सायं पांच बजे तक अथवा कार्य की समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने की वजह से पूर्व में 19 फरवरी को निर्धारित यह कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका था।

### ट्रांसमिशन लाइन व टावरों के पास न जाएं लोग

**कांगड़ा।** एचपीपीटीसीएल विद्युत उपकेंद्र पड्डी से एचपीपीटीसीएल देहरा तथा बस्सी विद्युत उपकेंद्रों की ट्रांसमिशन से जोड़ने वाली 1/2 केवी डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन 125 किलोमीटर बन कर तैयार हो गई है। यह लाइन गांव पलाहू बघेड़ उपतहसील पंचरुखी पालमपुर से गुजरती है। यह लाइन 26 फरवरी को शाम पांच बजे के बाद चालू कर दी जाएगी तथा इस पर 1/2 केवी विद्युत प्रवाह शुरू हो जाएगी। एचपीपीटीसीएल ने लोगों से आग्रह किया है कि वे ट्रांसमिशन लाइन व टावरों के ईर्द गिर्द न जाएं और इनसे उचित दूरी बनाए रखें। इस दौरान किसी भी पालतू जानवर को इसके पास न जाने दें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। यह जानकारी एचपीपीटीसीएल पीआईयू के वरिष्ठ प्रबंधक ई संदीप कुमार ने दी।

### 25 को सड़क का शिलान्यास करेंगे मंत्री गोमा



**पंचरुखी।** आयुष, युवा सेवाएं, खेल व कानून मंत्री यादविंद्र गोमा 25 फरवरी को पंचरुखी के धार क्षेत्र की पंचायत मझेड़ा के लूटट (चिलां दी खोली) में सड़क की आधारशिला रखेंगे। जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रताप सिंह प्राकम ने बताया कि मंत्री रविवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे सड़क की आधारशिला रखेंगे। उसके बाद राजकीय मिडल पाठशाला लूटट में जनसभा को संबोधित करेंगे। उपाध्यक्ष ने क्षेत्र की जनता से अनुरोध किया है कि भारी संख्या में जनसभा में पहुंच कर मंत्री के विचार सुने तथा इलाके की जो भी समस्याएं हैं उनके बारे में मंत्री को अवगत करवाएं।

### नौ मार्च को आयोजित होगी लोक अदालत

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के सभी न्यायालयों में नौ मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा अजय मेहता ने दी। उन्होंने बताया की लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौतों के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, चेक बाउंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामलों आदि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त लोक अदालत में सड़क दुर्घटना में क्लेम, घरेलू हिंसा विवाद व वैवाहिक विवाद आदि के मामलों का भी निपटारा किया जाएगा।



गगल। संत गुरु रविदास के भक्तों द्वारा आज उनकी पावन जयंती के उपलक्ष्य पर इलाके में धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली गई इस अवसर पर रागी जत्थों द्वारा शबद-कीर्तन किया गया। महासभा कांगड़ा मंडल इकाई के अध्यक्ष कमल सरोच ने बताया के शुक्रवार को रविदास जयंती पर इलाके में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई यह शोभा यात्रा इच्छी से शुरू होकर गगल चौक से होते हुए कांगड़ा तहसील तक और वहां से खोली तक निकाली गई।

### जिले की 17 विधवा महिलाओं को मिला योजना का लाभ

**धर्मशाला।** जीवन साथी खो चुकी विधवा महिलाओं की नीरस एवं चुनौतीपूर्ण हो चुकी जिंदगी में प्रदेश सरकार की योजनाएं रंग भर रही हैं। प्रदेश सरकार की विधवा पुर्नविवाह सहयोग संबल योजना विधवाओं के जीवन को संवारने में अहम भूमिका निभा रही है। महिला उत्थान के तहत जिला कांगड़ा में विधवा पुर्नविवाह के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग ने उत्कृष्ट कार्य किया है। जीवन साथी को खो देने के बाद महिलाओं पर आने वाले सामाजिक एवं आर्थिक संकटो को पीड़ित महिला ही समझ सकती है। प्रदेश सरकार की विधवा पुर्नविवाह सहयोग योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में महिला एवं बाल विकास विभाग के पास आए 17 मामलों में विधवाओं के पुर्नविवाह में सहयोग किया गया है। उक्त योजना के तहत संबंधित विभाग ने जिला भर में कुल 9,25,000 रुपए योजना के तहत आवंटित किए हैं। विभाग के पास कुल मामलों में बैजनाथ, भवारना, देहरा, धर्मशाला, फतेहपुर, इंदौरा, लंबागांव, नगरोटा बगवां, पंचरुखी व रैत के तहत एक-एक मामला सामने आया। इसके अतिरिक्त नगरोटा सूरियां व नूरपुर के तहत दो-दो मामले और परागपुर से कुल तीन मामले विभाग के पास आए।

## मुफ्त नहीं होगी एडवर्टाइजमेंट, होर्डिंग्स लगाने के बदले पैसे लेगा नगर निगम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

नगर निगम धर्मशाला के क्षेत्र में यहां-वहां लटके होर्डिंग्स से जहां शहर की सुंदरता पर असर पड़ता है तो वहीं तेज हवाओं तथा तूफान चलने के दौरान ये होर्डिंग्स किसी को चोटिल भी कर सकते हैं। वहीं, अब नगर निगम इसको लेकर कदम उठाने की तैयारी कर रही है।

इससे जहां होर्डिंग्स को ढंग से लगाया जाएगा तथा इनको लगाने की एवं में संबधित फर्मों से शुल्क भी वसूला जाएगा। नगर निगम के आयुक्त जफर इकबाल का कहना है कि निगम को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। शहर में होर्डिंग्स लगाने को आमदनी का जरिया बनाया जाएगा और बेतरतीब होर्डिंग्स लगाकर शहर को भद्दा नहीं बनने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम में लोगों को बेहतर सुविधा देने तथा पर्यटन केंद्र होने के कारण यहां होर्डिंग्स के माध्यम से अपनी मशहूरी करने वाली कंपनियों से शुल्क लिया जाएगा तथा इसको लेकर जल्द ही ठोस निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम के बेहतर प्रबंधन के लिए आय के स्त्रोत बनाना अहम है तथा इसी कड़ी में ये कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पैसे का उपयोग निगम के तहत क्षेत्रों में दी जानी वाली सुविधाओं पर खर्च होगा। इससे बेतरतीब ढंग से लगाए जाने वाले होर्डिंग्स से भी शहर को निजात मिलेगी तो वहीं व्यवस्थित ढंग से लगाए जाने वाले होर्डिंग्स से शहर भी सुंदर दिखेगा। यहां बताते चलें कि सोलन में नगर निगम आयुक्त के रूप में सेवाएं देने के बाद अब धर्मशाला में तैनात हुए युवा अफसर जफर इकबाल के अनुसार शहर को सुंदर बनाने के लिए विजन के साथ रोडमैप की भी जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि देश के 100 शहरों में शुमार स्मार्ट सिटी धर्मशाला को पर्यटन की दृष्टि से ओर भी व्यवस्थित करने तथा राजस्व जुटा कर सुविधाओं पर खर्च करने की जरूरत है।

### आमदनी का बनाया जाएगा जरिया

**नगर** निगम के आयुक्त जफर इकबाल का कहना है कि निगम को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। शहर में होर्डिंग्स लगाने को आमदनी का जरिया बनाया जाएगा और बेतरतीब होर्डिंग्स लगाकर शहर को भद्दा नहीं बनने दिया जाएगा।

## एग्जीक्यूटिव व ऑपरेटर्स के नौ पदों के लिए होंगे इंटरव्यू, ऑनलाइन मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी आकाश राणा ने बताया कि मेसर्स इअन मैकलोड डिस्टिलर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पंडोगा। जिला ऊना द्वारा एग्जीक्यूटिव व ऑपरेटर नौ पद क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय धर्मशाला को अधिसूचित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि एग्जीक्यूटिव के पद के लिए अभ्यर्थी अल्कोहल टेक्नोलॉजी में स्नातक, स्नातकोत्तर होने के साथ पांच वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है।

वहीं, ऑपरेटर के लिए केमिस्ट्री में स्नातक तथा मॉल स्पिरिट में पांच साल का कार्य अनुभव होना जरूरी है। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थी को कंपनी द्वारा एग्जीक्यूटिव के लिए 40 हजार व ऑपरेटर के लिए 25 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 9417940936 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों और पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 28 फरवरी को क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय धर्मशाला में सुबह 11 बजे साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं। इसके लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता व अन्य देय नहीं दिया जाएगा।



### इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार में ले सकते हैं भाग

**रोजगार** अधिकारी ने बताया कि इच्छुक आवेदकों को साक्षात्कार में भाग लेने से पूर्व ईईएमआईएस डॉट एचपी डॉट एनआईसी डॉट आईएन पर जाकर आवेदन करना होगा। आवेदन के लिए उक्त वेबसाइट पर अपनी ई-मेल या मोबाइल नंबर से लॉगइन करने के बाद अपने डैशबोर्ड में दिख रही मेसर्स इअन मैकलोड डिस्टिलर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की रिक्तियों के लिए आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद ही साक्षात्कार में भाग लिया जा सकता है।

## जज विवेक ठाकुर ने जांची साइट

**जयसिंहपुर।** प्रदेश उच्च न्यायालय के जज विवेक ठाकुर ने जयसिंहपुर में बनने वाले सब जज कोर्ट के लिए प्रस्तावित जमीन देखी। इस अवसर पर उनके साथ रजिस्ट्रार विजिलेंस आरके चौधरी व एसडीएम जयसिंहपुर संजीव ठाकुर भी मौजूद रहे। सुबह आशापुरी माता के मंदिर में शीश नवाने के बाद विवेक ठाकुर जयसिंहपुर पहुंचे। उन्होंने जयसिंहपुर चौगान के साथ तहसील भवन में अभी चल रहे सब जज कोर्ट का भी दौरा किया और बार एसोसिएशन जयसिंहपुर के सदस्यों से भी मुलाकात की। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद मेहता व सदस्यों ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस के उपरांत जज विवेक ठाकुर ने शीतला माता मंदिर के पिछे सब जज कोर्ट के लिए प्रस्तावित जमीन को देखा।

## डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर में छात्रों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, गरली**

डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर मे शुक्रवार को विदाई समारोह के उपलक्ष्य पर एक यादगार ढंग से फेयरबेल पार्टी का शानदार आयोजन किया गया।

स्कूल हैडमास्टर ओम प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता मे आयोजित हुए इस विदाई समारोह मे शिक्षक स्टाफ विशेष तौर पर मौजूद रहा। वहीं, इस दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक रगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विदाई पार्टी का मुख्य आकर्षक मिस फेयरवेल और मिस फेयरवेल रहे। इसमें दसवीं कक्षा की छात्रा शिवागी मिस फेयरवेल और रितिक मिस्टर फेयरवेल चुने गए। वहीं, विदाई पार्टी के अंत में हैडमास्टर ओम प्रकाश शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही सभ्य नागरिक बनकर राष्ट्र की सेवा करता है।

उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके मंगल की कामना की।


कार्यक्रम के दौरान छात्रों के साथ मौजूद स्कूल का स्टाफ।



गगल। जगोरी संस्था ने विकास खंड कांगड़ा की ग्राम पंचायत इच्छी के निविया पैलेस में बैठक का आयोजन किया। इसमें विकास खंड कांगड़ा के सात पंचायतों के चालीस व्यस्कों और किशोर किशोरियों ने भाग लिया। इस दौरान लोगों को कानूनों के बारे में जागरूक किया। साथ ही अगस्त महीने में भारी बारिश से प्रभावित परिवारों के दस बच्चों को स्कूल बैग और जूते प्रदान किए।

## नौकरी चाहिए तो 29 को आएं बड़ोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी आकाश राणा ने बताया कि पायनियर एम्ब्रोइडीज लिमिटेड, काला अंब जिला सिरमौर द्वारा ट्रेनी, ट्रेनी सुपरवाइजर व कॉप्स वाइंडिंग ऑपरेटर के 300 पद उपनिदेशक रोजगार हिमाचल प्रदेश, शिमला को अधिसूचित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ 29 फरवरी को उपरोजगार कार्यालय बड़ोह में सुबह 10:30 बजे पहुंचकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। वहीं, रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक आवेदकों को साक्षात्कार में भाग लेने से पूर्व ईईएमआईएस डॉट एचपी डॉट एनआईसी डॉट आईएन पर जाकर आवेदन करना होगा। आवेदन के लिए उक्त वेबसाइट पर अपनी ई-मेल से लॉगइन करने के बाद अपने डैशबोर्ड में दिख रही पायनियर एम्ब्रोइडीज लिमिटेड की रिक्तियों के लिए आवेदन करना होगा।

ऑनलाइन आवेदन के बाद ही साक्षात्कार में भाग लिया जा सकता है। वहीं, क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी आकाश राणा ने बताया कि 300 पदों पर साक्षात्कार लिए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार में भाग ले सकते है।

### ये रहेगी योग्यता

**क्षेत्रीय** रोजगार अधिकारी ने बताया कि ट्रेनी के लिए शैक्षणिक योग्यता आठवीं, ट्रेनी सुपरवाइजर के लिए स्नातक के साथ टेक्सटाइल लाइन में डिप्लोमा व कॉप्स वाइंडिंग ऑपरेटर के लिए दसवीं पास रखी गई है। आयु सीमा 18 से 40 वर्ष रहेगी। उन्होंने बताया कि चयनित उम्मीदवारों को कंपनी द्वारा 11 हजार 250 रुपए से 15 हजार रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9355802045 पर संपर्क किया जा सकता है।

## बच्चों को घर द्वार पर मिलेगा ओआरएस का घोल : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री बाल पोषण योजना के तहत कांगड़ा जिला में 14 मार्च से लेकर 27 मार्च तक सघन दस्त पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इसमें पांच वर्ष से कम आयु के लगभग 98000 बच्चों को घर द्वार पर ओआरएस घोल तथा जिंक की टैबलेट्स वितरित की जाएंगी।

यह जानकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने उपायुक्त कार्यालय परिसर में सघन दस्त पखवाड़ा के आयोजन की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि दस्त रोग बच्चों के लिए एक जानलेवा बीमारी है तथा इसी की रोकथाम तथा जागरूकता के लिए सघन दस्त पखवाड़ा मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि पहला पखवाड़ा दिवस गत वर्ष 15 जून से लेकर 30 जून तक मनाया गया था। इसमें करीब 97000 के करीब बच्चों को ओआरएस घोल तथा जिंक की टेबलेट्स वितरित की गई थीं। इसके पश्चात 20 नवंबर से लेकर चार दिसतंबर तक दूसरा सघन दस्त पखवाड़ा आयोजित किया गया। इसमें 98126 बच्चों को ओआरएस घोल तथा जिंक की टैबलेट्स मुहैया करवाई गई थीं। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा आशा वर्कर्स के माध्यम से ओआरएस घोल तथा जिंक की टैबलेट्स घर द्वार पर मुहैया करवाई जाएगी

**गुड न्यूज** लोसर पर्व के दौरान शहर पर्यटकों से हुआ गुलजार, कारोबारी खुश

## मैक्लोडगंज में बढ़ने लगे विदेशी पर्यटक

**सीमा शर्मा, मैक्लोडगंज**

पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में इन दिनों विदेशी पर्यटकों की भीड़ जुटने लगी हे। लोसर पर्व के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में विदेशी पर्यटकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। तिब्बतियों के सर्वोच्च धर्मगुरु दलाईलामा भी इन दिनों मैक्लोडगंज में हैं।

ऐसे में देश-विदेश के बौद्ध अनुयासियों समेत विदेशी पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। दलाईलामा से मिलने देश-विदेश के प्रतिनिधिमंडल मैक्लोडगंज आते हैं, ऐसे में आगामी दिनों में भी विदेशी पर्यटकों की संख्या में और इजाफा होने की संभावना है। पर्यटन उद्यमियों की मानें तो ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन में इस बार अच्छी भीड़ की उम्मीद है। दिसंबर से लेकर जनवरी तक पर्यटक आमद काफी कम रही, लेकिन पिछले सप्ताह हुई बारिश के बाद पर्यटकों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है।

यह क्रम मार्च-अप्रैल माह तक जारी रहता है तो मंद कारोबार को संजीवनी मिलेगी। साथ ही भारत-इंग्लैंड मैच के दौरान भी पर्यटन उद्यमियों को देश-विदेश के क्रिकेट प्रेमियों के धर्मशाला में जुटने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)


मैक्लोडगंज बाजार में घूमते विदेशी पर्यटक।

### लोसर के दौरान की विशेष प्रार्थना

**मैक्लोडगंज।** लोसर पर्व के तीसरे दिन तिब्बतियों के सर्वोच्च धर्मगुरु दलाईलामा और तिब्बत हित के लिए प्रार्थना की गई। लोसर के तीसरे दिन निर्वासित तिब्बतियों ने विशेष संग-सोल प्रार्थना की, संग का अर्थ है धूप और सोल का अर्थ है जागो। निर्वासित तिब्बती इसे धूपबत्ती या अग्नि पूजा भी कहते हैं। इस दौरान निर्वासित तिब्बती दलाई लामा की लंबी उम्र और तिब्बत के हित के लिए प्रार्थना की गई।

## कांग्रेस सरकार से तंग युवा व कर्मचारी : घनश्याम शर्मा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं भारतीय राज्य पेंशनर संघ के वारिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार जहां 14 माह में एक भी बेरोजगार को रोजगार नहीं से पाई। वहीं, अब लोकसभा चुनावों के समय युवाओं को लुभाने के लिए 20 हजार बेरोजगारों को रोजगार देने का झूठा आश्वासन दे रही है। जबकि पिछले 14 माह में सरकार एक भी सरकारी रोजगार देने में नाकाम रही है।

घनश्याम शर्मा ने कहा कि आज आउटसोर्सिंग से रखे लोगों को बेरोजगार कर दिया गया है। जिप कर्मियों की मांगों को आज तक पूरा नहीं किया गया है। शर्मा ने कहा कि सरकारी स्कूलों में रिक्त पड़े पदों की बजह से शिक्षा की गुणात्मकता खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि 14 माह के एक भी नया विकास कार्य शुरू नहीं किया गया है। आज समाज का कोई भी वर्ग इस कांग्रेस सरकार से खुश नहीं है। डॉक्टर अपनी मांगों को लेकर काले बिल्ले लगाए व पेन डाउन स्ट्राइक पर बैठे हैं। शर्मा ने कहा कि आज महिला, युवा, कर्मचारी, बुजुर्ग सभी वर्ग कांग्रेस सरकार से 14 माह में ही बहुत तंग आ चुके हैं। प्रदेश के मुखिया नित नए ब्यान देकर अपने ही फैसलों से पलट रहे है। इससे साफ है कि कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित होती जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### रिचा मिस एंड वंश बने मिस्टर फेयरवेल

**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गढ़ जमूला में बाहरवीं कक्षा के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर बाहरवीं के विद्यार्थियों को विदाई दी। इस समारोह में सभी बारहवीं के विद्यार्थियों को संगीत के द्वारा टाइटल दिए गए। सभी विद्यार्थी तैयार हो कर बहुत सज-धज कर आए थे। इस दौरान राकेश गुलेरिया (प्रवक्ता राजनितिक शास्त्र) ने विद्यार्थियों को भविष्य में काम आने वाली बहुत अच्छी बातें बताई। इस समारोह में मिस्टर आलराउंडर शिवांशु और मिस आलराउंडर रिचा रहे। मिस्टर पर्सनेलिटी अभय कटोच और कुणाल रहे। मिस पर्सनेलिटी आकृति रही। मिस्टर फेयरवेल वंश राणा और मिस फेयरवेल रिया शर्मा रही।

### वंशिका ग्रुप ने हासिल किया पहला स्थान

**धर्मशाला।** भाषा-संस्कृति विभाग जिला कांगड़ा द्वारा जिला स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता कम्यूनिटि हाल कोतवाली बाजार धर्मशाला में आयोजित करवाई गई। इमें जिला से लगभग 11 सांस्कृतिक दलों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में सौरभ जसल अतिरिक्त उपायुक्त जिला कांगडा बतौर मुख्यतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दी। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक दलों ने विभिन्न -विभिन्न क्षेत्रों का लोकनृत्य प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में वंशिका कला मंच सुक्कड़ ने प्रथम स्थान व धौलाधार सांस्कृतिक युवा मंच दाडनू ने द्वितीय तथा कांगडा लोक कला मंच धर्मशाला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में मुनीश कुमार, अक्षय कुमार तथा नितेश धीमान ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अन्त में जिला भाषा अधिकारी अमित गुलेरी ने प्रतियोगिता में आए हुए सभी कलाकारों तथा उपस्थित सभी गणमान्य का आभार व्यक्त किया।

### पेटीएम से कर पाएंगे बिजली बिल का भुगतान

**डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल डाडासीबा के सहायक अभियंता दिनेश कुमार ने बताया हाल कि में पेटीएम पर रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा लगाए गए बैन के परिणाम स्वरुप हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड ने पेटीएम द्वारा भारत बिल पेमेंट प्रणाली से होने वाले बिजली बिलों के डिजिटल भुगतान को 13 फरवरी से बंद कर दिया था। परंतु रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया ने अब 15 मार्च तक पेटीएम को सेवा विस्तार की अनुमति प्रदान कर दी है। इसके परिणाम स्वरूप हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड ने भी पेटीएम को बीबीपीएस प्रणाली के द्वारा उपभोगताओं के बिजली बिलों का भुगतान प्रारंभ करने की अनुमति दे दी है। अब सभी उपभोगता पेटीएम, मोबी-क्लिक, फोन-पे, गूगल- पे और भीम-ऐप जैसी अन्य ऐपस के जरिए भी बिजली बिलों का भुगतान 29 फ़रवरी 2024 तक कर सकेंगे। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश विद्युतबोर्ड पेटीएम के स्थान पर अन्य सेवा प्रदाताओं (सरकारी और गैर सरकारी बैंकस) को रखने के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### पेयजल योजनाओं पर खर्च हो रहे दो करोड़

**बैजनाथ।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बैजनाथ के अध्यक्ष वीरेंद्र जमवाल और युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रविंद्र राव ने कहा है कि मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश भर के जनजातीय क्षेत्र के विकास के लिए व्यापक स्तर पर कारगर योजनाएं तैयार की जा रही हैं। वे यहां मुल्थान पंचायत में अपने अध्यक्षीय भाषण में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि छोटा भगाल की सभी पंचायत की पेयजल योजनाओं को सुदृढ़ करने के लिए दो करोड़ की धन राशि खर्च की जा रही है। यहां के बाजार के लिए सुरक्षा दीवार के लिए एक करोड़ 80 लाख, विद्युत कार्य के लिए एक करोड़, विभिन्न सड़कों के पुनर्निर्माण लिए एक करोड़ से अधिक की धन राशि खर्च की जा रही है। इसके अलावा ग्रामीण विकास के कार्यों में भी काफी इजाफा किया गया है। जबकि जब से लोकसभा सांसद किशन कपूर बने हैं उसके बाद एक बार भी उन्होंने इस घाटी का दौरा नहीं किया है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष शलभ अवस्थी ,संजीव ठाकुर, सीताराम, सुनील कुमार, छांगाराम, मेहर चंद, शांता देवी,सुदर्शन कुमार, रतन चंद इत्यादि उपस्थित रहे।

### नशा बेचने पर 19 दुकानदारों के काटे चालान

**शाहपुरकंडी।** पंजाब सरकार द्वारा चलाई गई नशा विरोधी अभियान के तहत एवं सिविल सर्जन पठानकोट के दिशा निर्देशों के चलते आज रणजीत सागर बांध परियोजना के सरकारी हॉस्पिटल के एसएमओ डॉ. दलविंदर सिंह की देखरेख में अस्पताल के सीनियर डॉक्टर 'डी-एन चौधरी' एवं उनकी टीम की ओर से शाहपुरकंडी, जुगियाल, अदियाल मार्केट एवं आसपास के इलाके में दुकानदारों द्वारा खुले में नशा युक्त सामान बेचने के चलते 19 दुकानदारों के चालान काटे तथा टीम की ओर से उनसे मौके पर ही उनको जुर्माना भी किया गया। इस संबंध में टीम के प्रमुख डॉक्टर डीएन चौधरी ने बताया कि पंजाब सरकार, सिविल सर्जन पठानकोट एवं एसएमओ रणजीत सागर बांध परियोजना हॉस्पिटल के दिशा निर्देशों के चलते आज शाहपुरकंडी एवं आसपास के इलाके में खुलेआम 18 से कम आयु के बच्चों को नशा युक्त सामान बेचने के चलते कोटपा एक्ट के तहत 19 दुकानदारों के चलान काटकर उनसे मौके पर ही जुर्माना वसूला गया। उन्होंने बताया कि दुकानदारों को सख्त दिशा निर्देश दिए गए है कि अगर कोई भी व्यक्ति खुले में 18 साल से कम आयु के बच्चों को नशा युक्त समान बेचता पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कंडवाल में जांचा लोगों का स्वास्थ्य

**नूरपुर।** एसडीएम गुरसिमर सिंह ने बताया कि प्रशासन द्वारा शुक्रवार को कंडवाल में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एनएचएआई और आईआरबी के कामगारों की टीबी की जांच करने के साथ उनका स्वास्थ्य भी जांचा गया। उन्होंने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य फोरलेन निर्माण में कार्य कर रहे मजदूरों के स्वास्थ्य की नियमित जांच करने के साथ उनमें क्षय रोग के किसी भी प्रकार के लक्षणों की जांच करना है। उन्होंने बताया की कामगारों को धूल मिट्टी में काम करना पड़ता है जिस कारण उनमें क्षय रोग होने का खतरा बना रहता है। गुरसिमर सिंह ने बताया साल 2025 तक टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रशासन द्वारा काम किया जा रहा है। जिसके तहत गत माह स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई थी।

### लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा तैयार

**धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा के महामंत्री त्रिलोक कपूर ने शुक्रवार को धर्मशाला में पत्रकार वार्ता में कहा कि दस वर्ष पूर्व भारत के लोकतंत्र के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा जब देश की जनता ने नरेंद्र मोदी को एक सेवक के रूप में देश की सेवा करने का मौका दिया। जनता ने वोट देकर देश को एक नई दिशा दी थी, वोट देश की नीति और नियत को बदलने के लिए दिया था। देश को भ्रष्टाचार के दलदल से बाहर निकलते देखा है, मोदी ने गरीब जनता के लिए जो कार्य किए उसे भी देश की जनता ने महसूस किया। देश को दस सालों में कई उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं, दुनिया के कई विकसित देश जो भारत से आगे रहते थे, भारत देश को एक नई पहचान मिली है। देश की जनता का मन जीतने में मोदी कामयाब हुए। वर्ष 2019 के चुनाव में जनता ने जो पुनः निर्णय लिया उसका मकसद देश को एक नई उंचाई पर ले जाना था, उस मकसद को केंद्र की मोदी सरकार ने पूरा किया। त्रिलोक कपूर ने कहा आज हर वर्ग बोल रहा है, 2024 में मेरा जो वोट होगा, वह नरेंद्र मोदी को होगा उन्होंने कहा कि केंद्र की सभी योजनाओं का लाभ जनता को मिला है, आगे कई आधुनिक बदलाव होंगे, जिसका देश की जनता को विश्वास है।

## गगल हवाई अड्डे में स्थानीय टैक्सी यूनियन को दिया जाए बूथ, डीसी को सौंपा ज्ञापन

# विस्थापन का दंश भी हम झेलें और रोजगार भी बाहरी लोगों को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



डीसी से मिलने जाते टैक्सी ऑपरेटर यूनियन रछियालू के सदस्य व अन्य।

एक तो हम गगल एयरपोर्ट विस्तारीकरण के कारण विस्थापन का दंश झेलें और उपर से रोजगार दूसरे क्षेत्रों को मिले, यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अनइंप्लाइड कांगड़ा एयरपोर्ट टैक्सी ऑपरेटर यूनियन रछियालू के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शनिवार को गगल हवाई अड्डे के अंदर टैक्सी बूथ लगाने की मांग जिलाधीश कांगड़ा के समक्ष रखते हुए यह बात कही है।

यूनियन के प्रधान ने अमनदीप सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिलाधीश कांगड़ा को मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि जिलाधीश कांगड़ा से कई बार उक्त मांग उठा चुके हैं लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। यदि अब इस मांग को पूरा नहीं किया जाता है तो यूनियन द्वारा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। यूनियन के पदाधिकारियों का कहना है कि यदि सरकार हम लोगों की भूमि लेकर यहां पर एयरपोर्ट का विस्तारीकरण कर रही है तो यहां पर टैक्सी का बूथ लेने का अधिकार भी हम लोगों को होना चाहिए न कि पालमपुर यूनियन का। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बूथ का टेंडर पालमपुर यूनियन को दे दिया है।

अनंत ज्ञान स्पैशल

वहीं, एयरपोर्ट निदेशक द्वारा मिली भगत कर यह टेंडर पालमपुर यूनियन को दिया गया है। ऐसे में अब यहां की जनता का कहना है कि एयरपोर्ट अथॉरिटी एयरपोर्ट के विस्तार के लिए भूमि भी पालमपुर की जनता से ले सकती है। वहीं, आज एयरपोर्ट के अंदर अधिकतर उन लोगों की गाड़ियां लगी हुई है, जिनकी भूमि एयरपोर्ट के विस्तार में एक इंच भी नहीं गई है।

### बूथ लगाने का हक हमें दिया जाए

**उन्होंने** कहा कि वह अनइंप्लाईड कांगड़ा एयरपोर्ट टैक्सी ऑपरेटर यूनियन रछियालू में सहौड़ा, गग्गल, इच्छी व सनौरा पंचायत के बेरोजगार हैं। जिनके घर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण में आ रहे हैं और हम बेरोजगार हो रहे हैं। यूनियन के सदस्यों ने जिलाधीश कांगड़ा से आग्रह किया है कि टैक्सी बूथ के लिए पहले एयरपोर्ट में जो लोग विस्थापित हो रहे हैं, उनकी टैक्सी यूनियन को एयरपोर्ट के अंदर टैक्सी बूथ दिया जाए। जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा ने यूनियन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## किसान पीले रतुआ की रोकथाम के लिए करें टिल्ट दवाई का स्प्रे



खेतों में जाकर गेहूं की फसल के रोग को जांचते वैज्ञानिक।

अनंत ज्ञान, नूरपुर

रबी सीजन में गेहूं की फसल इस समय तैयार हो रही है और मौसम के उतार-चढ़ाव के चलते वर्तमान समय में फसल में पीला रतुआ रोग लगने का खतरा हो गया है। इसके लिए कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को नुकसान से बचाव के लिए तरीके बताए जा रहे हैं।

इसके अंतर्गत शुक्रवार को कृषि विभाग की जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर के वैज्ञानिकों ने नूरपुर उपमंडल की सदवां, सुल्याली तथा पंदरेहड़ पंचायतों में खेतों का दौरा कर फसलों का निरीक्षण किया। वैज्ञानिकों ने बताया कि इन क्षेत्रों में गेहूं की फसलों पर पीले रतुआ के शुरुआती लक्षण पाए गए हैं। उन्होंने किसानों को पीले रतुआ की रोकथाम के लिए एक लीटर पानी में एक मिलीलीटर टिल्ट दवाई मिलाकर स्प्रे करने की सलाह दी। इससे इस रोग की रोकथाम समय रहते हो सकें। एसएमएस डॉ. शैलेश पाल ने बताया कि किसान कृषि विभाग नूरपुर के कार्यलय से टील्ट दवाई प्राप्त कर गेहूं की फसल में पीले रतुआ के लक्षण दिखने पर अपने खेतों में उसका छिड़काव कर सकते हैं। इस अवसर पर जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर के वैज्ञानिक डॉ. अमन, डॉ. रीता, डॉ. अंजु तथा कृषि विभाग के एसएमएस डॉ. शैलेश पाल सूद मौजूद रहे।

## आखिर कांग्रेस सरकार कब खरीदेगी दो रुपए किलो गोबर : प्रवीण शर्मा

अनंत ज्ञान, पालमपुर



प्रदेश की जनता को जिन दस गारंटियों का प्रलोभन देकर सुक्खू सरकार सत्ता में आई । उसमें से एक गारंटी उन दूधारू पशु पालकों के लिए भी है जो पिछले डेढ़ साल से गाय का दूध 80 रुपए, भैंस का 100 रुपए ओर गोबर दो रुपए किलो खरीदे जाने का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

इन पशु पालकों का कहना कि अगर कोई पशु बीमार पड़ जाए तो उन्हें उसके उपचार पर बहुत महंगा खर्च उठाना पड़ता है। परिणामस्वरूप महंगी दवाई ओर गोशाला तक उपचार की मुंह मांगी फीस के एवं में बेहतर होता सुक्खू सरकार बजट में उपरोक्त पेशे से जुड़े इन पशु पालकों के लिए यह योजना लेकर आती। पूर्व विधायक से अपनी बात साझा करते हुए इन पशु पालकों का तर्क संगत कहना है कि यहां पशु औषधालयों एवं अस्पतालों में बड़े बड़े घरानों के कुत्तों का उपचार तो मुक्त में होता है, लेकिन जिसे हिंदू धर्म में गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिया गया उसका उपचार व घर द्वार फीस बहुत महंगी है। उन्होंने सरकार से मांग की है इस समस्या की ओर भी सरकार ध्यान दें।

## युवती ने लगाया फंदा, युवक को किया अरेस्ट

### आपसी रजामंदी से लड़की ने 21 दिन पहले शपथ पत्र पर की थी मैरिज, छानबीन शुरू

अंकुश वशिष्ट, हरिपुर

आपसी रजामंदी से जिस युवती ने 21 दिन पहले शपथ पत्र पर मैरिज की थी। आज उसने खौफनाक कदम उठाते हुए अपनी जान दे दी है। कांगड़ा जिला के देहरा विधानसभा क्षेत्र के तहत हरिपुर तहसील की पंचायत झकलेड़ में 19 वर्षीय विवाहिता युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। युवती ने मायके में कमरे के अंदर पंखे से लटककर जान दे दी।

मामले की गुत्थी अभी उलझी हुई है। जांच के बाद सब साफ हो पाएगा। बता दें कि झकलेड़ पंचायत के छब्बड़ गांव निवासी 19 साल की युवती का इसी पंचायत के एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग था। जनवरी 2024 अंतिम हफ्ते में युवती घर से लापता हो गई। परिजनों के ढूंढने के बावजूद नहीं मिली तो परिजनों ने एक फरवरी को पुलिस स्टेशन हरिपुर में गुमशुदगी की शिकायत की, लेकिन उसी दिन परिजनों ने युवती को ढूंढ लिया। युवती की माता ने उक्त युवक पर बेटी के शारीरिक शोषण का आरोप लगाया और शिकायत पुलिस स्टेशन हरिपुर में दी थी। इस पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद युवक ने युवती से शादी करने को हामी भर दी। शुक्रवार दो फरवरी को देहरा में दोनों ने शपथ पत्र पर मैरिज कर ली थी। उस वक्त युवक के परिजनों ने कहा कि कोई अच्छा सा मुहूर्त देखकर पूरे रीतिरिवाज के साथ शादी कर देंगे। रजामंदी से हुई मैरिज के बाद युवती मायके रहने लगी। फिर युवक उसे अपने किसी रिश्तेदार के यहां ले गया। कुछ दिन वहां रहने के बाद युवक कहीं चला गया और युवती उसके रिश्तेदार के घर ही थी।

फिर युवक के रिश्तेदार युवती को मायके छोड़ आए। बता दें कि युवती गत दिनों एसपी के पास पेश हुई थी और वहां बताया कि लड़का फोन नहीं उठा रहा। वहीं, उसने अपने दस्तावेज भी दिखाए थे, लेकिन दस्तावेज शादी की मान्यता के लिए पर्याप्त नहीं थे। एसपी ने 164 के तहत कार्रवाई को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए थे, कोर्ट में युवती के बयान होने थे। इससे पहले ही युवती ने यह कदम उठा लिया। 23 फरवरी को युवती ने मायके में आत्महत्या कर ली। वहीं, मामले की सूचना पुलिस थाना हरिपुर में दी गई। वहीं, युवती के पिता ने युवक अर्जित कुमार (29) पुत्र कमलेश, युवक के माता पिता व अन्य कुछ परिजनों पर आरोप लगाया है। (अनंत ज्ञान)

### जल्द होगा मौत का खुलासा, जांच जारी

**वहीं,** डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस ने आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकियों की गिरफ्तारी होनी है। एसपी कांगड़ा ने बताया कि सीआरपीसी 164 के तहत कार्रवाई को आगे बढ़ाया जा रहा है।

## तिरंगा रैली निकाल लोगों को किया जागरूक

### सीयू के देहरा परिसर में एनएसएस इकाई ने मनाया संकल्प दिवस

अनंत ज्ञान, देहरा



देहरा बाजार में तिरंगा यात्रा निकालते हुए स्वयंसेवक।

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सप्त सिंधु परिसर देहरा की एनएसएस इकाई-एक की ओर से पार्लियामेंट रिजोल्यूशन डे के उपलक्ष्य में संकल्प दिवस मनाया गया।

संकल्प दिवस के अंतर्गत एक संगोष्ठी एवं विशाल तिरंगा रैली का आयोजन एनएसएस इकाई-एक, कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. श्रेया बख्शी की ओर से किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि एवं वक्ता अधिष्ठाता छात्र कल्याण, प्रो. सुनील रहे। संगोष्ठी की शुरुआत में कार्यक्रम अधिकारी ने विषय की पृष्ठभूमि रखी, जिसमें स्वयंसेवकों को पाकिस्तान अधिक्रांत जम्मू कश्मीर के बारे में तथा 22 फरवरी, 1994 को भारतीय संसद द्वारा पारित किए गए प्रस्ताव से भी अवगत करवाया गया। अपने वक्तव्य में मुख्यातिथि प्रो. सुनील ने अखंड भारत भारत की बात करते हुए कहा कि हमें अपने उस भू-भाग को अपने मन चिंतन में भी हमेशा जीवित रखना है और साथ ही साथ समाज में इसके प्रति जागरूकता की भी फैलानी है। विशाल तिरंगा रैली जो देहरा के बाजार से होते हुए विश्वविद्यालय में वापस आकर समाप्त हुई। स्वयंसेवकों ने रैली निकाल आम जनमानस को जागरूक करने का पूरा प्रयास किया।

## आकाशवाणी धर्मशाला ने मनाया 31वां स्थापना दिवस

**धर्मशाला।** आकाशवाणी धर्मशाला द्वारा अपना 31वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। आकाशवाणी धर्मशाला की स्थापना 23 फरवरी 1994 को हुई थी और जब इस केंद्र की स्थापना हुई थी तो इस संभाग के लोगों में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला था। खासकर उन लोगों में जो लोग रेडियो सिलोन, विविध भारती या आल इंडिया रेडियो की उर्दू सर्विस सुनते थे। इस केंद्र से पूर्व में बहुत ही कम कार्यक्रम प्रसारित किए जाते थे। जबकि ज्यदातर कार्यक्रम आकाशवाणी के दूसरे केंद्रों से रिले कर प्रसारित किए जाते थे, लेकिन जब से इस केंद्र में कार्यक्रम प्रमुख के तौर पर गेरिंद्र सी ठाकुर द्वारा पदभार संभाला गया है। कार्यक्रमों की प्रसारण अवधि के साथ-साथ गुणवता पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। हालांकि इस संदर्भ में पूर्व में रहे अधिकारिओं और कर्मचारिओं ने भी कार्यक्रमों की गुणवता में सुधार हेतु भरसक परियास किए जिसकी बदोलत आज कार्यक्रम काफी रोचक और श्रोताओं की पसंद के अनुसार प्रसारित करने का भरसक परियास किया जा रहा है।

## सीयू के 30 करोड़ क्यों नहीं जमा करवा रही कांग्रेस सरकार : नैहरिया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



पूर्व विधायक विशाल नेहरिया ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने 14 माह में कोई नया काम किया नहीं है। फिर भी मुख्यमंत्री अपने मुहं मियां मिठू बनने लगे हैं। मुख्यमंत्री बयान में कह रहे हैं कि कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार का कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन मुख्यमंत्री यह भूल गए हैं कि उन्होंने 14 माह में कोई नया काम प्रदेश में नहीं किया है, पूर्व में चल रहे कार्यों को भी रोका है।

आज प्रदेश में ऐसा समय आ गया है कि बेरोजगार धरने पर हैं। प्रदेश सरकार के अराजकता वाले रवेये के कारण रोजगार देने वाले उद्योग प्रदेश छोड़कर जा रहे हैं। कांग्रेस की गारंटियों का कोई अता-पता नहीं है। कांग्रेस नेताओं की अपनी डफली अपना राग है। मुख्यमंत्री बजट की ढींगे हांक रहे हैं, तो केंद्रीय विश्वविद्यालय का 30 करोड़ रुपए क्यों नहीं जमा करवा रहे। पूर्व विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री बजट पेश कर रहे हैं, सरकार के मंत्रियों को सोशल मीडिया में उसके स्पष्टीकरण देने पड़ रहे हैं। उसके बाद अब मुख्यमंत्री को बजट में छूटे वर्गों की याद आने लगी है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों के अपने-अपने रास्ते हैं। इससे ऐसा लग रहा है कि प्रदेश में सरकार नहीं नौटंकी चल रही। इसका खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने स्वयं ही ऐसा माहौल बना दिया है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता फिर बीजेपी को चुनेगी और कांग्रेस को उसका असली आयना दिखाएगी।

## विधायक सुधीर शर्मा देंगे धर्मशाला हलके को नई सौगातें



**धर्मशाला।** धर्मशाला विधायक विधानसभा हलके को दर्जनों सौगातें लेकर आए हैं। विधानसभा के बजट सत्र के बाद सुधीर शर्मा 24 फरवरी को धर्मशाला के कई इलाकों में उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। शुक्रवार को धर्मशाला में जारी बयान में सुधीर शर्मा ने कहा कि पहले जारी बजट पर तेजी से काम करवाएंगे, तो नए कार्यों को तय समय पर पूरा किया जाएगा। विधायक ने बताया कि 24 फरवरी को मंदल व चैतड़ू पंचायतों में नए पटवार भवनों की नींव रखी जाएगी। इसी तरह दाड़ी बाजार में वॉटर मानीटरिंग सिस्टम जनता को समर्पित किया जाएगा। चैबीस फरवरी के दिन सबसे पहले रक्कड़ मौहली चैक के सौंदर्यीकरण की नींव रखी जाएगी। इसके बाद सेक्रड हार्ट व मस्जिद चैक के विकास का शिलान्यास होगा। तदोपरांत अंदराड़ में चिल्ड्रन पार्क व कम्युनिटी हाल का फाउंडेशन स्टोन रखा जाएगा। अंदराड़ और रसेहड़ में नए पंचायत घरों की भी नींव रखी जाएगी। सिद्धबाडी में शहीद अमित थापा गेट बनेगा। सुक्कड़ पंचायत में दो खेल मैदानों की नींव रखी जाएगी। पास्सू में सराय व शीला भटेड़ में कम्युनिटी सेंटर बनेगा। दाड़ी में दुर्गामल दल बहादुर स्मृति वाटिका की नींव रखी जाएगी। बड़ोल में महिला मंडल व फव्वारा चैक का सौंदर्यीकरण होगा।

## निधन पर शोक जताया

**कांगड़ा।** जिला कांगड़ा पूर्व अर्द्धसैनिक बल कल्याण संगठन के जिला कोषाध्यक्ष केवल किशोर शर्मा (77) का शुक्रवार सुबह को राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल टांडा में देहांत हो गया। शाहपुर निवासी स्वर्गीय केवल किशोर शर्मा शुगर की बीमारी से पीड़ित थे और टांडा अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। यह भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल से निरीक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए थे। संगठन के जिला अध्यक्ष एमएल ठाकुर, जिला सचिव बलदेव राणा, कुशल राणा जिला सचिव, सुभाष चंद जरियाल, ईश्वर दास, यशवंत परमार, इंद्रपाल सिंह, जगदीश चंद, हरबंस लाल आदि ने बताया कि स्वर्गीय केवल किशोर ईमानदार कर्मठ प्रवति के इंसान थे। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों की संख्या में संगठन के सदस्यों ने निधन पर शोक जताया।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

24 फरवरी 2024, गुरुवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** माघ, **तिथि :** त्रयोदशी (1:24): **नक्षत्र :** मघा (10:21), **पक्ष :** शुक्ल, योग अतिगंड (01:33) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:11)-(12:57), राहुकाल 09:43 - 11:08।

**विशेष दिन**

24 फरवरी 2024 गुरु रविदास जयंती आज।

**मेष :** कार्यों में रुकावट आ सकती है। वास्तु अनुरूप परिवर्तन कराने से लाभ होगा। संतान के विवाह प्रस्ताव आ सकता है।

**वृषभ :** मांगलिक कार्यों में खर्च होगा। विरोधी सक्रिय होंगे। कारोबार में विस्तार होगा। नए मित्र बनेंगे। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**मिथुन :** पारिवारिक सोहार्द बना रहेगा। किसी रिश्तेदार की मदद से कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार में परिवर्तन के योग है।

**कर्क :** अपने प्रोफेशन से आप न खुश है, समय के साथ स्थिति आप के अनुकूल बनेगी। जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ाएगा।

**सिंह :** अपने सहकर्मियों से बातों में नर्मी लाएं। विदेश में व्यापार स्थापित करने का विचार सफल होगा।

**कन्या :** समय की अनुकूलता का आभास होगा। परिवारजनों के सहयोग से कोई बड़ा काम हो सकता है।

**तुला :** आज आपको पत्नी से सहयोग व समर्थन मिलेगा। व्यवसाय में उन्नति संभव है। कारोबार में कुछ नवीन योजनाएं बनेंगी।

**वृश्चिक:** दिन की शुरुआत में आलस के चलते कुछ न करने का मन होगा। जरूरी कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करें।

**धनु :** कारखाने में नई मशीनरी के लगने से लाभ होगा। समय अपने पराए की पहचान करा देगा। यात्रा हो सकती है।

**मकर :** आप की चंचलता के चलते संबंध कमजोर होंगे। किसी भी कार्य को करने से पहले उसे समझें उसके प्रति समर्पित रहें।

**कुंभ :** समय रहते कार्यों को पूर्ण करें। लंबे समय स्वं भूमि संबंधी कार्य रुका हुआ है, उसके प्रति आप लापरवाही कर रहे है।

**मीन :** किसी भी कार्य को करने के लिए आत्मविश्वास होना चाहिये। हिम्मत से आगे बड़े सफलता मिलेगी।

## डॉक्टरों की स्ट्राइक से नूरपुर सिविल अस्पताल में इलाज को भटके मरीज

अनंत ज्ञान, नूरपुर



नूरपुर अस्पताल में स्ट्राइक के दौरान मौजूद चिकित्सक।

प्रदेश भर में चिकित्सकों द्वारा पेन डाउन स्ट्राइक के चौथे दिन सिविल अस्पताल नूरपुर में 9:30 से 12 तक स्वास्थ्य सेवाएं बंद रही। हालांकि इस दौरान एमर्जेंसी सर्विस लगातार सुचारू रूप से चल रही हैं।

चिकित्सक संघ के जिला अध्यक्ष सन्नी ने बताया कि आज हमारे पेन डाउन स्ट्राइक का चौथा दिन है। इससे पीएससी से लेकर सिविल अस्पताल में 9:30 से 12 बजे तक यह हड़ताल चलती है। मगर इस दौरान एमर्जेंसी सुविधा सुचारू रूप से चलती रहेगी तथा हमारी कोशिश है कि किसी भी मरीज को परेशानी न हो। डॉ. अवनि ने कहा की सरकार रिफॉर्म पीजी पॉलिसी में सुधार करे। रिफॉर्म पीजी पॉलिसी के तहत अर्बन एरिया अगर आपको पीजी एग्जाम के लिए अर्बन एरिया में चार साल की सर्विसेज को मेंडेटरी न बनाया जाए। उन्होने कहा की रूरल एरिया में यही पॉलिसी रह जाते है मात्र एक वर्ष। अवनि ने बताया की जहां अर्बन एरिया में सर्विसेज देने पर कुछ जगहों पर दस प्रतिशत मार्क एग्जाम में जुड़ते है वहीं कुछ जगहों पर जीरो मार्क दिए जाते है इस विषमता को भी इक्वल करने की सरकार से मांग रखी। वहीं, मरीजों का कहना है कि इससे हमें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हम सुबह से अस्पताल में बैठे हैं तथा छोटे-छोटे बच्चों को साथ लेकर आए हैं। इससे काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सनाही

### विकास खण्ड नादौन जिला हमीरपुर ( हि.प्र. )

**विषय :** विकास खण्ड नादौन के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत सनाही के विकास कार्यों हेतु वितीय वर्ष 2024-25 के सभी विकासात्मक कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित करने बारे

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड नादौन के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत सनाही, के सभी विकासात्मक कार्यों हेतु वितीय वर्ष 2024-25 के लिए पंजीकृत ठेकेदार/सप्लायरों से निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु सील बन्द लिफाफे में निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, इसलिए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इच्छुक ठेकेदार/सप्लायरों (फर्म) निविदाये दिनांक 26/02/2024-शाम 5 बजे तक स्वयं या डाक द्वारा सील बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय सनाही में जमा करवा सकते हैं व जिस फर्म की निविदा स्वीकृत होगी उसे मु. 15000 रूपये धरोहर राशि के रूप में पंचायत के नाम निविदा स्वीकृत होने के एक सप्ताह के भीतर प्लेज करवाएगा जो कि एक वर्ष के बाद वापिस की जाएगी। निविदायें निम्नलिखित दिनांक को सुबह 11 बजे कमेटी द्वारा खोली जाएगी। निम्नलिखित शर्तें पूर्ण न होने पर निविदा को स्वीकृत करने व रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को ही होगा। निविदा शर्तें निम्न प्रकार से हैं।

1 ). फर्म को मैटिरियल ग्राम पंचायत की प्रत्येक गांव की पक्की सड़क/गली तक पहुंचाना होगा। 2 ). निर्माण सामग्री मैटिरियल की गुणवत्ता व मात्रा में कमी होगी तो एक नोटिस देने के बद आपकी निविदा रद्द कर दी जाएगी और उस मैटिरियल का भुगतान भी नहीं किया जायेगा। 3 ). paver टाइल पर ISI मार्क होना आवश्यक होगा। 4 ). ट्रैक्टर या वाहन की आरसी साथ स्लग्न करनी होगी। 5 ). सामग्री/मैटिरियल की आदायगी कनिष्ट अभियंता/तकनीकी सहायक की पैमाईस के बाद ही की जाएगी, किसी भी कार्य की एडवांस पेमेन्ट नहीं मिलेगी। 6 ). मैटिरियल के साथ एम फार्म भी पंचायत में जमा करवाना अति आवश्यक होगा। निविदा केवल GST फर्म की और कम दर वाली ही स्वीकृत होगी। अत: फर्म को निविदा के साथ अपनी GST कॉपी व आरसी की कॉपी साथ लगानी आवश्यक होगी।

**नोट : नादौन ब्लाक के पंजीकृत ठेकेदारों को प्राथमिकता दी जायगी।**

| क्रम संख्या | निविदा खोलने की दिनांक व समय | निविदा खोलने का स्थान | ग्राम पंचायतों के नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 28/02/2024 ( 11.00 सुबह ) | सम्बन्धित पंचायत का कार्यालय | सनाही |

निविदा प्रारूप

| क्रम सं. | मैटिरियल | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | इंटरलॉक पेवर टाईल 40mm, 60mm, 80mm व साईन बोर्ड For ( पहुंच ) | प्रति पीस |
| 2 | धुला रेता, रेता दरिया, गटका स्टोन, डस्ट क्रैसर,क्रैसर बजरी, खड्ड बजरी, पत्थर ( 10, 20 40MM, प्रति फुट) | प्रति CFT |
| 3 | सीमेंट किराया /लोडिंग, अनलोडिंग हमीरपुर व नादौन से | प्रति बैग |
| 4 | सैटरिंग लकड़ी, वर्ग फुट. ईंटें A ग्रेड ( प्रति ईंट), मिक्सचर मशीन ( प्रतिदिन डीजल सहित ), JCB खुदाई कच्ची/पक्की ( प्रति घंटा), पानी टैंकर ( स्टे चार्ज सहित प्रतिदिन ) | सैटरिंग बिना घंटा किए व करके ईंटें A ग्रेड |

प्रधान
ग्राम पंचायत सनाही
विकास खण्ड, नादौन, जिला हमीरपुर ( हि.प्र. )

# मोहल्ला कश्मीरी में ढहाए जा रहे खतरा बने मकान

## भूस्खलन के मुहाने में आने के बाद प्रशासन के आदेशों पर लोक निर्माण विभाग काम में जुटा

**एमएम डैनियल , चंबा**

जिला प्रशासन चंबा ने मोहल्ला कश्मीरी में भूस्खलन से राहत दिलाने के बचाव कार्यों को आरंभ कर दिया है। जिसमें जहां भूस्खलन प्रभावित पीड़ित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कर जीवन सुरक्षा प्रदान की गई, वहीं द्वितीय चरण में भूस्खलन के मुहाने में आए खतरा बने मकानों को ढहाने का काम भी जिला प्रशासन द्वारा लोक निर्माण विभाग चंबा के माध्यम से आरंभ करवा दिया है।


गौर हो कि जिला चंबा मुख्यालय स्थित चौगान वार्ड के अधीन मोहल्ला कश्मीरी के पीड़ित परिवार इस बार जिला प्रशासन चंबा द्वारा भूस्खलन संरक्षण को लेकर उठाए जा रहे पगों से काफी संतुष्ट नजर आ रहे है। लोगों का कहना है कि यह पहली बार देखने को मिल रहा है कि गत वर्ष से ही जिला प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भूस्खलन रोकथाम को लेकर गंभीरता ही नहीं बल्कि पीड़ित परिवारों के प्रति पूर्ण रूप से हमदर्दी भी व्यक्त की जा रही है। वहीं दूसरी ओर इस बार जिला प्रशासनिक अधिकारी मौसम के खराब होते ही जिलाभर की मॉनिटिरिंग करने सहित मोहल्ला कश्मीरी के हालातों पर विशेष तौर पर नजरें बनाए हुए है ताकि वक्त रहते लोगों की सुरक्षा सहित भूस्खलन रोकथाम को लेकर प्रारंभिक उचित कदम उठाए जा सकें। भूस्खलन के मुहाने में आए मकानों के डिस्मेंटल कार्य में पीड़ित परिवार जॉन स्टीफन पुत्र स्व. अल्लारखा व प्रवीण आनंद पत्नी स्व. आशा नंद के मकानों के कुछ भागों को डिस्मेंटल करने का कार्य शुरू किया गया है।

डिस्मेंटल कार्य के आगाज का दायरा ओर कितना बढ़ सकता है यह कहना अभी कठिन है। फिलहाल मुहाने पर पहुंच चुके पहले दो मकानों के कुछ भागों को तोड़ा जा रहा है ताकि संवेदनशील भूस्खलन प्वाइंट पर पड़ रहे भवन की भार क्षमता को कम किया जा सके ताकि भूस्खलन के दौरान मुहाने पर पहुंच चुके भवन के आंशिक भाग को छोड़ शेष मकानों को सुरक्षा प्रदान की जा सके। (अनंत ज्ञान)



मोहल्ला कश्मीरी में भूस्खलन के मुहाने पर आए मकान का भाग डिस्मेंटल करते लोक निर्माण विभाग के कर्मी।

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**



"मोहल्ला कश्मीरी में भूस्खलन स्थल को संरक्षण देने के लिए प्रशासन हरसंभव कदम उठा रहा है। जिसमें लोक निर्माण विभाग चंबा के माध्यम से भूस्खलन के मुहाने पर आए दो मकानों के अतिसंवेदनशील भागों को तोड़ने का कार्य शुरू किया गया है। इसके अतिरिक्त पीड़ित परिवारों को सुरक्षित स्थन पर भेजने सहित तमाम हालातों पर नजर रखी जा रही है।

-अरुण शर्मा, एसडीएम, चंबा

# भरमौर की ममता कुमारी बनी कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



जनजातीय क्षेत्र भरमौर के होली क्षेत्र की ममता कुमारी का चयन पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग हिमाचल प्रदेश के प्रभाग राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के पद पर हुआ है। हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा एवं साक्षात्कार में उत्तीर्ण होने के बाद उनका चयन इस पद के लिए हुआ है।

ममता की प्रारंभिक शिक्षा जनजातीय क्षेत्र भरमौर के सरकारी विद्यालय में हुई है। उसके बाद हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर से बीएससी की पढ़ाई करने के बाद केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब से पर्यावरण विषय में एमएससी की पढ़ाई पूरी की है। जिसके पश्चात पर्यावरण विषय में नेट जेआर परीक्षा उत्तीर्ण की। ममता के पिता किसान व माता शिक्षिका हैं। पहाड़ में रहने के कारण बचपन से प्रकृति प्रेमी एवं परिश्रमशील स्वभाव के चलते आज वे इस उपलब्धि तक पहुंची है। ममता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं अपने मित्रों को दिया है।

उनका कहना है कि वे अपने समुदाय और समाज की भलाई के लिए सदैव तत्पर है और पर्यावरण संरक्षण के लिए कृतसंकल्प है। उनका विचार है कि वर्तमान में प्रत्येक नागरिक को प्रकृति हमारी जननी है और हम सब उसकी संतान हैं, इस भाव को आत्मसात कर पर्यावरण संरक्षण के लिए सहयोग करना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. जितेंद्र सिंह आज खैरी प्रवास पर



**चंबा।** केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विज्ञान व प्रौद्योगिकी डॉ. जितेंद्र सिंह 24 फरवरी को उपमंडल डलहौजी के खैरी क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी विभागीय प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि डॉ. जितेंद्र सिंह 24 फरवरी को राष्ट्रीय जल विद्युत परियोजना चमेरा चरण एक के विद्युत केंद्र खैरी तथा मछेडी में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### पांगी में जुकारू उत्सव हुआ संपन्न



**पांगी।** जिला चंबा के जनजातीय क्षेत्र पांगी का भाईचारे का प्रतीक जुकारू उत्सव नाग देवता के त्योहार के साथ मुख्यालय किलाड़ में समाप्त हो गया। नाग देवता का यह त्योहार किलाड़ के पांच गांवों में मनाया जाता है। क्षेत्र के लोगों की मान्यता है कि जिस वर्ष चिन्हित गांव में नाग देवता को स्थापित किया जाता है उस दिन इस गांव के लोग इस मेले की पूरी व्यवस्था करते हैं। मेले की व्यवस्था को लेकर पूरा गांव एकजुट हो जाता है और मेले में भाग लेने वाले नाग देवता के कारदारों समेत कई लोगों के खाने की व्यवस्था गांववासियों की जिम्मेदारी रहती है। इस मेले को लेकर गांव में काफी उत्साह रहता है और हर साल बेसब्री से गांववासी इस मेले का इंतजार करते हैं। वहीं, इस वर्ष किलाड़ के परमस गांव में 12 दिनों तक चला जुकारू उत्सव संपन्न हो गया।

### सूचना एंव जनसंपर्क विभाग ने सोशल मीडिया हैंडलर्स के मनोनयन के लिए आवेदन मांगे

**चंबा।** प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा न्यूज वेब चैनल्स, न्यूज वेबसाइट्स/पोर्टल और सोशल मीडिया हैंडलर्स के मनोनयन (इंपैनलमेंट) के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और विभिन्न कार्यक्रमों व अन्य पहलों के बारे में अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाने के दृष्टिगत हिमाचल प्रदेश डिजिटल मीडिया नीति-2024 हाल ही में अधिसूचित की गई है। सूचना एवं जन संपर्क विभाग को इसके लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है। इस नीति का उद्देश्य न्यूज वेब चैनल्स, न्यूज वेबसाइट्स/पोर्टल और सोशल मीडिया हैंडलर्स के माध्यम से प्रदेश सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों और विकासात्मक पहलों को जन-जन तक प्रचारित एवं प्रसारित करना है। विभाग में मनोनयन के लिए इन चैनल्स, पोर्टल्स और हैंडलर्स को सामान्य एवं तकनीकी योग्यता पूर्ण करनी होगी। उन्होंने बताया कि डिजिटल मीडिया नीति की प्रति विभाग की वेबसाइट http://www.himachalpr.gov.in पर उपलब्ध है। इस नीति के प्रावधानों के बारे में इससे जानकारी प्राप्त कर आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आवेदन का प्रारूप भी इसी नीति दस्तावेज के साथ संलग्न किया गया है। मनोनयन के लिए आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ निदेशक, सूचना एवं जन संपर्क, शिमला-दो के कार्यालय में जमा करवाया जा सकता है।

# चुवाड़ी के अजय को बिलासपुर में किया गया सम्मानित

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

साल 2007 में दिव्यांगों के कल्याण की सोच के साथ की गई शुरूआत आज देश भर के 39 दिव्यांगों के जीवन को सुगम व सरल बना रही है। जिला चंबा के भटियात उपमंडल के चुवाड़ी के बेटे अजय ने एक छोटी सी शुरूआत करने के बाद न सिर्फ प्रदेश बल्कि पूरे समाज के लिए सकारात्मक संदेश दिया है। वीरवार को बिलासपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में अजय को हिमालयन श्री अवॉर्ड से 90 के दशक के विख्यात बॉलीवुड के खलनायक गुलशन ग्रोवर ने नवाजा।

बताते चलें कि आशा किरण संस्थान ने घुमारवीं में हिमालयन श्री अवॉर्ड शो का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता गुलशन ग्रोवर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। उनके साथ पंजाबी फिल्मों के कलाकार भूपेंद्र भट्टी विशेष रूप से मौजूद रहे। गुलशन ग्रोवर ने कहा



कि यहां पहुंच कर उन्हें ऐसा लगता है जैसे वे धरती के स्वर्ग पर पहुंच गए हैं।

यहां की वादियों में ऐसी महक है कि यहां आकर वापस जाने को दिल नहीं करता है। इसके साथ ही उन्होंने आशा किरण संस्थान की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज बहुत कम लोग है जो समाज के लिए ऐसा कार्य करते हैं। यह संस्था समाज के पिछड़े तथा दिव्यांग बच्चों को गोद लेकर बेहतरीन परवरिश कर रही है।

इस दौरान उन्होंने अपने फेमस डायलॉग बोल कर लोगों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम में नाटी किंग कुलदीप शर्मा ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। (अनंत ज्ञान)

# कीड़ी स्कूल के छात्रों का बेहतरीन प्रदर्शन

**चंबा।** डाइट चंबा में जिला स्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें चंबा जिला के लगभग 25 स्कूलों ने भाग लिया। इन सभी स्कूलों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कीड़ी के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पूरे जिले में प्रथम स्थान अर्जित किया। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अक्षिता और लतिका ठाकुर ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं साइंस ओलंपियाड में कीड़ी की ही छात्रा लतिका ठाकुर ने प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। साइंस मॉडल में शिवा तथा नागेश्वर ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के मुख्य अध्यापक रमेश शर्मा ने छात्रों की सराहना की और उनके विज्ञान अध्यापक अजय कुमार को बधाई दी व छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। उन्होंने अन्य छात्रों को इन छात्रों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

# देशभक्त सरदार अजीत सिंह को अर्पित किए श्रद्धासुमन

## 143वीं जयंती पर डलहौजी के पंचपुला में कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान,डलहौजी**

देशभक्त सरदार अजीत सिंह की 143वीं जयंती पंचपुला में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके मनाई गई। इस अवसर पर देशभक्त सरदार अजीत सिंह यादगार सभा के महासचिव वीरेंद्र ठाकुर ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

शहीद ए आजम भगत सिंह के चाचा और अपने आत्मसम्मान की रक्षा के लिए पगड़ी संभाल जट्टा का नारा देने वाले सरदार अजीत सिंह ने डलहौजी में अपने जीवन का अंतिम समय बिताया। जब पूरा देश 15 अगस्त को आजादी के जश्न में डूबा हुआ था उस दिन इस महान स्वतंत्रता सेनानी का स्वर्गवास डलहौजी शहर में ही हुआ था। हजारों लोगों ने नम आंखों से उनका संस्कार डलहौजी शहर के पंचपुला नामक स्थान पर किया था उनकी याद में प्रतिवर्ष समाधि स्थल पंचपुला में आजादी के दिन कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित करवाई जाती है।

जयंती समारोह में वीरेंद्र ठाकुर, राकेश कुमार, शाम लाल, कुसुम लता, अमित कुमार, रमन शर्मा, विक्की के अलावा अन्य स्थानीय लोगों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। वीरेंद्र ठाकुर ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी को देश भक्त सरदार अजीत सिंह जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।




पंचपुला में देशभक्त सरदार अजीत सिंह को पुष्पांजलि अर्पित करते यादगार सभा के महासचिव व अन्य।

## धरने पर बैठे खफा नगर परिषद के पार्षदों ने प्रशासन से उठाई मांग

# डिफाल्टर ठेकेदारों पर की जाए कार्रवाई

**आरके रांगड़ा, चंबा**

नगर परिषद कार्यालय के बाहर दो घंटे के सांकेतिक धरने पर बैठे खफा पार्षदों की हड़ताल आठवें दिन में प्रवेश कर गई। जिस पर पार्षदों ने कहा कि नगर परिषद चंबा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पर कोई असर नहीं हो रहा है क्योंकि उनके पास सच का सामना करने की हिम्मत नहीं है। जिसके चलते वह केवल दूर से ही फेसबुक व अन्य लोकल नेकवर्क पर ही बयानबाजी तक सीमित दिख रहे हैं।

आठवें दिन भी धरने पर डटे हरदासपुरा वार्ड पार्षद अंजू देवी, चौगान वार्ड पार्षद खालिद मिर्जा, सुराड़ा वार्ड पार्षद उर्मिला जसरोटिया, सुल्तानपुर वार्ड पार्षद सीमा कुमारी, मनोनित पार्षद भावना गुलाटी व जीवन सलारिया ने संयुक्त ब्यान में कहा कि भाजपा विचारधारा की परिषद हाऊस अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के इशारे पर नप चंबा में विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड हरदासपुरा, चौगान, सुल्तानपुर व सुराड़ा सहित भाजपा समर्थक कई वार्डों में भी विकास कार्यों के स्वीकृति के पश्चात वहां कार्य लटके हुए है। उन्होंने कहा कि हाऊस के चेहते ठेकेदारों द्वारा ऑफलाइन टेंडर डाल कर सिर्फ औपचारिकता पूर्ण की जा रही है।

जबकि कार्य करने के लिए निर्धारित अवधि गुजर जाने के बाद भी नप ठेकदार कार्य नहीं कर रहे है। जिसमें कभी रेट बढ़ोतरी तो कभी संवेदनशील कार्य का हवाला दिया जा रहा है। जिसमें कांग्रेस समर्थक पार्षदों के वार्डों में यह ही रणनीति अपनाई जा रही है। खेद का विषय है कि अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ऐसे ठेकेदारों पर कार्रवाई करने की बजाय उन्हें कमाई युक्त कार्य आवंटन करने में लगे हुए है। उन्होंने सरकार, जिला प्रशासन व नप चंबा से इस दिशा में मांग उठाई है कि निर्धारित समय अवधि में वार्डों के विकास कार्य न करवाने वाले ठेकेदारों को डिफाल्टर घोषित कर उचित कार्रवाई अमल में लाई जाए। जबकि डिफाल्टर ठेकेदारों के प्रदान कार्यों के दोंबारा ऑनलाइन टेंडर आमंत्रित कर जल्द से जल्द रूके कार्यों को आरंभ किया जाए। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी जिला चंबा महासचिव नरेश राणा, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष चंबा भूपेंद्र राजू, अमन, तनवी, देव राज शर्मा, नेक राज, महासू राम व चमन सिंह सहित पदाधिकारियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। (अनंत ज्ञान)



नगर परिषद कार्यालय के बाहर सांकेतिक धरने पर बैठे खफा पार्षद।

# कलसुई में प्राकृतिक खेती के बारे में दी जानकारी




कलसुई में आयोजित कृषि मेले में कृषि विभाग चंबा की प्रदर्शनी में मौजूद उपनिदेशक कृषि विभाग डॉ. कुलदीप धीमान व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

उपनिदेशक कृषि विभाग डॉ. कुलदीप धीमान ने बताया कि विकास खंड मैहला के गांव कलसुई में हिमालयन वन अनुसंधान केंद्र शिमला के तत्वावधान में कृषि मेले का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि आयोजित किए गए मेले में विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। डॉ. धीमान ने बताया कि कृषि विभाग चंबा द्वारा प्रदर्शनी में पोषक अनाजों के साथ-साथ प्राकृतिक खेती के घटकों को प्रदर्शित किया गया।

उन्होंने बताया कि किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं से संबंधित जानकारी के लिए पंफ्लेट भी वितरित किए गए।

**प्रदर्शनी में पोषक अनाजों को किया गया प्रदर्शित**

# चंबा में श्री गुरु रविदास जन्मोत्सव पर नगर कीर्तन व भव्य शोभायात्रा

## विभिन्न झांकियों सहित आकर्षण का केंद्र रहा सिंह बैंड समूह

**अनंत ज्ञान, चंबा**

श्री गुरु रविदास जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर भव्य शोभायात्रा एवं नगर कीर्तन श्री गुरु रविदास गुरुद्वारा धड़ोग से शुरू होकर पूरे नगर में कीर्तन करते हुए वापस गुरुद्वारा प्रांगण में समाप्त हुआ।

शोभायात्रा में श्री गुरु रविदास महाराज की विभिन्न झांकियों सहित आकर्षण का केंद्र सिंह बैंड समूह रहा। जिसने अपने अंदाज में अनेक धुनों पर रंगारंग प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं व अन्य दर्शकों का मनमोह लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। नगर कीर्तन के दौरान विभिन्न रागी जत्थों व मंडलियों द्वारा गुरु की महिमा का गुणगान किया गया। वहीं श्री गुरु रविदास कमेटी सयुंक्त सचिव अविनाश चंद्र ने बताया कि शोभायात्रा के अतिरिक्त श्री गुरु रविदास जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत 24 फरवरी को जन्मोत्सव के दिन प्रात आसा दी वार, निशान साहिब रस्म, गुरवाणी कीर्तन, भोग, अरदास व श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे।

श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया जाएगा। 26 फरवरी को रात्रि कीर्तन दरबार में भाई जगजीत सिंह व रागी जत्था, हजूरी रागी श्री दरबार साहिब अमृतसर वाले गुरुबाणी से संगत को निहाल करेंगे।

इस अवसर पर श्री गुरु रविदास कमेटी प्रधान जितेंद्र सूर्या, वरिष्ठ उपप्रधान अविनाश, उपप्रधान सुदेश चंद्रा, महासचिव वीरेंद्र भट्ट, ऋषिकेश, शिवचरण चंद्रा, गोवेर्धन, सचिन, अभिषेक व मोहल्ला निवासी व गुरु की संगत मौजूद रही।



श्री गुरु रविदास की शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु।

**बैठक** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष ने नगर परिषद को दिए निर्देश

# सफाई कर्मियों को सप्ताह में एक दिन मिलेगा अवकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार ने कहा है कि जिला के सभी स्थानीय निकायों एवं विभिन्न विभागों में सफाई कर्मियों की स्थायी नियुक्ति करने को लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएं। यह मामला राज्य सरकार के सम्मुख प्रस्तुत किया जाए ताकि ऐसे कर्मियों के बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाया जा सके।

यह बात उन्होंने शुक्रवार को सफाई कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान तथा पुनर्वास और स्वरोजगार को लेकर बचत भवन में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। अंजना पंवार ने सफाई कर्मियों को समाज का अभिन्न हिस्सा बताते हुए इनके आर्थिक और सामाजिक स्तर को और सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने ये निर्देश भी दिए कि नगर परिषद चंबा, डलहौजी तथा नगर पंचायत चुवाड़ी के तहत आने वाले सफाई कर्मियों की पदोन्नति को लेकर संयुक्त रूप से मामला तैयार कर उपायुक्त को प्रेषित किया जाए।

उन्होंने अनुकंपा मामले में भी प्राथमिकता रखने के निर्देश जारी किए। पक्का टाला मोहल्ले में भूस्खलन से प्रभावित हो रहे परिवारों को लेकर उन्होंने जिला प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष ने विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर सफाई कर्मियों के साथ संवाद करते हुए नगर परिषद के अधिकारियों को सप्ताह में एक दिन कर्मियों को अवकाश उपलब्ध करवाने को निर्देशित किया। साथ में सफाई कर्मचारियों की वर्ष में दो बार संपूर्ण स्वास्थ्य जांच करवाने तथा उन्हें पहचान पत्र जारी करने सहित मौसम के अनुसार वर्दी इत्यादि की संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित बनाने तथा कार्यस्थल पर चेंजिंग रूम की सुविधा भी उपलब्ध करवाने को कहा। अंजना पंवार ने महिला कर्मियों की सुविधा की दृष्टिगत उनके कार्य समय अवधि को स्कूल के समय के अनुरूप तय करने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान, सहायक आयुक्त पीपी सिंह, एसडीएम चंबा अरुण शर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज, उपनिदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह चाढक सहित विभागों के अधिकारियों सहित सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।



बचत भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार को सम्मानित करते डीसी चंबा।

**कहा- सफाई कर्मियों की स्थायी नियुक्ति के लिए उठाए जाएं आवश्यक कदम**

### बस्तियों के समीप बनेंगे सामुदायिक भवन

अंजना पंवार ने सफाई कर्मचारियों की आवासीय बस्तियों के समीप सामुदायिक भवन बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन में लाइब्रेरी की सुविधा भी उपलब्ध करवाना सुनिश्चित बनाई जाए। उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष का स्वागत किया। उन्होंने दिए गए निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित बनाने का आश्वासन देते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिया।

# मानव परिंदों से चहका मनाली का पर्यटन स्थल सोलंगनाला, कारोबार ने पकड़ी गति

**कमलेश वर्मा कुल्लू/मनाली**

मनाली के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सोलंगनाला में बर्फबारी के बाद अब सैलानियों का मेला लग गया है। पैराग्लाइडिंग सहित अन्य साहसिक खेलों के लिए विश्व प्रसिद्ध सोलंगनाला मानव परिंदों से चहक उठा है। देश भर के सैलानी पैराग्लाइडिंग, स्नो स्कूटर सहित अन्य विभिन्न गतिविधियों का आनंद ले रहे हैं। वहीं, फातरू की पहाड़ी से पैराग्लाइडिंग की उड़ान भरकर सोलंग मैदान उतर रहे है।

शुक्रवार को खिली धूप के बीच सोलंग का मैदान पैराग्लाइडरों से रंगीन हो उठा है। मौसम खुलते ही सैकड़ों वाहनों में हजारों सैलानियों ने सोलंग मैदान में दस्तक दी। सुरेंद्र व विशाल ने बताया कि शुक्रवार को सोलंगनाला में बर्फ की चांदी के बीच सैलानियों का मेला लग गया तथा सैलानियों ने विभिन्न साहसिक खेलों का आनंद उठाया। होटल कारोबारी इंद्र ठाकुर व रोशन ठाकुर ने बताया कि हिमपात से पर्यटन कारोबार के गति पकड़ने की उम्मीद है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने बताया कि बर्फबारी का क्रम जारी रहने से पर्यटकों की आमद में बढ़ोतरी हुई है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पर्यटकों को सोलंगनाला तक जाने की अनुमति दी गई है। हालात सामान्य होते ही पर्यटकों को अटल टनल तक जाने की अनुमति दे दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**पर्यटकों को सोलंगनाला तक जाने की अनुमति**

**हालात सामान्य होने पर अटल टनल तक जाने की मिलेगी अनुमति**


प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सोलंगनाला में बर्फ के बीच उड़ान भरते मानव परिंदे।

## मौसम साफ रहा तो आज केलांग से जुड़ जाएगी उदयपुर घाटी

**मौसम** साफ रहा तो आज उदयपुर घाटी केलांग से जुड़ जाएगी। बीआरओ में तांदी और उदयपुर दो जगह से सड़क बहाली शुरू की है। बीच में हिमस्खलन होने से बीआरओ को दिक्कत का भी सामना करना पड़ा है, लेकिन बीआरओ की माने तो मौसम ठीक रहने की सूरत में शनिवार को केलांग उदयपुर मार्ग वाहनों के लिए बहाल हो जाएगा। दूसरी ओर मनाली केलांग मार्ग पर फोर बाय फोर वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। बीआरओ ने सड़क वीरवार को ही फोर बाय फोर वाहनों के लिए बहाल कर दी थी लेकिन रैली की गाड़ियों की आवाजाही के चलते लोग सफर नहीं कर सके। आज मनाली से केलांग के बीच लोगों ने फोर बाय फोर वाहनों में केलांग व मनाली दस्तक दी।

## आज पहुंचेंगे माल वाहक वाहन

**शनिवार** को माल वाहक केलंग पहुंच जाएंगे जिससे लोगों को एक सप्ताह बाद रोजमर्रा का सामान मिल जाएगा। लाहुल निवासी कुंदन, टशी व पलजोर ने बताया कि फोर बाय फोर वाहनों में लोगों की आवाजाही शुरू हो गई है। उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने बताया कि बड़े वाहन की आवाजाही शुरू हो जाएगी,केलांग उदयपुर मार्ग भी शनिवार को बहाल हो जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ओम प्रकाश ठाकुर जिला संयोजक नियुक्त



**सैंज।** प्रदेश भाजपा चुनावी मोड़ में आ गई है और इसी कड़ी में बंजार भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश ठाकुर को प्रदेश भाजपा ने कुल्लू जिला पंचायतीराज प्रकोष्ठ में संयोजक के तौर पर नियुक्त किया है। ओम प्रकाश ठाकुर ने बताया कि उन्होंने पार्टी के विभिन्न पदों पर ईमानदारी से काम किया है। अब उनका प्राथमिक लक्ष्य लोकसभा चुनाव में पंचायतीराज से जुड़े लोगों के माध्यम से भाजपा को मजबूत बनाना रहेगा।

### लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा ने कसी कमर

**आनी।** लोकसभा चुनावों के मद्देनजर भाजपा कार्यकर्ता तैयारियों में जुट गए हैं। इसके चलते हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यक्रम कर रहा है और आने वाले समय युवा मोर्चा इन कार्यक्रमों को और भी ज्यादा गति देगा। 24 फरवरी से 5 मार्च तक युवा चौपाल कार्यक्रम आयोजित करेगा। जिसके लिए जिला एवं मंडलों की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से युवा मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जिला कुल्लू प्रभारी मोनू भारद्वाज उपस्थित रहे। बैठक में युवा चौपाल कार्यक्रम को सफल बनाने के बारे में चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में भाजयुमो मंडल के अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा महामंत्री , धर्मपाल नेगी वरिष्ठ उपाध्यक्ष भजन सिंह, रणवीर ठाकुर, काकू खाची, जितेंद्र चौहान, सहित सभी जिला एवं मंडल युवा मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जस्पा ने सोसायटी की संपत्ति को बेचा : कमल

**केलांग।** लाहौल पोटैटो सोसायटी के चेयरमैन के इस्तीफा प्रकरण को लेकर पूर्व चेयरमैन कमल सिंह बोद्ध ने पलटवार किया है। उनके कार्यकाल में सोसायटी घाटे में नही थी। सुदर्शन जस्पा पहले अध्यक्ष हैं जिन्होंने सोसायटी की सम्पतियों को बेचा है। पूर्व चेयरमैन कमल सिंह बौद्ध ने कहा कि सुदर्शन जस्पा ने चेयरमैन पद से त्याग-पत्र देकर किसानों के साथ विश्वासघात किया है। वहीं औपचारिकताएं पूरी किए बिना डेढ़ करोड़ की संम्पति बेच दी है। उन्होंने कहा कि सोसायटी की आर्थिक तंगी से घबराकर भागना दुःखद है। कमल ने कहा कि उनके कार्यकाल में सोसायटी आठ लाख घाटे पर चल रही थी लेकिन आज चेयरमैन जस्पा के अनुसार घाटा 14 करोड़ के लगभग हो चुका है। उन्होंने कहा कि गोंपाथंग में एलपीएस ने बिना औपचारिकता के पैट्रोल पंप खोल दिया है। इस कार्यकारिणी ने 2019 से 2024 तक सोसायटी के डूबे धन को निकालने का प्रयास नहीं किया जबकि सोसायटी की पुरानी संपत्ति को बेचने में देरी नहीं लगाई। आने वाले समय मे लाहौल के किसान इस सब बातों का हिसाब करेंगे।

**बंदरोल इंडोर स्टेडियम में फंसा पेंच, पर्यावरण मंत्रालय बोला–**

# 500 पेड़ काटने की अनुमति नहीं

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला कुल्लू के बंदरोल में प्रस्तावित इंडोर स्टेडियम प्रोजेक्ट में पेंच फंस गया है। बंदरोल पंचायत में जिस जगह इंडोर स्टेडियम बनना प्रस्तावित है वहां इस प्रोजेक्ट में 550 हरे पेड़ हैं। ऐसे में पर्यावरण मंत्रालय ने इस प्रोजेक्ट की एफसीए फाइल वापस भेज दी है।

पर्यावरण मंत्रालय ने कहा है कि प्रोजेक्ट के लिए इतने पेड़ों को काटने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। जिसके चलते फिर से एफसीए केस आवेदन करने को कहा है। ऐसे में अभी इंडोर स्टेडियम निर्माण को और इंतजार करना पड़ेगा। जिसके चलते अब यह प्रोजेक्ट ओर कितना समय देरी से शुरू होगा इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### अब 250 पेड़ काटने की योजना के लिए एफसीए केस भेजने की तैयारी

#### जयराम सरकार के कार्यकाल में प्रोजेक्ट का नहीं हुआ निर्माण

गौरतलब है कि पूर्व की जयराम सरकार के कार्यकाल में भी कुल्लू जिला में इंडोर स्टेडियम को धरातल पर उतारने की कोशिश की लेकिन प्रोजेक्ट सिरे नहीं चढ़ पाया। हालांकि खेल मंत्रालय कुल्लू जिला के मनाली विधानसभा के तत्कालीन मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर के पास रहा, लेकिन उसके बाद भी प्रोजेक्ट का निर्माण नहीं हो सका।

#### सुक्खू सरकार में भी प्रोजेक्ट को बनाने की कवायद तेज नहीं

**अब** वर्तमान सरकार के कार्यकाल में इस प्रोजेक्ट को बनाने की कवायद तेज नहीं हो पा रही है। लिहाजा इस सरकार का भी एक साल पूरा हो चुका है परंतु अभी तक एफसीए केस भी क्लीयर नहीं हो पाया है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह प्रोजेक्ट कब तक धरातल पर उतर पाएगा।



#### अब 250 पेड़ काटने का जाएगा प्रपोजल

500 पेड़ काटने को लेकर लगे ऑब्जेक्शन के बाद अब 250 पेड़ काटने का प्रपोजल बनाया जा रहा है, ताकि एफसीए केस को अनुमति मिल सके। (अनंत ज्ञान)

#### दस बीघा में है प्रोजेक्ट, डिजाइन में होगा बदलाव

**खेल** विभाग और प्रशासन की ओर से यहां 10 बीघा भूमि क्षेत्र में इंडोर खेल स्टेडियम बनाने की योजना है। जिसके लिए एफसीए केस भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय को भेजा है, परंतु जिस तरह से एफसीए ऑब्जेक्शन लगा है उससे अब इसका डिजाइन बदलना होगा।

#### स्टेडियम में होगी कई तरह की सुविधाएं

**इस** इंडोर स्टेडियम में खिलाड़ियों को बैडमिंटन, बॉक्सिंग, बास्केटबॉल और टेबल टेनिस की सुविधा होगी।
गौरतलब है कि कुल्लू में इंडोर स्टेडियम की सुविधा नहीं है, जिस कारण काफी सालों से खिलाड़ी इंडोर स्टेडियम की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांग अभी तक भी सिरे नहीं चढ़ पाई है।

> बंदरोल में प्रस्तावित इंडोर स्टेडियम के एफसीए केस में ऑब्जर्वेशन लगी है। इस प्रोजेक्ट में 500 से अधिक पेड़ जद में आ रहे थे जिस कारण ऑब्जर्वेशन लगी है। अब 250 के करीब पेड़ों को काटने का प्रपोजल भेजा जाएगा।
> -एंजल चौहान, डीएफओ, कुल्लू।

## किसान सभा ने क्रशर प्लांट के बाहर किया प्रदर्शन


किसान सभा आनी के मोइन में क्रशर प्लांट के बाहर प्रदर्शन करते हुए लोग।

**अनंत ज्ञान, आनी**

हिमाचल किसान सभा खंड इकाई निरमंड के आह्वान पर ग्राम पंचायत देहरा गांव के लोगों की समस्याओं को लेकर मोइन में स्थित पटेल इंजीनियरिंग के क्रशर प्लांट के बाहर प्रदर्शन किया गया। साथ ही सात सूत्री मांग पत्र पटेल इंजीनियरिंग कंपनी को सौंपा।

इस प्रदर्शन को किसान सभा राज्य सचिव डॉ. ओंकार शाद, जिला महासचिव देवकी नंद, किसान सभा मोइन गांव कमेटी की सचिव मनोरमा चौहान ने संबोधित किया। मोइन में जो क्रशर प्लांट लगा है उस प्लांट से लोगों को काफी परेशानी हो रही है, प्लांट को चलाने को कोई निर्धारित समय न होने से रात को शोर होने से बच्चों को पढ़ना मुश्किल हो जाता है।

वहीं, दूसरी तरफ क्रशर प्लांट पूरी से बंद न होने से इससे जो धूल उठती है उससे भी लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। प्रदर्शन के बाद किसान सभा ने पटेल इंजीनियरिंग कंपनी को मांग पत्र दिया जिसमें मुख्य रूप से क्रशर प्लांट को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक चलाया जाए, क्रशर प्लांट को पूरी तरह से चादर से बंद किया जाए।

**सात सूत्री मांग पत्र पटेल इंजीनियरिंग कंपनी को सौंपा**

बैठक में पटेल इंजीनियरिंग कंपनी के प्रबंधक वर्ग ने माना कि इन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा और सोमवार को किसान सभा के साथ इन मुद्दों पर मीटिंग की जाएगी। इस प्रदर्शन में रघुवीर सिंह, हरशैई, सुषमा देवी, प्रदीप कुमार, कुलवंत, अंकुश, जोगिंदर, अनिकेत, लता देवी, बबली, जगदीश, जय चंद, इंदु देवी,विक्की आदि शामिल थे।

## परिणीता बनी मिस और आर्यन ठाकुर बने मिस्टर डीएवी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**


विदाई समारोह आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य के साथ छात्राएं।

डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली में बारहवीं कक्षा के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली में 12वीं कक्षा के निवर्तमान छात्रों को धूमधाम के साथ विदाई दी। वहीं 12वीं कक्षा के छात्रों ने रैंप वॉक में आंतरिक आत्म की उत्कृष्ट अभिव्यक्ति की झलक दिखाई। इस दौरान मिस परिणीता और मास्टर आर्यन ठाकुर मिस डीएवी और मिस्टर डीएवी के खिताब से नवाजा गया।

मिस पर्सनालिटी और मिस्टर पर्सनालिटी, मिस फेयरवेल और मिस्टर फेयरवेल का खिताब क्रमशः मिस जैस्मिन और मास्टर आयुष ठाकुर, तेजिन नोरदन और मास्टर अक्षत ने जीता।

**डीएवी स्कूल में विदाई समारोह आयोजित**

## लाभार्थियों को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य : हीरा लाल

**अनंत ज्ञान, सैंज**



नायब तहसीलदार सैंज हीरा लाल नलवा ने कहा है प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सभी लाभार्थियों को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। ई-केवाईसी नहीं करने की सूरत में लाभार्थियों को आगामी पीएम किसान निधि किस्त की धनराशि उनके बैंक खातों में ट्रांसफर नही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि 22 फरवरी को रैला तथा रैला-2 पंचायतों के लाभार्थियों के लिए रैला पंचायत घर, 23 फरवरी को शैंशर तथा गाड़ापारली पंचायतों के लोगों को नियुली पटवार खाना, 24 फरवरी को तलाड़ा व भलान पंचायतों के लिए पंचायत भवन ब्रेहिन, 26 फरवरी को कनोंन तथा धाउगी पंचायतों के लिए पटवार खाना शलवाड़, 27 फरवरी को दुशाहड़ तथा बनोगी पंचायतों के लिए पंचायत भवन दुशाहड़ 1 मार्च फरवरी को फाटी शांघड़, सुचेहन तथा लपाह के लिए पंचायत घर सुचेहन और 2 मार्च को देवगढ़ गोही पंचायत के लोगों के लिए तहसील कार्यालय सैंज में ई-केवाईसी शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## तनवी बनी ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला स्टूडेंट ऑफ द ईयर-2024

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**




स्कूल के प्रधानाचार्य और प्रशासक के साथ व स्टूडेंट ऑफ द ईयर तनवी।

जिला कुल्लू की गड़सा घाटी स्थित ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। स्कूल के प्रधानाचार्य गणेश भारद्वाज तथा प्रशासक कैलाश गौतम ने बताया कि स्कूल की छात्रा तनवी को स्टूडेंट ऑफ द ईयर चुना गया।

इस मौके पर दसवीं के विद्यार्थियों से विभिन्न गतिविधियां करवाई गई। दसवीं के सभी विद्यार्थियों इशिका, अवंतिका, मन्नत, प्रिया, साक्षी, सताक्षी, दिव्यम, हिमांशु, इशिता, टेक सिंह, पन्शुल, शिवांशी, राजन, शुभम तथा कार्तिक को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में इंद्रा, जगदीश, भूमा, हिमानी, प्रेमा, रजनी, लीला, सुनीता, सोमिला, अनु, गीतांजलि, अंजली, रीनू, ममतारानी, मोनिषा, आदित्य, गुरमीत, रीनू कुमारी, ममता, हीरामणि, संदीप, रमेश, तिलक आदि स्टाफ के सदस्यों तथा सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया।

## व्यापार मंडल ने अधिकारियों से की शिष्टाचार भेंट

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

व्यापार मंडल कुल्लू के प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से मिलकर शिष्टाचार भेंट की। व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी के नवोदित सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक कुल्लू, उपायुक्त आबकारी एवं कराधान, खाद्य सुरक्षा सहायक आयुक्त, खाद्य वितरण जिला अधिकारी सहित कई अधिकारियों के साथ भेंट कर अधिकारियों को सम्मानित किया। वहीं निर्णय लिया कि 3 मार्च को 11 बजे कुल्लू नगर के वार्ड नम्बर 1 से 3 तक दुकानदारों व व्यवसाइयों की बैठक की जाएगी।


जिला खाद्य सुरक्षा सहायक आयुक्त से भेंट करते हुए व्यापार मंडल के सदस्य।

## लाहौल-स्पीति को मिलेगी बाल देखभाल गृह की सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

केलांग में त्रैमासिक जिला स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सहायक आयुक्त संकल्प गौतम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. हीरानन्द ने पिछली बैठक कार्यवाही व इस बार की एजेंडा प्रस्तुत किया। वहीं उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत जिला के 51 बच्चों को का चयन हुआ है और सामाजिक सुरक्षा के तहत 4 लाख 80 हजार रुपए की राशि खर्च की जा रही है।


केलांग में बैठक की अध्यक्षता करते हुए सहायक आयुक्त संकल्प गौतम व अन्य।

संकल्प गौतम ने कहा कि जल्द ही बाल देखभाल गृह की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भूमि चयन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। संकल्प गौतम ने कहा कि जिले में बाल मजदूरी व भिक्षावृति सहित बाल शोषण के कोई मामले नही है।

बैठक में जिला पंचायत अधिकारी सचिन, उप पुलिस अधीक्षक राजकुमार, भुवनेश, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय डोगरा अध्यक्ष जिला बाल कल्याण समिति कुंदन, बाल विकास परियोजना अधिकारी खुशविंदर व अन्य मौजूद रहे।

### मयाड़ में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की संख्या अधिक

**जिला** के दुर्गम क्षेत्र मयाड़ घाटी के कुछ गांव में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की संख्या अधिक है ऐसे में स्वास्थ्य विभाग आईसीएमआर की मदद से इस समस्या की तय तक जाने की कोशिश करें ताकि। जून माह में विभिन्न विभागों के माध्यम में बच्चों में दिव्यांगता के कारणों का पता लगाने व उन्हें विभागों के माध्यम से सरकार की ओर से मिल रही सुविधा मिल सके।

## भुंतर में निकली गुरु रविदास के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, भुंतर**

भुंतर में गुरु रविदास जी के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हर वर्ष की तरह गुरु रविदास जी का 647वां जन्मोत्सव कुल्लू घाटी में धूमधाम से मनाया गया। श्री गुरु रविदास जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गड़सा से भुंतर तक रविदास के अनुयाइयों द्वारा शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें गड़सा, हुरला, ठेला, नगवाईं, बजौर, रोपा, बगीचा, भुंतर ,शमशी, गदौरी, जिया मौहल, प्रगाणु, मनाली व मणिकर्ण घाटी के श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

गुरु रविदास शोभायात्रा प्रबंधन कमेटी के प्रमुख कमलू राम व अन्य सदस्यों ने कहा कि संगत द्वारा गड़सा घाटी से रविदास की झांकी का आगाज किया। संगत को सत्संग की अमृत वर्षा का अमृत पान करवाया गया। श्रद्धालुओं के लिए लंगर प्रसाद के साथ विशाल भंडारे का आयोजन अंबेडकर नगर भुंतर में किया।

**भजन-कीर्तनों से गूंजा गड़सा व भुंतर शहर**

**प्रदर्शन** — सरकार से है उम्मीद, अब तक नहीं मिला कोई सकारात्मक संकेत

# प्रदेश सरकार के रवैये से चिकित्सकों में निराशा

**सुरेन्द्र तिबोगपा, कुल्लू**

मरीजों की उम्मीदें अकसर अस्पताल में चिकित्सक के पास जाने पर कम हो जाती है मगर जब चिकित्सकों में ही निराशा का भाव घर कर जाए तो जरा सोचिए वो कहां जाए। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में जब से चिकित्सकों ने पेन डाउन स्ट्राइक का रास्ता अपनाया है तब से ही एक दृश्य अब आम हो गया है और वो दृश्य है अपनी मांगों को लेकर परेशान अस्पताल के चिकित्सक ओर अपनी बीमारी का इलाज करवाने आए परेशान सैकड़ों मरीज।


चिकित्सकों की हड़ताल के चौथे दिन मरीज चिकित्सकों का इंतजार करते हुए।

मगर प्रदेश सरकार की तरफ से चिकित्सकों को अब तक कोई भी सकारात्मक संकेत नही मिल पाया है। मरीजों में भी रोष पनप रहा है और दबी हुई आवाज में सरकार को चिकित्सकों की मांगों पर गौर करने के बारे एक दूसरे से चर्चा भी कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### सरकार को मरीजों की परेशानी को भी समझना चाहिए, चिकित्सकों की मांगों को मान लेना चाहिए

**मरीजों** का कहना है कि अस्पताल में अगर चिकित्सक ही हड़ताल पर रहेंगे तो ऐसे में मरीजों का क्या होगा। रोजाना दर्जनों मरीज अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ के लिए सुबह ही पहुंच जाते हैं मगर जब हड़ताल के बारे में पता चलता है तो ऐसे में मरीजों को भी निराशा का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में आए ज्यादातर मरीजों का मानना है कि सरकार को चिकित्सकों की मांगों को मान कर मरीजों के दर्द ओर परेशानी को भी समझना चाहिए।

> पिछले साल से हम अपनी मांगों को लेकर सरकार को अवगत करवा चुके थे और इस दौरान भी हम हड़ताल पर थे, मगर प्रदेश में प्राकृतिक आपदा के दौरान इस हड़ताल को विराम देना पड़ा, हम पिछले 37 दिनों से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं और कलम छोड़ हड़ताल का भी चौथा दिन चल रहा है। हालांकि उन्हें उम्मीद है कि प्रदेश सरकार हम चिकित्सकों की मांगों को पूरा करेगी।
> -डॉ. कल्याण ठाकुर, अध्यक्ष जिला चिकित्सक संघ कुल्लू।

## रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती की मंजूरी : डॉ. नागराज

**कुल्लू।** गर्भधारण पूर्व व प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नागराज पवार ने कहा कि किसी भी निजी क्लीनिक या अस्पताल द्वारा अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित करने या मशीन के खराब होने के बाद बदलने संबंधित मंजूरी जिला स्तरीय समिति से लेना आवश्यक है। बैठक में अल्ट्रासाउंड मशीन के परिचालन के लिए रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती की मंजूरी व नई अल्ट्रासाउंड मशीन खरीदने व पुरानी मशीन को कम्पनी को वापस भेजने से संबंधित मंजूरी प्रदान की गई।

## मजदूर विरोधी नीतियों का होगा विरोध : भावना


बंजार में मनरेगा सर्व निर्माण एवं कामगार संगठन की बैठक के दौरान सदस्य।

**अनंत ज्ञान, बंजार**

कांग्रेस सरकार के द्वारा जो भी मजदूर विरोधि नीति लाई जाएगी, उसका विरोध किया जाएगा और मजदूरों को उनके हक दिलाने के बारे में भी प्रयास किया जाएगा।

मुख्यालय में जिला कुल्लू के ऊपर मंगल बाजार के मुख्यालय में मनरेगा निर्माण एवं सर्व कामगार संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बंजार इकाई की अध्यक्ष भावना चौहान के द्वारा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस साल संगठन के सदस्यों को बढ़ाया जाएगा और इनकी संख्या इस साल 5000 से अधिक की जाएगी। भावना चौहान ने बताया कि यह कार्यशाला दो दिनों तक आयोजित की जाएगी, जिसमें निर्माण व मनरेगा संबंधी कार्यों से जुड़े हुए मजदूरों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा।

# सुजानपुर, नादौन के बाद अब नगर परिषद हमीरपुर में अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है ऐसे में महत्वपूर्ण पदों पर भी कांग्रेस से जुड़े लोग और कार्यकर्ता इन महत्वपूर्ण पदों पर विराजमान हों इसके लिए सरकार भी पूरा प्रयास कर रही है। नगर निकायों में भी कांग्रेस के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष विराजमान हों इसके लिए अविश्वास प्रस्ताव लाने का सिलसिला नगर परिषद सुजानपुर और नगर पंचायत नादौन में शुरू हो गया है, अब नगर परिषद हमीरपुर में भी अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास लाने की तैयारी चल रही है।

शुक्रवार को नगर परिषद की सामान्य बैठक

### नगर परिषद की बैठक के बाद पार्षदों ने की बंद कमरे में बैठक

के बाद पार्षदों ने बंद कमरे में बैठक की। बैठक में क्या तय हुआ इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन अविश्वास प्रस्ताव लाने को उठा-पटक तो अवश्य रही। इसके अलावा नगर परिषद की बैठक में कई अहम मुद्दों पर भी चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गए।

इसमें सबसे महत्वपूर्ण निर्णय सफाई कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण पर रोक


नगर परिषद हमीरपुर में बैठक में उपस्थित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद व कार्यकारी अधिकारी व अन्य।

लगाने के लिए ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने का लिया है। इस बार नगर परिषद हमीरपुर

### विकास कार्यों के प्रस्ताव भी पारित, शहर में विकास के किए जा रहे प्रयास

में सीएलसी कंपनी के माध्यम से सफाई कर्मचारी रखे जाएंगे और गाड़ियों के लिए भी टेंडर लगा दिए हैं।

इसके अलावा शहर अस्थायी रेहड़ी धारकों को काफी राहत दी गई है पहले इन रेहड़ी धारकों को प्रतिदिन 50 रुपए देने पड़ते थे। अब इनसे महीने के 400 रुपए ही लिए जाएंगे, जबकि स्थायी रेहड़ी धारकों से अब 500 रुपए महीने के लिए जाएंगे। नगर परिषद हमीरपुर में परिवार रजिस्टर को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा की गई जिसमें अब एक परिवार रजिस्टर डिजिटल बनेंगे और यह लोकमित्र केंद्र में बनाए जाएंगे। शहर में जितनी भी प्राइवेट पार्किंग है उन सबकी रजिस्ट्रेशन फीस और सालाना 5000 रुपए फीस रखी गई जिसके लिए सभी पार्षदों ने सहमति जताई। सभा में समस्त पार्षद, मनोनीत पार्षद, कार्यकारी अधिकारी, एसडीओ, व समस्त विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### बेरोजगारों को मिलेगा रोजगार : नरेश

**हमीरपुर।** कांग्रेस के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के मीडिया को-ऑर्डिनेटर और प्रदेश प्रवक्ता नरेश ठाकुर ने कहा है कि राज्य चयन आयोग में बहुत जल्दी काम शुरू होने वाला है। बेरोजगारों को नौकरी देने का काम शीघ्र शुरू हो जाएगा। शुक्रवार को हमीरपुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए नरेश ने कहा कि इसकी गतिविधियां शुरू हो गई हैं। इसके गठन को लेकर सरकार ने दशा-दिशा तय करती है और अब अगले कुछ समय में वस्तु स्थिति सामने आ जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपाई तथ्यहीन बयानबाजी कर रहे हैं। जयराम ठाकुर को भी अपना मुख्यमंत्री कार्यकाल याद करना चाहिए। क्योंकि कोविड के समय उन्हें बताना चाहिए कि कितने लोगों को सहायता पहुंचाई थी। प्रदेश कांग्रेस सरकार और संगठन जिम्मेदारी से कार्य कर रहे हैं कि संगठन सरकार की योजनाओं को हर घर तक पहुंचा रहा।

### एमबीए विभाग बना ओवरऑल चैंपियन

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता तकनीकी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने की, जबकि कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा मुख्यातिथि रहे। कार्यक्रम में टेबल टेनिस के पुरुष वर्ग के एकल में एमबीए विभाग के अंशुल, बीटेक के मानस, बीटेक के ही प्रियांशु, महिला वर्ग के एकल में एमएससी पर्यावरण विज्ञान विभाग की मेघा, एमबीए की अंजना, एमबीए पर्यटन विभाग की पल्लवी, कैरम बोर्ड के पुरुष वर्ग के एकल में एमबीए पर्यटन विभाग का रोहित, एमसीए के राहुल, बीएचएमसीटी के सौरव, कैरम बोर्ड के युगल में बीएचएमसीटी के सौरव व एमबीए के रजत, एमबीए पर्यटन विभाग के अभिलाष व रोहित, एमबीए पर्यटन के विकास व पीयूष को, वहीं, कबड्डी में एमबीए, एमबीए पर्यटन विभाग और एमसीए विभाग की टीमें सम्मानित की गई। इस मौके पर तकनीकी यूनिवर्सिटी के प्राध्यापक और स्टूडेंट्स मौजूद रहे।

### प्राइमरी स्कूल बड़ा में लगाया निपुण मेला

**बड़ा।** राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला बड़ा में शिक्षा विभाग द्वारा चलाए गए कार्यक्रम पहली शिक्षक मां के तहत शुक्रवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावकों के अतिरिक्त स्कूल के शिक्षक अजय कुमार, कविता, नवीन आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान निपुण मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों विभिन्न गतिविधियां करवाई गई।

### हर भारतीय को मतदान के अधिकार पर गर्व : नवीन

**रंगस।** युवा मतदाता, मतदाताओं की नई पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं। आपकी पीढ़ी हमारे देश के भविष्य की कर्णधार है। मुझे विश्वास है कि आप सब, मतदान के महत्व के बारे में अपने संगी-साथियों को जागरूक करेंगे। यह बात शिव शक्ति युवा मंडल बकारटी द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चेयरमैन नवीन शर्मा ने कही। शर्मा ने कहा कि हर भारतीय को मतदान के अधिकार पर गर्व होना चाहिए, मतदान भविष्य का विधाता होता है। युवा मतदाताओं को युवा पीढ़ियों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम में शिव शक्ति युवक मंडल बकारटी के प्रधान अभिषेक द्वारा सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर नाल्टी पंचायत के उपप्रधान राजीव शर्मा, विशाल आकाश, सोनू व अन्य युवा भी मौजूद थे।

### उत्कृष्ट कॉलेज में शुरू होंगी एमए की कक्षाएं

**सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर में इसी सत्र से एमए की कक्षाएं प्रारंभ होगी। प्रदेश शिक्षा मंत्री ने इस विषय पर सहमति जताई है। यह बात विधायक राजेंद्र राणा ने राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में बीबीए, बीसीए की कक्षाएं लगती हैं, लेकिन सीट्स मात्र 40 ही थी जिसे अब बढ़ाकर 60 कर दिया गया है। महाविद्यालय सुजानपुर की यह पुरानी मांग थी जिसे पूरा करवा दिया गया है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन की ओर से जो डिमांड उनके सामने लाई गई है उन्हें पूरा करवाया जाएगा। प्रदेश एवं राष्ट्र स्तर पर खिलाड़ी अपना प्रदर्शन कर रहे हैं जिसके लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### एनएसयूआई ने विजेता स्टूडेंट्स को किया सम्मानित

**बिझड़ी।** एनएसयूआई बड़सर इकाई द्वारा हाल ही में विधानसभा के विभिन्न स्कूल के स्टूडेंट्स द्वारा महात्मा गांधी स्वर्ण जयंती सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। शुक्रवार को एनएसयूआई ने इस प्रतियोगिता में विजेता स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। जिसमें जीएनए यूनिवर्सिटी फगवाड़ा द्वारा स्पांसर किया था। डिप्टी डायरेक्टर संसार चंद, मुख्यातिथि एसडीएम बड़सर रोहित शर्मा व एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक रूबल ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में पहले स्थान पर रहे भूपेंद्र ठाकुर को 5100, द्वितीय आर्यन कुमार को 4100, तीसरे स्थान पर अंकुश को 3100, चौथे स्थान पर रहे ध्रुव शर्मा को 2100 व पांचवें स्थान पर सक्षम को 1100 रुपए दिए। इसके साथ सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।


भोटा में अनुराग ठाकुर को सम्मानित करने के बाद साथ में खड़े हैं भाजपा नेता। इस मौके पर पूर्व विधायक बलदेव शर्मा, जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा व अन्य मौजूद थे।

# कठियाणा स्कूल का प्रधानाचार्य निलंबित

## बार-बार चेतावनी देने के बाद भी बच्चों के साथ कर रहा था अभद्र भाषा का प्रयोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर/बिझड़ी**

कठियाणा स्कूल प्रधानाचार्य को स्टाफ, बच्चों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्रधानाचार्य के खिलाफ बुधवार को स्टूडेंट्स के अभिभावकों ने प्रधानाचार्य के खिलाफ अभद्र व्यवहार व भाषा का प्रयोग करने पर प्रदर्शन किया था व हटाने की मांग थी। इसकी रिपोर्ट उच्च शिक्षा उपनिदेशक ने तैयार कर निदेशालय को भेजी थी। जिस पर शिक्षा विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कठियाणा स्कूल के प्रधानाचार्य को जनहित में तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका हेडक्वॉटर शिमला में तय किया है।

गौर रहे कि 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र ने यह मामला प्रमुखता से प्रकाशित


प्रधानाचार्य ने स्टूडेंट्स के साथ बोली अभद्र भाषा, भड़के अभिभावक
कठियाणा स्कूल में प्रधानाचार्य के खिलाफ की नारेबाजी, अभिभावकों ने प्रधानाचार्य को निलंबित करने की उठाई सरकार से मांग
शिक्षकों से भी इसी लहजे में करते हैं बात
कई स्टूडेंट्स ने छोड़ा स्कूल

'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र में प्रकाशित खबर की क्लिपिंग।

किया था। पिछले एक डेढ़ साल से प्रधानाचार्य पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने और गलत व्यवहार करने के आरोप लग रहे थे और बच्चों के अभिभावकों ने पहले भी प्रधानाचार्य के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। हालांकि इन मामलों की जांच पहले ही चल रही थी और अब कुछ दिन पहले ही प्रधानाचार्य ने स्टूडेंट्स को फेल करने की धमकी देकर झूठा पत्र लिखवा लिया और स्टूडेंट्स के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। उच्च शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी रिपोर्ट शिक्षा निदेशालय प्रेषित की थी।

पंचायत प्रतिनिधियों और बच्चों के अभिभावकों ने प्रधानाचार्य के निलंबन को सही ठहराया है। उच्च शिक्षा उपनिदेशक हमीरपुर अनिल कौशल ने बताया कि प्रधानाचार्य पर स्कूल का माहौल खराब करने के आरोप लग रहे थे जिसे कदापि सहन नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि कठियाणा स्कूल के प्रधानाचार्य के खिलाफ पहले से ही उनके अभद्र व्यवहार को लेकर जांच चल रही है। बार-बार चेतावनी देने के बावजूद छात्र हित और जनहित में कड़ा संज्ञान लिया गया है और शिक्षा विभाग ने प्रधानाचार्य को निलंबित कर दिया है। शिक्षा विभाग के आदेशों की अनुपालना की जा रही है।

## बेझिझक होकर जनता बताए अपनी समस्या, करेंगे समाधान : राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेंद्र राणा ने सुजानपुर टीहरा के वार्ड नंबर तीन न्यू कॉलोनी में आठ लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार हुई बावड़ी का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। इस मौके पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं को भी सुना तथा अधिकतर का मौके पर निपटारा करने के बाद शेष का शीघ्र समाधान करने के संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता से भी आह्वान किया कि अगर उन्हें किसी तरह की कोई समस्या है, तो बेझिझक होकर उनसे मिलकर उन्हें बताएं। हर समस्या का समाधान किया जाएगा।


बावड़ी का उद्घाटन करते हुए विधायक राणा।

## धोखाधड़ी व जाली हस्ताक्षर करने पर आठ महीने की जेल व जुर्माना

**नादौन।** एसीजेएम नादौन की अदालत ने धोखाधड़ी व जाली हस्ताक्षर करने के मामले की सुनवाई करते हुए नादौन के तीन लोगों को दोषी ठहराते हुए जेल व जुर्माने की सजा सुनाई है। केस के पैरवी एडीए अशीष शर्मा ने की। उन्होंने बताया कि केस की सुनवाई करते हुए एसीजेएम नादौन गीतिका कपिला की अदालत ने नादौन के वार्ड नंबर पांच के रमेश कुमार,आशा कुमारी पत्नी रमेश कुमार तथा अनु सेठी पत्नी अजीत सेठी को दोषी ठहराते हुए विभिन्न धाराओं के तहत आठ-आठ महीन की जेल व जुर्माना की सजा सुनाई है। नादौन की भगवती देवी ने छह जुलाई 2012 को पुलिस थाना नादौन में उपरोकत दोषियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 419, 420, 468, 471 व 120-बी के तहत मामला दर्ज करवाया था। माननीय अदालत ने तीनों दोषियों को तीन महीने की जेल व एक हजार रुपए जुर्माना, आईपीसी की धारा 420 के तहत छह महीने की जेल व एक हजार रुपए जुर्माना, आईपीसी की धारा 467 के तहत आठ महीने की जेल व एक हजार रुपए जुर्माना, आईपीसी की धारा 468 के तहत छह महीने की जेल व एक हजार रुपए जुर्माना, आईपीसी की धारा 471 के तहत एक महीने की जेल व एक हजार जुर्माना तथा आईपीसी की धारा 120-बी के तहत तीन महीने की जेल व एक हजार जुर्माना व सुनाई है।

## एनजीओ गलोड़ ने कैंसर पीड़ित परिवार को दी 10 हजार की राशि

**गलोड़।** गलोड़ के अंतर्गत पिछड़ी पंचायत कश्मीर के मिलाप चंद के परिवार के लिए एनजीओ गलोड़ मदद के लिए आगे आई है। गलोड़ एनजीओ के अध्यक्ष देशराज शर्मा की अगुआई में पदाधिकारियों ने 10 हजार रुपए की राशि मिलाप चंद के परिवार को सौंपी।

देशराज शर्मा ने बताया कि मिलाप चंद को डॉक्टरों ने कैंसर की बीमारी से पीड़ित बताया है तभी से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। एनजीओ ने इस परिवार की मदद का बीड़ा उठाया। मिलाप चंद के बेटे को 10 हजार रुपए का चेक शुक्रवार को एनजीओ की तरफ से सौंपा गया है। इस मौके पर एनजीओ के अध्यक्ष देशराज शर्मा, अमन गर्ग, विपिन शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

## 'एक देश एक वेतन' फेडरेशन का सिद्धांत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ की बैठक डॉक्टर राजेश राणा की अध्यक्षता मे हुई, जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्य, सभी जिला के पदाधिकारी, सभी स्वास्थ्य खंडों के पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रदेश संघ ने ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ गवर्नमेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन का अपनी मांगों को लेकर समर्थन पत्र प्रदान करने के लिए धन्यवाद किया।

फेडरेशन का गवर्नमेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने हिमाचल के चिकित्सकों की मांगों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ्य सचिव को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने हिमाचल के चिकित्सकों को भी केंद्र सरकार की तर्ज पर डायनेमिक एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन स्कीम लागू करने के लिए अनुरोध किया है।

डॉ. डोगरा अध्यक्ष हमीरपुर ने कहा कि एक देश एक वेतन और समान कार्य समान वेतन फेडरेशन का सिद्धांत है। जिसे पूरे देश भर में लागू किया जाना चाहिए। डॉ. डोगरा ने बताया कि प्रदेश संघ के साथ मिलकर निर्णय लिया और चेतावनी दी है कि अगर मांगें धरातल पर नहीं लाई गईं तो पूरे प्रदेश में सामूहिक अवकाश किया जाएगा।

## बैंक खातों को सीज करने के विरोध में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

केंद्र सरकार द्वारा गत दिवस देशभर में एनएसयूआई, युवा कांग्रेस तथा कांग्रेस के बैंक खाते सीज करने के विरोध में शुक्रवार को एनएसयूआई हमीरपुर ने डीसी ऑफिस के बाहर धरना-प्रदर्शन किया।

एनएसयूआई प्रदेश महासचिव टोनी ठाकुर ने कहा कि देश में बैंक खातों को सीज करना केंद्र की मोदी सरकार की बौखलाहट को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष का काम हर वर्ग की बात को उठाने का होता है, लेकिन यदि विपक्ष की आवाज को कुचला जाएगा तो लोकतंत्र का अस्तित्व खतरे में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई लगातार युवा वर्ग की आवाज सही तरीके से उठाती आ रही है और आगे भी इसी तरह से युवाओं के हित की आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि चाहे अग्निवीर हो या छात्रहित की बात हो एनएसयूआई लगातार आवाज उठाती आई है। उन्होंने


डीसी अमरजीत सिंह को ज्ञापन सौंपते टोनी ठाकुर व अन्य।

कहा कि नौजवानों पर किसान आंदोलन में गोलियां बरसाईं जा रही है तथा हर वर्ग को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जितना मर्जी एनएसयूआई को दबाने का प्रयास कर ले पर एनएसयूआई रुकने वाली नहीं है। टोनी ठाकुर ने कहा कि अब एनएसयूआई और जोर से स्टूडेंट्स की आवाज बुलंद करेगी तथा हर वर्ग की आवाज बुलंद करेगी। इस धरने पर टोनी ठाकुर के अलावा शिवांशु, शुभम सहोत्रा, समेत एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कुनाह खड्ड में फेंकी सेप्टिक टैंक की गंदगी, पानी हुआ प्रदूषित

**हमीरपुर।** जोल सप्पड़ क्षेत्र में कुनाह खड्ड के क्रशर के पास अज्ञात लोगों द्वारा सेप्टिक टैंक की गंदगी फेंकने से खड्ड का पानी प्रदूषित हो गया है। अज्ञात लोगों की इस हरकत के कारण जल शक्ति विभाग को अपनी पेयजल योजनाओं को तत्काल बंद करना पड़ा है। यहां पर कई पेयजल योजनाएं मौजूद हैं। पिछले साल भी पानी प्रदूषित होने पर विभाग की अच्छी खासी किरकिरी हुई थी। विभाग के एसई नीरज भोगल ने बताया कि शुक्रवार शाम को कुनाह खड्ड के पानी के प्रदूषित होने का पता चलते ही इस क्षेत्र की पेयजल योजनाओं को तुरंत बंद कर दिया गया है। खड्ड के पानी में सेप्टिक टैंक की गंदगी फेंकने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष इसी क्षेत्र में डायरिया फैला था। उन्होंने बताया कि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी त्वरित कदम उठा रहे हैं।

### विंडवाल क्रिकेट में राजेश्वरी कॉलेज भोटा बना विजेता

**बिझड़ी।** राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा के सौजन्य से आयोजित प्रदेश भर के बीएड कॉलेजों की राज्य स्तरीय विंडवाल क्रिकेट प्रतियोगितायों के तीसरे व अंतिम दिन राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा की खिलाड़ियों ने विजय बल्लभ कॉलेज ऑफ एजुकेशन, नादौन को बेहद कड़े मुकाबले में हराकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा की लड़कों की बी टीम ने डीडीयू कालेज आफ एजुकेशन मैहरे को हराकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा की लड़कों की टीम ने फाइनल मुकाबले में एमएलएसएम कॉलेज आफ एजुकेशन मंडी को हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। समापन समारोह के मुख्यातिथि विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया।

### बस्सी बाजार में 25 फरवरी को बंद रहेगी सड़क

**भरेड़ी।** बस्सी चौक के पास 25 फरवरी को सड़क एवं नाली की आवश्यक मरम्मत के चलते मुख्य सड़क और बस्सी-हजामा सड़क पर दोपहर 12 बजे से शाम छह बजे तक वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। यह जानकारी एसडीएम संजय कुमार ने दी। इस दौरान वाहन चालक बैलग, भूंपलू दा घाट, गलू अंब सड़क या तरक्वाड़ी होकर आवाजाही कर सकते हैं।

### डीएवी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 पर कार्यक्रम आयोजित

**टौणीदेवी।** डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल दरकोटी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी को मनाया जा रहा है इसके उद्देश्यों या महत्व को युवाओं व बच्चों तक पहुंचाने के लिए 14 से 28 फरवरी तक विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक के प्रयोग से संबंधित अलग-अलग गतिविधियां करवाई गईं। प्रधानाचार्य एमएस डोगरा ने अध्यापकों व बच्चों की इन गतिविधियों के लिए बढ़कर भाग लेने के लिए सराहना की।

### स्टूडेंट्स व इंक्यूवेटिस ने किया एवरिटी इंडस्ट्री का विजिट

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के आईपीआर सैल, आईआईसी व आयुर्वेद विभाग के द्वारा स्टूडेंट्स व इंक्यूवेटिस को जिला बिलासपुर में एवरिटी इंडस्ट्री का विजिट करवाया गया। आयुर्वेद विभाग की असिस्टेंट प्रो. स्नेहा ने बताया कि इंक्यूवेटिस तथा स्टूडेंट्स को औद्योगिक क्षेत्र से जोड़ने के लिए यह विजिट करवाया गया ताकि वे भविष्य में अपना उद्यम शुरू करके नए आयाम स्थापित कर सके। सैल का उद्देश्य न केवल कौशल विकसित करना है बल्कि काम की गुणवत्ता को बढ़ाना भी है।

### हमीरपुर के साथ किया जा रहा सौतेला व्यवहार : नवीन शर्मा

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व प्रदेश समन्वयक व भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नवीन शर्मा ने विभिन्न पंचायत प्रतिनिधियों व जनता के साथ विभिन्न मुद्दों को लेकर पदयात्रा निकली। 107 वर्षीय सवीति देवी ने झंडा दिखाकर जन चेतना यात्रा को आरंभ किया। यह पदयात्रा मसियाना से शुरू होकर जंगल रोपा, बाड़ी फरनोहल, लिंगवीं, खटवीं, धनेड, ललीन, सेर बलौनी होते हुए किरवीं में समाप्त हुई। जहां पंचायतों व गांव में पहुंचने पर पंचायत प्रतिनिधियों व जनता द्वारा नवीन शर्मा का स्वागत किया गया और पदयात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा की जनता के साथ मिलकर इस पदयात्रा के माध्यम से सोई हुई सरकार को जगाने का काम किया जा रहा है।

### नए सत्र से स्कूल में मनाएगा जाएगा बेटा-बेटी का सामूहिक जन्मोत्सव

**भरेड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में नए शिक्षा सत्र से स्कूल में बेटा और बेटी का जन्मोत्सव सामूहिक रूप में मनाएगा और बच्चों को सम्मानित भी करेगा। स्कूल कलस्टर प्रबंधन समिति की बैठक प्रधानाचार्य देशराज कमल की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें प्रधान किशोर चंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने स्कूल में नए सत्र 2024-25 में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए गतिविधियों को शुरू करने के लिए चर्चा की। इस दौरान रीतू शर्मा, रूप लाल, मथरा देवी, चंपा देवी आदि उपस्थित रहे।

### विकेश को सैकड़ों लोगों ने दी विदाई

**नादौन।** नादौन के मझियार गांव के समाजसेवी परिवार के बेटे विकेश सिंह का शुक्रवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। उसे पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, समाजसेवी प्रभात चौधरी, एडवोकेट वीरेंद्र सिंह एडवोकेट चंद्रशेखर, भाजपा व कांग्रेस के अनेकों पदाधिकारियों व समाजसेवी संगठनों, सैकड़ों लोगों सहित उसके सहपाठी व दोस्तों ने अंतिम विदाई दी। विकेश के पिता एडवोकेट वीरेन्द्र सिंह ने अपने बेटे के नेत्र पीजीआई चंडीगढ़ में दान कर दिए ताकि उसके बेटे के नेत्र किसी नेत्रहीन की आंखों को रोशन देकर इस संसार को देखते रहें।

# किसानों के साथ बर्बरतापूर्ण हमलों के विरोध में सीटू ने डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

सीटू देश में किसानों के आंदोलन का पूर्ण समर्थन करती है और मोदी सरकार द्वारा किसानों के आंदोलन को दबाने के लिए की जा रहे बर्बरतापूर्ण हमलों का कड़ा विरोध करती है। सीटू जिला कमेटी ने शुक्रवार को डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा।

उल्लेखनीय है कि देश में हुए ऐतिहासिक किसान आंदोलन के साथ मोदी सरकार द्वारा किए गए समझौते को लागू नहीं किया गया है और किसानों के साथ धोखा किया गया है। एमएसपी के लिए कानून नहीं बना है जिसके लिए देश के किसान


सीटू जिला कमेटी के पदाधिकारी व अन्य डीसी हमीरपुर को ज्ञापन सौंपने जाते हुए।

लगातार आंदोलनरत हैं, मगर मोदी सरकार किसानों की जायज मांगों को पूरा करने की बजाय बर्बरतापूर्ण हमले कर रही है। ड्रोन से आंसू गैस के बम गिराए जा रहे हैं और पैलेट बुलेट का इस्तेमाल किया जा रहा है।

यहां तक की गोलीबारी में एक युवा किसान की मौत हो गई, कई लोग घायल हुए हैं और 100 से ज्यादा ट्रैक्टरों को नुकसान पहुंचाया गया है। सीटू मांग करती है कि शहीद हुए किसान के परिवार को एक करोड़ रुपए और जिन किसानों के ट्रैक्टरों को नुकसान पहुंचाया गया है उसका उचित मुआवजा दिया जाए। इस बर्बर हमले में शामिल अधिकारियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए।

**निपटारा** पक्की नाली के ऊपर अढ़ाई फुट बनेगा पेवर ब्लॉक से रास्ता, भूमिगत डाली जाएगी पाइप

# भरेड़ी बाजार में निशानदेही के बाद शुरू हुआ नालियों का काम

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भोरंज उपमंडल के प्रमुख व्यापारिक केंद्र भरेड़ी में नालियों व फुटपाथ के निर्माण का विवाद खत्म हो गया है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा नालियों के निर्माण के लिए भूमि को चिन्हित करके कार्य को सुचारु रूप से शुरू करवा दिया। करीब 20 लाख रुपए की लागत से बस्सी से सरकाघाट वाया भरेड़ी सड़क पर बाजार में बनने वाली नालियों के निर्माण पर वीरवार को दुकानदारों ने विवाद करके कार्य को बंद करवा दिया था।

विवाद को खत्म करने के लिए


भरेड़ी बाजार में नालियों व फुटपाथ के शुरू हुए कार्य को देखते लोग व दुकानदार।

लोक निर्माण विभाग ने शुक्रवार को सड़क की निशानदेही करवाई, इससे सड़क की जगह दुकानों के आसपास निकली है और दुकानदार नालियों के निर्माण के लिए मान गए। भरेड़ी बाजार में सड़क के तंग होने की वजह से वाहनों की जाम की समस्या रहती है और पैदल चलना भी मुश्किल होता है। इसलिए भरेड़ी बाजार के हनुमान चौक से लेकर पंजाब नेशनल बैंक तक सड़क के दोनों ओर पक्की नालियों का निर्माण होगा। पानी की निकासी के लिए सीमेंट की पाइपें भूमिगत डाली जाएंगी। इसके अलावा नालियों के ऊपर करीब अढ़ाई फुट पक्का पेबर ब्लॉक से पैदल चलने के लिए रास्ता बनेगा।

### क्या कहते हैं कनिष्ठ अभियंता

**लोक** निर्माण भोरंज मंडल के अनुभाग जाहू के कनिष्ठ अभियंता मनोज शर्मा का कहना है कि विभाग ने सड़क की निशानदेही करवा कर दुकानदारों के विवाद को समाप्त कर दिया है। जिन दुकानों के सामने सीमेंट के स्टैप बने हैं वह उखाड़े जाएंगे। नालियों के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है।

# मिशन–2024 के लिए केंद्रीय नेताओं ने कसी कमर

## अनुराग बोलेः हर प्रोजेक्ट भाजपा की देन, भाजपा ने एम्स के सपने को किया पूरा : नड्डा, एम्स में सुविधाओं का किया शुभारंभ, भाषण में भाजपा को जिताने की अपील

**शुभम राही, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश में इन दिनों केंद्रीय नेताओं की सक्रियता अधिक बढ़ गई है। मिशन–2024 के लक्ष्य को लेकर हिमाचल से संबंध रखने वाले केंद्रीय दिग्गज नेताओं के साथ केंद्रीय मंत्रियों का आना भी शुरू हो गया है।

बिलासपुर एम्स में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के दिग्गज नेताओं ने एम्स में अन्य सुविधाओं का शुभारंभ करने के साथ–साथ भाजपा को 2024 में वोट डालने की बात भी कही। हालांकि यह कार्यक्रम पूरी तरह से एम्स पर आधारित था, लेकिन भाषण में केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए नेताओं ने 2024 मिशन को पूरा करने की बात करने से भी पीछे नहीं हटे। आपको बता दें कि केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने क्षेत्र में चल रही केंद्र के प्रोजेक्टों के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि यह सब भाजपा सरकार के कार्यकाल में संभव हो पाया है, जबकि कांग्रेस की सरकार के कार्यकाल में यहां पर भूमि तक भी उपलब्ध नहीं करवाई गई थी। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी एम्स में शुभारंभ के नाम पर केंद्र सरकार की उपलब्धियों की व्याख्यान करने से पीछे नहीं हटे। जेपी नड्डा को गुजरात से सांसद व राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल बढ़ाया गया है। ऐसे में जेपी नड्डा की अब अधिक जिम्मेदारी बढ़ गई है क्योंकि हिमाचल में 2023 में हुए चुनावों के जख्मों को अब सिर्फ लोकसभा चुनावों की चारों सीटों की जीत ही भर पाएगी क्योंकि 2023 में भाजपा को प्रदेश में मिली हार के बाद जेपी नड्डा की जबावदेही अधिक बढ़ गई है। वहीं, दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को भी हमीरपुर ससंदीय सीट पर जीतना भी बहुत जरूरी हो गया है। लोगों को कहना है कि अगर कांग्रेस हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कोई स्ट्रांग लीडर को खड़ा नहीं करती है, तो इस बार भी यह सीट भाजपा की झोली यानी अनुराग सिंह ठाकुर की जीत की होगी। वहीं, दूसरी ओर केंद्रीय नेताओं की सक्रियता की बात करें, तो हमीरपुर में अभी हाल ही में उपराष्ट्रपति का दौरा भी किया गया है। वहीं, अब बिलासपुर एम्स में पहुंचे केंद्रीय मंत्रियों का आना भी कहीं न कहीं मिशन 2024 को लेकर माना जा सकता है। अनुराग सिंह ठाकुर की बात करें, तो अब वह अपने संसदीय क्षेत्र में अधिक पहुंच रहे हैं। इससे साफ जाहिर है कि मिशन–2024 को लेकर भाजपा ने अपनी कमर कस ली है और भाजपा इन चुनावों को लेकर पूरी तरह से फील्ड में उतर आई है। (अनंत ज्ञान)






बिलासपुर एम्स में उद्घाटन अवसर पर अस्पताल का भ्रमण करते नड्डा व अन्य।



## युवा पीढ़ी का नशे में डूबना गंभीर विषय

**घुमारवीं।** शिवा बीएड कॉलेज घुमारवीं में अंतरराष्ट्रीय काउंसलर व प्रेरक वक्ता डॉक्टर सचिन पर्व ने स्मार्ट स्ट्रेस मैनेजमेंट एंड राइट थिंकिंग विषय पर बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं को ध्यान मुद्रा के फायदे बताए और अपनी दिनचर्या में ध्यान को शामिल करने के लिए प्रेरित किया। शिवा ग्रुप के प्रबंध निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि ब्रहमा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय घुमारवीं यूनिट के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें उच्च शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त उपनिदेशक प्रसिद्ध शिक्षाविद जोगिंद्र राव ने विशेषातिथि के रूप में शिरकत की। शिवा परिवार की तरफ से शिवा ग्रुप की कार्यकारी निदेशक मधु शर्मा व प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा ने मुख्य वक्ता व अन्य अतिथियों का टोपी, शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आज की युवा पीढ़ी का नशे में डूबना गंभीर विषय है। इस अवसर पर सभी को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई।

## अरुण बाल रूपी नई मूर्ति का करेंगे निर्माण

**बिलासपुर।** बाबा बालक नाथ मंदिर शाहतलाई बिलासपुर में बाबा बालक नाथ बाल रूपी भव्य नईं मूर्ति का निर्माण कर स्थापना मंदिर न्यास द्वारा करवाई जानी निर्धारित की गई है। आयुक्त मंदिर न्यास एवं एडीसी बिलासपुर डॉ. निधि पटेल ने बताया कि बाल रूपी मूर्ति के निर्माण के लिए देश भर के मूर्तिकारों से संपर्क किया जा रहा है। इस कड़ी में प्रख्यात मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा भी संपर्क किया गया। अरुण योगीराज ने मूर्ति निर्माण के प्रति जिज्ञासा जाहिर की है। उल्लेखनीय है कि दक्षिण भारत के प्रख्यात मूर्तिकार अरुण योगीराज, जिन्हें मैसूर का प्रख्यात पुरस्कार नलवाड़ी 2020, मैसूर जिला प्रशासन द्वारा राज्योत्सव पुरस्कार, मूर्तिकार संघ द्वारा शिल्पा कौस्तुभा से सम्मानित किया गया है। राम प्रतिमा, राम मंदिर अयोध्या आदि शंकराचार्य प्रतिमा, केदारनाथ। भीमराव आंबेडकर प्रतिमा, मैसूर। सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा, इंडिया गेट इनके द्वारा बनाई विलक्षण प्रतिमाएं हैं।

## नशे के खिलाफ नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया जागरूक



सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में नशा निवारण पर कार्यक्रम के आयोजन में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग बिलासपुर के सौंजन्य से बिलासपुर में सरकार की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रम सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में नशा निवारण के ऊपर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर विभाग द्वारा अधिकृत जन चेतना कला मंच झंडूता के अध्यक्ष मछेंद्र भारती के नेतृत्व में बरमाणा में नशे के खिलाफ नुक्कड़ नाटक व समूहगान के द्वारा ट्रक ड्राइवरों व लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान अपील की कि नशा चाहे कोई भी हो व्यक्ति के शरीर को खोखला कर देता है व अनेक प्रकार की बीमारियों को जन्म देता है। अध्यक्ष मछेंद्र भारती ने कहा कलाकारों ने समूहगीत जो बात कही हमने तुम भी ये समझ लेना करना न नशा कोई ये सबको बता देना प्रस्तुत कर नशे के खिलाफ संदेश दिया।

## 27 को बिलासपुर में कबड्डी के लिए होंगे ट्रायल

**घुमारवीं।** जिला बिलासपुर की पुरुष वर्ग में सीनियर कबड्डी टीम का चयन करने के लिए ट्रायल साईं कबड्डी खेल मैदान नजदीक ब्वॉयज स्कूल में 27 को 11 बजे लिया जाएगा। जिला बिलासपुर कबड्डी एसोसिएशन के सचिव विजय पाल चंदेल ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपना आधार कार्ड साथ लेकर आएं व खिलाड़ी का वजन 85 किलोग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए। चंदेल ने बताया कि चयनित टीम तीन–चार मार्च को सुंदरनगर में हो रही राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में बिलासपुर जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। उन्होंने कबड्डी खिलाड़ियों से बढ़–चढ़ कर ट्रायल में भाग लेने का आह्वान किया है, ताकि एक बेहतर टीम का चयन किया जा सके।

## सीएम किसानों को आर्थिक तौर पर बनाना चाहते आत्मनिर्भर : राजेश्वर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जाइका एचपीसीडीपी में राज्य सरकार के मीडिया सलाहकार राजेश्वर ठाकुर ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अगले वित्त वर्ष का बजट पूरी तरह से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समर्पित किया है।

मुख्यमंत्री राज्य के किसानों को आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं। किसान की समृद्धि का परम लक्ष्य लेकर मुख्यमंत्री आगे बढ़ रहे हैं। डीसी बिलासपुर आबिद सादिक हुसैन से मुलाकात करने के बाद राजेश्वर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। डीसी से मुलाकात में राजेश्वर ठाकुर ने उन्हें प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश भर में संचालित गतिविधियों से अवगत करवाया।

### कृषि बुनियादी ढांचे को बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम

इसके अतिरिक्त दो उपपरियोजनाओं के लिए पहले से ही काम चल रहा है, जो इस क्षेत्र में कृषि बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इनमें 15 उपपरियोजना पर केवीए का गठन, आठ उपपरियोजनाओं के लिए उपपरियोजना विकास योजनाओं (एसडीपी) की तैयारी और 12 उपपरियोजनाओं के लिए बेसलाइन सर्वेक्षण पूरा किया गया है। डीसी ने बिलासपुर जिले समेत राज्य भर में एचपीसीडीपी परियोजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

इसी क्रम में जिला बिलासपुर में अब तक की परियोजना इकाई की प्रगति के अलावा शेष संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। परियोजना के बिलासपुर बीपीएमयू डॉ. देवेंद्र सांख्यान ने इस मौके पर परियोजना के फलस्वरूप बिलासपुर के किसानों की आर्थिकी में आने वाले क्रांतिकारी परिवर्तन पर प्रकाश डाला। मीडिया सलाहकार राजेश्वर ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण परियोजना (एचपीसीडीपी) के जरिये राज्य भर में 310 सिंचाई योजनाओं के विकास, सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों और क्षमता निर्माण गतिविधियों सहित विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। जिले के भीतर 13 उपपरियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की गई है, जिनमें से 10 के लिए निविदाएं शुरू की गई हैं।

## कलरी गांव में कार व बाइक की टक्कर, दो युवक घायल

### एक युवक की टूटी टांग, एम्स अस्पताल बिलासपुर रेफर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

शिमला–मटौर राष्ट्रीय राजमार्ग 103 पर पुलिस थाना घुमारवीं के अंतर्गत आने वाले कलरी गांव के पास हुई कार और बाइक की टक्कर में दो युवक घायल हो गए।



घायल युवकों में एक युवक की टांग टूट गई है, जिसे चिकित्सकों द्वारा एम्स अस्पताल बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर को घुमारवीं कॉलेज के सामने सड़क की दूसरी तरफ एक कार खड़ी थी, जैसे ही चालक ने कार को घुमारवीं तरफ मोड़ना शुरू किया, तभी सामने से आ रही बाइक कार से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इस घटना में बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में बाइक पर सवार दो युवक बुरी तरह से घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा दोनों युवकों को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल युवक को एम्स अस्पताल बिलासपुर रेफर कर दिया गया, जबकि दूसरे घायल का उपचार अस्पताल घुमारवीं में ही किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना घुमारवीं की टीम अस्पताल पहुंची।

जहां उन्होंने घायल युवकों के बयान दर्ज किए। इस हादसे में बाइक सवार प्रवेश कुमार गांव मरहाना उम्र 20 वर्ष तथा विशाल उम्र 23 वर्ष गांव भेल दधोल घायल हुए हैं। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## महिलाओं को कुपोषण, एनीमिया और घरेलू हिंसा की दी जानकारी



सशक्त महिला योजना के अंतर्गत जागरूकता शिविर में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, दधोल**

महिला एवं बाल विकास परियोजना के वृत्त दधोल के अंतर्गत पंचायत कसारू के आंगनबाड़ी केंद्र छंजियार में सशक्त महिला योजना के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में महिला एवं वाल विकास परियोजना वृत्त दधोल की पर्यावेक्षिका सपना शर्मा द्वारा इस शिविर में उपस्थित महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता, कुपोषण, एनीमिया आदि के साथ–साथ घरेलू हिंसा के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास परियोजना के अंतर्गत महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

शिविर मे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रकीमा, पुष्पा देवी, ममता देवी, अंजना देवी, रीता देवी, अमरती देवी, सोनिका, मीरा देवी, शालिनी, सावित्री, रेखा, संतोष आदि महिलाओं ने भाग लिया।

## पशुशाला के निर्माण से मकान के डंगे को नुकसान

**श्री नयना देवी जी।** विकास खंड सदर की सुई सुरहाड़ पंचायत के तहत सुरहाड़ गांव में एक व्यक्ति ने गांव के ही एक आदमी पर पशुशाला निर्माण के दौरान उसके मकान के डंगे और आंगन को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। व्यक्ति ने इसकी शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों को दी है, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

सुरहाड़ गांव के मस्त राम ने बताया कि गांव के एक व्यक्ति ने अपनी पशुशाला का निर्माण मनरेगा के तहत अपनी जमीन में किया है, जब उसने वहां पर खुदाई की तो उसके मकान के आंगन का डंगा गिर गया। इससे अब उसके मकान को खतरा बन गया है। मस्त राम ने बताया कि उसने 24 जून 2023 को इसकी शिकायत की है। इसके बारे में उपायुक्त और एसडीएम सदर को भी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अभी यह मामला सिर्फ कागजों में ही अटका है। न ही उसको आपदा के तहत दी जाने वाली सहायता दी गई और न ही इस मामले में अन्य कोई कार्रवाई हुई। मस्त राम ने कहा कि यदि एक सप्ताह तक इस मामले को लेकर कोई उचित कदम नहीं उठाया, तो वह इसके बारे में मुख्यमंत्री से मिलकर मदद की गुहार लगाएंगे। उधर विकास खंड अधिकारी सदर सुशील कुमार ने कहा कि इसके बारे में उपायुक्त से जांच करने के आदेश हुए हैं।

## संतोषी बस सर्विस ने यात्रियों को करवाई मुफ्त में सवारी




संतोषी बस सर्विस यात्रियों को मुफ्त में सवारी करवाने के लिए प्रेमी देवी को रवाना करती हुई।

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

बस का पूरे दिन का भाड़ा छजोली निवासी प्रेमी देवी ने अपने स्वर्गवासी पति सुखलाल की यादगार में संतोषी बस को पूरे दिन के लिए बुक किया था, जो कि डंगार–भोटा–घुमारवी–जाहू–भोटा रूट पर चलती है। बस के ड्राइवर राकेश ठाकुर व मालिक राकेश शर्मा ने बताया कि प्रेमी देवी ने शुक्रवार को पूरा दिन बस में यात्रियों को बस में फ्री सफर करवाने के लिए उन्हें बुक किया गया है तथा बस में सभी रूट सुबह से शाम तक यात्रियों को फ्री में सफर करवा उनकी मंजिल तक पहुंचाया। बस मे सुबह के रूट पर सवार यात्रियों को प्रेमी देवी ने केले भी बांटे।

**कार्यक्रम** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

## म्यूजिकल चेयर में रीनु चंदेल व शिक्षक विनोद विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर नीना वासुदेवा ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे खेल मैदान में हुआ जहां मुख्यातिथि को शॉल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ कॉलेज के स्टूडेंट्स के द्वारा मार्चपास्ट कर किया गया। इस अवसर पर लगभग 2000 स्टूडेंट्स ने मार्चपास्ट में भाग लिया, जो अब तक का सबसे ज्यादा नंबर रहा। पूरा मैदान इन स्टूडेंट्स से भर गया। इस अवसर पर कार्यक्रम



बिलासपुर कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मार्च पास्ट करते स्टूडेंट्स।

की मुख्यातिथि नीना वासुदेवा ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में जहां हमारी जीवन शैली में काफी व्यस्तता हो गई है, हमें अपने स्वास्थ्य की तरफ ध्यान देना जरूरी हो गया है क्योंकि खेल से न केवल हमारी मानसिक ऊर्जा बढ़ती है बल्कि हमारा शरीर भी स्वस्थ रहता है। खेलकूद सभी के जीवन का महत्वपूर्ण भाग होना चाहिए, जिससे न सिर्फ हम फिट रहते हैं, बल्कि हम पूरे दिन ताजा बने रहते हैं। इस अवसर पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस दौरान सभी शिक्षकों के लिए भी 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं के लिए म्यूजिकल चेयर का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता रीनु चंदेल व शिक्षक वर्ग मे प्रोफेसर विनोद रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद, कार्यक्रम के कन्वीनर डॉक्टर प्रेम सिंह कटवाल के द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम मे विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कार्यक्रम के को–ऑर्डिनेटर डॉ. सुरेंद्र सिंह की ओर से किया गया।

### घुमारवीं कॉलेज में महिला कबड्डी प्रतियोगिता का किया आयोजन

## टीम–ए ने बी को 21–42 से हराया




स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में महिला कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन पर मौजूद खिलाड़ी व अन्य।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में वार्षिक खेलों के आयोजन के अंतर्गत अंतर कक्षीय तथा अंतर संकाय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य राम कृष्ण ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के मानसिक तथा बौद्धिक विकास के साथ शारीरिक विकास भी बहुत महत्वपूर्ण है।

फाइनल मैच में महाविद्यालय की टीम ए ने टीम बी से 21–42 स्कोर से मैच जीता। इस अवसर पर महाविद्यालय गतिविधियों के संयोजक डॉ. सुरेश शर्मा तथा खेल प्रभारी रमेश शर्मा उपस्थित रहे। खिलाड़ियों में अंकित शर्मा, प्रियंचाल, स्वाति, शालू, रिया, आरती शर्मा, बबली, अंशु ठाकुर, अनामिका, तमन्ना, किरण, नेहा, तथा श्वेता का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

# गुरु रविदास के लगे जयकारे

## श्री गुरु रविदास प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में जिले में जगह-जगह धार्मिक आयोजन

**अनंत ज्ञान टीम, ऊना**

गुरु श्री रविदास जयंती के उपलक्ष्य में जिले भर में शुक्रवार को धार्मिक आयोजन किए गए। ऊना शहर सहित बंगाणा, अंब के अलावा अन्य स्थानों पर भी श्री गुरु रविदास सभा से जुड़े श्रद्धालुओं द्वारा यह आयोजन धूमधाम से किए गए। कहीं भंडारे का आयोजन तो कहीं गुरु जी की महिमा का गुणगान करते हुए शोभायात्राएं निकाली गईं।

बंगाणा के जोगीपंगा में गुरु रविदास प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में आज श्री गुरु रविदास सभा युवाओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन मुख्य सड़क के समीप था और इसमें यात्रियों को खीर का प्रसाद वितरित किया गया। बंगाणा में भी श्री गुरु रविदास सभा की ओर से बंगाणा, हटली से लठियानी तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। अंब की ग्राम पंचायत लडोली के थड़ा से नगर पंचायत अंब में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कई संस्थाओं शोभायात्रा पर फूल वर्षा की गई और हलवा व लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया। यात्रा में शामिल लोगों द्वारा डीजे पर रविदास महाराज का गुणगान किया गया और यात्रा में शामिल लोगों ने भजन गाकर पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय कर दिया। वहीं सभा के युवाओं ने अंब में पहुंचने पर खूब आतिशबाजी के साथ पटाखे फोड़े।

वहीं उपमंडल अंब में जगतगुरु रविदास महाराज के 647वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गुरु रविदास की मनमोहक झांकी के साथ कई वाहनों में श्रद्धालुओं ने गुरु रविदास की महिमा का गुणगान किया। शोभायात्रा गुरु रविदास मंदिर थड़ा से शुरू होकर पंजोआ, ठठल, नंदपुर, पक्का परोह, अंब, कुठेडा खैरला, नैहरी, मैडी वापस मंदिर में संपन्न हुई।

इस अवसर पर कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री गुरु रविदास जी के जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा में भाग लिया।


धार्मिक आयोजन के दौरान जयकारा लगाते श्री गुरु रविदास सभा के सदस्य।


थड़ा में नगर पंचायत अंब से निकली जा रही शोभा यात्रा का दृश्य।


गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में कुटलैहड़ के जोगीपंगा बौल चल रहा भंडारा।

## न्यूज ब्रीफ

### शिविर में 130 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**अंब।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम चिंतपूर्णी ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत ठठल में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। डा. शशांक की अगुवाई में स्टाफ नर्स नीलम, लैब टेक्नीशियन वीरेंद्र व राहुल पर आधारित टीम ने गांव में विभिन्न रोगों से पीड़ित 130 स्थानीय लोगों की स्वास्थ्य जांच की और मौके पर 61 मरीजों के अलग-अलग प्रकार के टैस्ट भी किए।

### गुरमत समागम का पोस्टर जारी



**ऊना।** श्री गुरु अर्जन देव जी सेवा सोसायटी बसदेहडा की तरफ से आयोजित किए जाने वाले 6 अप्रैल को महान गुरमत समागम के उपलक्ष्य में गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी द्वारा संगत की जानकारी के लिए सोसायटी के प्रधान दलबीर सिंह, उप प्रधान अमरीक सिंह की उपस्थिति में पोस्टर जारी किया गया। सोसायटी के प्रधान दलबीर सिंह ने बताया सोसायटी की तरफ से हर वर्ष श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया व गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाता है। इस वर्ष यह समागम 6 अप्रैल को शाम 7 बजे से 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर गुरु के लंगर का आयोजन भी होगा। इस मौके पर बाबा अमनदीप सिंह, बाबा सुरिंदर सिंह, अमरजीत सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### हरिद्वार के लिए ट्रेन चलाने पर जताया आभार

**बंगाणा।** जिला उना के दौलतपुर से जो ट्रेन सहारनपुर के लिए चलती थी उसे अब केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के प्रयासों से दौलतपुर से सीधा हरिद्वार कर दिया है। उसके लिए जिला उना हमीरपुर बिलासपुर कांगड़ा के हजारों परिवारों को सीधा लाभ होगा। इस बड़ी उपलब्धि के लिए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का आभार प्रकट करते हैं। उक्त प्रकटावा राज्य भाजपा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने किया। कंवर ने कहा कि प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हरिद्वार पर जनता की बहुत आस्था है। हर दिन हिमाचल के हजारों परिवार हरिद्वार के लिए रवाना होते हैं। ऐसे में अनुराग ठाकुर ने ट्रेन द्वारा जिला उना को सीधा हरिद्वार से जोड़कर जनता को सुविधा प्रदान की है। कंवर ने कहा कि बीते 16 वर्षों से, जबसे अनुराग सिंह ठाकुर संसद के रूप में जनता की सेवा कर रहे हैं, तबसे ऊना को देश के बड़े शहरों को जोड़ने के लिए दर्जनों ट्रेनों को चलाया गया है।



### लोगों को दी बैंक योजनाओं की जानकारी

**ऊना।** भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय ऊना द्वारा एसबीआई मेन ब्रांच में शुक्रवार को किसान संपर्क कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय प्रबंधक संजू बंगा द्वारा किया। संजू बंगा ने फसल एआईएफ, एएमआई, पीएमएफएमआई, मुद्रा लोन, मधु मक्खी पालन, मछली पालन, बकरी पालन, पॉली हाऊस योजनाओं व कृषकों की लाभकारी योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। उन्नतशील किसान साहिल ने किसानों को जैविक खेती के लाभ के बारे में बताया। इस मौके पर आशीष कटोच, दीपिका, अमित, सचिन, अरविंद राणा सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**टाहलीवाल।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक समिति शाखा दुलेहड़ द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत दुलेहड़ के परिसर में किया गया। शिविर में करीब 70 लोगों ने भाग लिया। बैंक मैनेजर कुलदीप सिंह माहल ने लोगों को बैंक की भिन्न-भिन्न ऋण योजनाओं बारे जागरूक किया।

# अधिकारियों को बताई चुनाव प्रक्रिया की बारीकियां

**अनंत ज्ञान, ऊना**

आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत जिला ऊना में आदर्श आचार संहिता की अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों से नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों और समस्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त जतिन लाल ने की। बैठक में नोडल अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया की बारीकियों सहित उनके दायित्व तथा आदर्श चुनाव आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करने केबारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उपायुक्त ने कहा कि कानून व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग, बैंक से होने वाले कैश के लेन-देन के लिए एलडीएम, अवैध शराब पर निगरानी के लिए उपायुक्त आबकारी एवं कराधान, अवैध खनन की निगरानी के लिए माइनिंग अधिकारी, आरटीओ अपने संबंधित बैरियरों पर आने-जाने वाले वाहनों के साथ-साथ बॉर्डर ऐरिया तथा वन विभाग अपनी चेक पोस्टों पर निगरानी रखें। इसके अतिरिक्त उन्होंने नारकोटिक्स को अवैध दवाइयों की सप्लाई के साथ-साथ नशे की होने वाली अवैध गतिविधियों पर भी नजर रखने के लिए पुलिस और आबकारी एवं कराधान विभाग के साथ आवश्यक तालमेल रखें। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग जिला में बॉर्डर के साथ लगते दूसरे राज्यों के जिलों के साथ समन्वय स्थापित करें।

इस मौके पर एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर, एएसपी संजीव भाटिया, डीएफओ सुशील राणा, आरटीओ अशोक कुमार, उपायुक्त आबकारी एवं कराधान विनोद सिंह डोगरा, तहसीलदार निर्वाचन सुमन कपूर सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।


उपायुक्त जतिन लाल नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

### आदर्श आचार संहिता लगते ही हटाएं प्रचार सामग्री

**आगामी** लोकसभा चुनावों को लेकर आदर्श आचार संहिता लगते ही सभी प्रकार की प्रचार सामग्री को सरकारी भवनों से 24 घंटे के भीतर हटाना होगा। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों से 48 घंटे के भीतर और निजी भवनों में लगी सभी प्रकार की प्रचार सामग्री को भी 72 घंटों के भीतर हटाना होगा। यह जानकारी लोकसभा चुनाव को लेकर समस्त राजनैतिक दलों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त जतिन लाल ने दी। उन्होंने कहा कि प्रचार सामग्री में सभी प्रकार के बैनर, होर्डिंग्ज, नारा लेखन, दीवार लेखन इत्यादि शामिल रहेंगे। इस मौके पर नायब तहसीलदार इलैक्शन अजय शर्मा सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने अवैध खनन पर कसा शिकंजा, जेसीबी व दो टिप्पर जब्त

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

अवैध खनन गतिविधियों पर शिकंजा कसते हुए गगरेट पुलिस ने सोमभद्रा नदी में रात के अंधेरे में अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी मशीन व दो टिप्पर जब्त किए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से खनन माफिया में हड़कंप मच गया है। पुलिस थाना गगरेट के प्रभारी सन्नी गुलेरिया को किसी ने फोन कर सूचना दी कि उपमंडल गगरेट के कुठेड़ा जसवालां गांव के साथ लगती सोमभद्रा नदी में रात के अंधेरे में अवैध खनन गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर एसएचओ सन्नी गुलेरिया ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जब सोमभद्रा नदी में छापा मारा तो वहां पर एक जेसीबी मशीन व दो टिप्पर अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त पाए गए। पुलिस को देखकर खनन माफिया ने वाहनों को भगाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन सहित टिप्परों को जब्त कर लिया। उपमंडल गगरेट अवैध खनन गतिविधियों का गढ़ बना हुआ है तो यहां से नियमों को धत्ता बताते हुए ओवरलोडिड टिप्पर भी खनन सामग्री लेकर पंजाब को जा रहे हैं। सरेआम नियमों की उड़ रही धज्जियों पर खनन महकमे की रहस्यमय चुप्पी भी अपने आप में सवाल है, जबकि गाहे बगाहे पुलिस भी कुछ कार्रवाई के लिए आगे आती है। डीएसपी डा. वसुधा सूद ने बताया कि गगरेट पुलिस ने अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त एक जेसीबी व दो टिप्परों को जब्त किया है। उक्त मामला माननीय न्यायालय को भेजा जा रहा है।

### बसंत विहार कॉलोनी क्राइम केस

# चिकित्सकों की रिपोर्ट में घायलों को गंभीर चोटों की हुई पुष्टि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला मुख्यालय के समीप बसंत विहार कॉलोनी में सोमवार रात को दो लोगों पर कातिलाना हमला करने वाले आरोपी पर संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। चिकित्सकों की रिपोर्ट में घायलों में शार्प इंजुरी पाई गई हैं। उधर आरोपी का हिमाचल कनेक्शन का भी पता चला है। पुलिस आरोपी के संभावित ठिकानों पर तलाश में जुटी हुई है।

सूत्रों के अनुसार यह व्यक्ति वर्ष 2018-19 में ऊना में नए वर्ष के उपलक्ष्य में लगने वाली सेल में व्यापार के सिलसिले में पहुंचा था। उस दौरान महिला के साथ उसकी मुलाकात हुई थी। हैरानी की बात है कि इस महिला के साथ उसकी पहचान को पांच साल का समय बीत चुका था, लेकिन उनके पास आरोपी की कोई फोटो तक नहीं थी। पुलिस द्वारा की गई गहन छानबीन पर कई रहस्य उजागर हो रहे हैं। यह व्यक्ति हिमाचल में रेहड़ी फड़ी लगाकर सेल अथवा मेलों में व्यापार भी करता है। आरोपी जो मूल रूप से पंजाब के पठानकोट से संबंधित है वह अपने मूल निवास पर भी कभी कभार ही पहुंचता है। बताया गया है कि वह व्यापार के सिलसिले में अधिकांश समय हिमाचल में ही रहता है। यह भी पता चला है कि यह व्यक्ति कुछ अंतराल पर इस कॉलोनी में महिला के घर पर पहुंचता था। उधर इस मामले में घायल हुए लोगों की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### बंगाणा कॉलेज में आयोजित सेमिनार में बोले प्रो. सिकंदर नेगी

# आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वैज्ञानिकों के लिए बहुत बड़ा मुद्दा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

शुक्रवार को अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में राजनीति विज्ञान विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर सिकंदर नेगी के अध्यक्षता में ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंच का संचालन वंशिका ने किया। ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता का विषय 'वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सकारात्मक व नकारात्मक प्रभाव' रहा। इस प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया। सभी टीमों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धि, कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मशीनों और सॉफ्टवेयर को बुद्धि के साथ विकसित करता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सपना की टीम, जिसमें वासु शर्मा और शिल्पा शर्मा ने, द्वितीय स्थान इंदू की टीम ने, जिसमें प्रीति और रोहित डोगरा ने और तीसरा स्थान नेहा की टीम ने जिसमें श्वेता शर्मा और निखिल ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर राजनीति विज्ञान के विभाग अध्यक्ष प्रो. सिकंदर नेगी ने कहा कि आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। फिर भी आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वैज्ञानिकों के लिए बहुत बड़ा मुद्दा बना हुआ है, जिसको लेकर निरंतर शोध हो रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकी में नित नए बदलाव भी देखने को मिल रहे हैं। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के विभागअध्यक्ष प्रोफेसर सिकंद्र नेगी, राजनीति विज्ञान के उपप्रधान इंदू, सह सचिव कृति मीडिया प्रभारी रोहित डोगरा और अंकिता मनकोटिया मौजूद रहे।


आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर बंगाणा महाविद्यालय में सेमिनार में उपस्थिति।

# किसानों के लिए फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी का गठन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

जिले के विकास खंड बंगाणा के किसानों के लिए फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का गठन किया गया। इस कंपनी की मुख्य बात यह होगी कि इसके शेयर होल्डर किसान होंगे। इससे कंपनी को होने वाला लाभ किसानों में ही बांटा जाएगा। फसलों का लाभ दूसरों के बजाय किसानों के द्वारा बनाए हुए एफपीओ में ट्रांसफर किया जाएगा। किसानों को फसल के क्रय-विक्रय के अलावा बीज, खाद और विशेषज्ञों की सलाह भी मिल पाएगी।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा किसानों, खेतीबाड़ी सहित फसलों की मार्केटिंग आदि चीजों की पूरी जानकारी रखने के लिए कुटलेहर नारी शक्ति फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का गठन किया गया । यह एफपीसी किसानों को गांव से लेकर जिला और ब्लॉक स्तर तक सभी फसलों के बारे में पूरी जानकारी देगा। साथ ही विकास खंड बंगाणा की सभी पंचायतों के किसानों को इस सगठन में जोड़ा जाएगा। उसके बाद इन सभी किसानों को जोड़कर फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन का निर्माण उच्च स्तर पर किया जाएगा। इस फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन में 700 के करीब किसान जुड़े होंगे।

विकास खंड अधिकारी सुभाष चंद अत्री, हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और ब्लॉक मिशन कार्यकारी जतिन शर्मा ने कहा कि फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी में डायरेक्टर और सीईओ सहित अन्य बड़े पदों के लिए कर्मचारियों को किसान खुद तैनात कर पाएंगे। इससे सभी पदों पर तैनात कंपनी प्रबंधन के कर्मचारी किसानों से जुड़ी समस्याओं और उनके फायदों के लिए सही निर्णय और कार्य कर सकेंगे। एचपीएसआरएलएम द्वारा गठित इस एफपीओ, कुटलेहड़ नारी शक्ति फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की एचपीएसआरएलएम टीम ने ब्लॉक बंगाणा में अपनी पहली परिचयात्मक जुटान बैठक की। सुभाष चंद अत्री (खंड विकास अधिकारी), जतिन शर्मा मिशन कार्यकारी-फार्म और पारुल शर्मा क्षेत्र समन्वयक विकास खंड बंगाणा और इस बैठक में 120 महिला किसानों के साथ नवनिर्वाचित निदेशक मंडल (बीओडी) उपस्थित रहे।


परिचयात्मक बैठक में भाग लेते अधिकारी व महिलाएं।

# एसएसए ऑडिट की तिथियां बदलने की मांग

**गगरेट।** वार्षिक परीक्षाओं के दौरान डाइट द्वारा रखे गए सर्व शिक्षा अभियान के ऑडिट ने प्राथमिक शिक्षक संघ की आंखें तरेर दी हैं। 26 फरवरी से राजकीय प्राथमिक स्कूलों में तीसरी व पांचवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो रही हैं तो 28 फरवरी को पेपर वाले दिन डाइट द्वारा प्राथमिक शिक्षा खंड गगरेट में आडिट रख दिया गया है। ऐसे में शिक्षक परीक्षा लें या फिर ऑडिट करवाने पहुंचे इसे लेकर शिक्षक पसोपेश में हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ ने आडिट की तिथियां बदलने की मांग की है।

प्राथमिक शिक्षक संघ गगरेट के अध्यक्ष कुलदीप सिंह कंग ने कहा कि कई स्कूल ऐसे हैं जो एक-एक शिक्षक के सहारे हैं तो अधिकांश स्कूलों में दो-दो शिक्षक ही हैं और एक-एक शिक्षक की डयूटी इन परीक्षाओं में लगी है। ऐसी स्थिति में शिक्षक परीक्षाएं लें या फिर आडिट करवाने प्राथमिक शिक्षा खंड अधिकारी कार्यालय में पहुंचे। इसे लेकर शिक्षक उधेड़बुन में हैं। उन्होंने डाइट प्रिंसीपल से ऑडिट की तिथियां बदलने की मांग की है।

# पीएसएम पब्लिक स्कूल देहलां में हाफ मैराथन के विजेता सम्मानित


हाफ मैराथन के विजेता रहे प्रतिभागियों के साथ मुख्य अतिथि सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, मैहतपुर**

क्षेत्र के श्री पीएसएम पब्लिक स्कूल, देहलां जिला ऊना हिमाचल प्रदेश ने भारत सरकार द्वारा चलाए गए नशा मुक्ति अभियान के तहत हाफ मैराथन के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। बच्चों के शारीरिक विकास के लिए 11 किलोमीटर ऊना सिटी हाफ मैराथन 2024 का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में ऊना जिले के 150 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। देवेंद्र चंदेल जिला उपनिदेशक, शिक्षा विभाग ऊना ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई थी।

मैराथन के लिए बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विजेताओं को माननीय मुख्य अतिथि जतिन लाल जिला उपायुक्त ऊना ने 2100, 1500, व 1100 रुपए की धनराशि, ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिला उपायुक्त ऊना ने अपने भाषण से बच्चों का मार्गदर्शन भी किया।

मैराथन को सफल बनाने में विशेषतया राकेश नय्यर, संस्थापक एमआई एडीएवी, मैहतपुर, डॉ. कोमल मलिक आनंद राज, मलिक हॉस्पिटल मैहतपुर, सुरजीत सिंह, मनमोहन सिंह, विशन दास, रवि कुमार बहडाला व विद्यालय प्रबंध समिति ने पूर्ण सहयोग दिया।

# खड्ड कॉलेज में एनएसएस कैंप शुरू

**ऊना।** हरोली क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय खड्ड में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ हो गया है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर का आगाज दीप प्रज्वलन से हुआ।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरती ने बताया कि शिविर में 50 स्वयंसेवी भाग ले रहे है तथा इन्हें सात समूहों में विभाजित किया गया है ताकि शिविर का संचालन सुचारु रूप से किया जा सके। शिविर में विद्यार्थी स्वच्छता अभियान के साथ-साथ बौद्धिक ज्ञान भी अर्जित करेंगे। बौद्धिक सत्र में आमंत्रित वक्ता स्वयंसेवियों का प्रतिदिन मार्गदर्शन करेंगे। प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा ने स्वयंसेवियों को शुभकामनाएं दीं तथा शिविर में अनुशासन बनाए रखने तथा अपने शारीरिक और बौद्धिक विकास में वृद्धि करने के लिए प्रेरित किया। बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में शिविर में आमंत्रित संदीप शर्मा ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ाया तथा मेडिटेशन करने के लिए प्रेरित किया।

**खेल** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# ज्योति व अमन चुने सर्वश्रेष्ठ एथलीट


विजेता खिलाड़ियों के साथ प्राचार्य व स्टाफ सदस्य सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में 27वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बहुत ही शांतिपूर्ण ढंग से हुआ और सभी प्रतिभागियों ने इसे खेल भावना से खेला। इसमें ज्योति वाला और अमन ठाकुर ने सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब जीता। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और देवी मां सरस्वती के चरण कमलों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस वॉलंटियर व रोबर रेंजर के सदस्यों ने मार्च पास्ट करते हुए मुख्यातिथि को सलामी दी। प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को खेलों में भी रुचि रखनी चाहिए। उन्होंने डॉ. पवन पटियाल का भी आभार व्यक्त किया क्यूंकि उनके मार्गदर्शन से प्रेरित होकर अंब महाविद्यालय के कई खिलाड़ियों ने भारतवर्ष में भी नाम कमाया है। यह प्रतियोगिता शारीरिक प्राध्यापक डॉ. पवन पटियाल की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रो. सुख देव ने मंच संचालन किया। इस मौके पर प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. रेखा शर्मा, डॉ. सतपाल, प्रो सुख देव, प्रो. अमित कुमार शर्मा, डॉ. सुरुचि शर्मा, डॉ. नितिन शर्मा, डॉ. कृष्णा, प्रो. अजय, प्रो. अनय सहित अन्य मौजूद रहे।

### ये रहे खेलों के परिणाम

**लंबी कूद** में पुरुष वर्ग में जाहर कुमार ने पहला, सचिन जसवाल ने दूसरा और अनिश ने तीसरा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में प्रथम त्रिशा चौधरी, द्वितीय भारती और दिव्या सूद तृतीय स्थान पर रहे।

**ऊंची कूद** में पुरुष वर्ग में अनीश प्रथम, जाहर द्वितीय और सचिन जसवाल तृतीय रहे।

**5000 मीटर रेस** में पुरुष वर्ग में अमन ठाकुर ने पहला, रमन ने दूसरा और पंकज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में ज्योति वाला प्रथम, कविता द्वितीय व स्वाति ठाकुर तृतीय रही।

**1500 मीटर रेस** में पुरुष वर्ग में अमन प्रथम, रमन द्वितीय और साहिल तृतीय रहे। महिला वर्ग में प्रथम ज्योति वाला, द्वितीय कविता और दीक्षा तृतीय रही।

**7800 मीटर दौड़** में पुरुष वर्ग में अमन प्रथम, साहिल द्वितीय और रमन तृतीय रह, जबकि महिला वर्ग में ज्योति प्रथम, स्वाति ठाकुर द्वितीय और एकता तृतीय रही।

**7400 मीटर दौड़** में पुरुष वर्ग में हर्ष ठाकुर प्रथम, कन्हैया द्वितीय, राहुल तीसरे स्थान पर, जबकि महिला वर्ग में स्वाति ठाकुर प्रथम, शहनाज द्वितीय और मनीषा तीसरे स्थान पर रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### फुटबॉल चैंपियनशिप में कोट के हेमंत कुमार दिखा रहे प्रतिभा

**मंडी।** मंडी जिला के चच्योट तहसील की छपराहण



पंचायत के गांव कोट निवासी हेमंत कुमार उर्फ हनी हरियाणा के चरखी दादरी में हो रही राष्ट्रीय पैरा-ऐम्प्युटी फुटबॉल चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश पैरा-ऐम्प्युटी फुटबॉल टीम की कप्तानी कर रहे हैं। पैरा-फुटबॉल संघ के सचिव निखिल चौधरी ने बताया कि हेमंत पैरों से दिव्यांग है और अच्छा खिलाड़ी है। हेमंत दिव्यांग क्रिकेट में भी प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व कर चुका है। हिमाचल प्रदेश की टीम पहली बार राष्ट्रीय पैरा-फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग ले रही है और इसकी कमान हेमंत कुमार के हाथों में है।

### निजी कारणों से स्वदेश लौटेंगे इंग्लैंड के रेहान अहमद



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के लेग स्पिनर रेहान अहमद का भारत दौरा जल्दी खत्म हो रहा है क्योंकि वह निजी कारणों से स्वदेश लौटेंगे। इंग्लैंड ने अंतिम मैच के लिए उनके स्थानापन्न खिलाड़ी की घोषणा नहीं करने का फैसला किया है। 19 वर्षीय रेहान ने भारत के खिलाफ इंग्लैंड के पहले तीन टेस्ट मैचों में हिस्सा लिया। उन्होंने 44 की औसत से 11 विकेट लिए, जिसमें विशाखापत्तनम में 153 रन देकर 6 विकेट भी शामिल हैं। हालांकि, इंग्लैंड ने रांची में महत्वपूर्ण चौथे टेस्ट के लिए रेहान की जगह फिंगर स्पिनर शोएब बशीर को टीम में शामिल किया है।

### जोगिंद्रनगर की सुदेश हाजरी ने बाधा दौड़ में जीता गोल्ड

**जोगिंद्रनगर।** गोवा में आयोजित राष्ट्रीय मास्टर्स खेलकूद



प्रतियोगिता में जोगिंद्रनगर उपमंडल के खुद्दर गांव की सुदेश हाजरी ने गोल्ड मेडल जीतकर एक बार फिर से अपने गांव शहर और प्रदेश का नाम रोशन किया है। सुदेश हाजरी ने 800 मीटर बाधा दौड़ में गोल्ड मेडल तथा शॉटपुट में चौथा स्थान प्राप्त किया है। अब सुदेश हाजरी दुबई में होने वाली अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स प्रतियोगिता में अपने देश का नाम रोशन करेंगी।

### मोदी सरकार को सता रही खड़गे की सुरक्षा की चिंता

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले केंद्र सरकार



के गृह विभाग ने देशभर के कई वीआईपी नेताओं के सुरक्षा की समीक्षा की हैं। इस रिव्यू के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सुरक्षा में बड़ा इजाफा किया गया हैं। अब उन्हें सरकार की तरफ से जेड प्लस सिक्योरिटी मुहैया कराई जाएगी। बताया गया हैं कि खड़गे आगामी चुनाव के मद्देनजर देशभर का दौरा करेंगे। लिहाजा उनकी सुरक्षा को देखते हुए अब पूरे 24 घंटे 30 सशस्त्र जवान खड़गे के इर्द-गिर्द रहेंगे।

### प्रेमी से शादी के लिए महिला ने दो बच्चों को मौत के घाट उतारा

**बागपत।** हरियाणा से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है जहां पति से तलाक के बाद पत्नी अपने प्रेमी से शादी करना चाहती थी लेकिन शादी में रोड़ा बन रहे दो बच्चों को अपनी जान की आहूती देनी पड़ी। महिला ने बच्चों के टुकड़े कर शव को गन्ने के खेत में फैंक दिए। पुलिस ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी का निधन

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना नेता मनोहर जोशी का 86 की उम्र में हार्ट अटैक से निधन हो



गया। उन्होंने मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में शुक्रवार (23 फरवरी) सुबह अंतिम सांस ली। मनोहर जोशी को बुधवार को हार्ट अटैक आया था। तब से वे आईसीयू में भर्ती थे। मुंबई के शिवाजी पार्क श्मशानघाट में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया है। उन्होंने एक टीचर के रूप में अपना करियर शुरू किया था। जोशी 1967 में पॉलिटिक्स में आए। वे 40 साल से ज्यादा समय तक शिवसेना से जुड़े रहे।

### अस्पताल में शख्स को चढ़ाया गलत ग्रुप का ब्लड, मौत

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में डॉक्टरों की एक बड़ी लापरवाही देखने को मिली। जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती युवक को अस्पताल के कर्मचारियों ने गलत ग्रुप का ब्लड चढ़ा दिया, जिससे युवक की मौत हो गई है। मामला सुर्खियों में आते ही सरकार ने संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। जानकारी के अनुसार बांदीकुई शहर का रहने वाला 23 वर्षीय सचिन शर्मा का कोटपुतली शहर में एक्सीडेंट हो गया था, जिसके बाद उसे राजकीय सवाई मान सिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया और उसे AB+ खून की जरूरत थी, लेकिन डॉक्टर ने उसे O+ ब्लड चढ़ाया दिया जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई और उसकी मौत हो गई। एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक अचल शर्मा ने कहा कि मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच समिति बनाई है। जांच रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**रांची टेस्ट**

**इंग्लिश टीम ने भारत के खिलाफ पहले दिन बनाए 7 विकेट पर 302 रन**

# शतकवीर रूट ने इंग्लैंड को संकट से निकाला

**एजेंसी, रांची**



भारत को आकाशदीप के रूप में एक शानदार तेज गेंदबाज मिल गया लेकिन जो रूट ने शतक जमाकर अकेले दम पर इंग्लैंड को संकट से निकालते हुए चौथे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को सात विकेट पर 302 रन तक पहुंचाया। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर रूट 226 गेंद में 106 रन बनाकर खेल रहे थे, उनके साथ ओली रॉबिनसन ने 26 रन बना लिए हैं। दोनों ने इंग्लैंड को आकाश दीप के दिए शुरूआती झटकों से निकाला।

इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले सत्र में इंग्लैंड के पांच विकेट 112 रन पर गिर गए थे। पिछले तीन टेस्ट में 29, 2 , 5, 16, 18, 7 रन बनाने वाले रूट ने संयम के साथ खेलते हुए पारी को संभाला। उन्होंने 15 पारियों में पहला शतक जड़ा जो उनके कैरियर का 31वां टेस्ट शतक है। उन्होंने जबरदस्त संयम का परिचय देते हुए अपनी पारी में नौ चौके लगाए।

पांच मैचों की श्रृंखला में इंग्लैंड 1-2 से पीछे है जिसे विशाखापत्तनम और राजकोट में पिछले दोनों टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी। इससे पहले आकाश ने दस गेंद के भीतर बेन डकेट (11), ओली पोप (0) और जाक क्रॉली (42) के विकेट चटकाए। उन्होंने 24 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने क्रमश: जॉनी बेयरस्टो और स्टोक्स को पगबाधा आउट किया। आकाश दीप ने दूसरे ही ओवर में क्रॉली का आफ स्टंप उखाड़ दिया था, लेकिन वह नो बॉल थी। नई गेंद के उनके जोड़ीदार मोहम्मद सिराज लय के लिए जूझते दिखे, जिन्हें खेलने में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशानी नहीं हुई। क्रॉली ने उन्हें लगातार तीन चौके और मिडविकेट पर छक्का लगाया।

उन्होंने चार के स्कोर पर जीवनदान मिलने के बाद 32 गेंद में 32 रन बनाए। इसे देखते हुए कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे छोर से स्पिनर जडेजा को गेंद सौंपी। आकाश दीप ने दसवें ओवर में दो विकेट लिए जिसमें दो बार रिव्यू का इस्तेमाल भी हुआ और एक भारत के पक्ष में रहा। उनका पहला विकेट डकेट बने जिनका कैच विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल ने लपका।

अंपायर के नॉट आउट करार देने पर रोहित ने रिव्यू लिया और अंपायर को फैसला बदलना पड़ा। पोप को आकाश दीप ने पगबाधा आउट किया। अगली गेंद पर जो रूट भी चकमा खा गए लेकिन रिव्यू लेने पर पता लगा कि गेंद आफ स्टम्प से बाहर जा रही थी। अगले ओवर में आकाश दीप ने क्रॉली को आउट किया जो क्लीन बोल्ड हुए। इसके बाद से रूट और बेयरस्टो ने 50 से अधिक रन की साझेदारी की।

#### डेब्यू टेस्ट में आकाश दीप ने बरपाया कहर



आकाश दीप ने इंग्लैंड के खिलाफ ड्रीम डेब्यू किया। तेज गेंदबाज़ ने इंग्लैंड के टॉप ऑर्डर को घुटनों पर ला दिया। रांची में इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे चौथे टेस्ट में आकाश दीप ने भारत के लिए डेब्यू किया। आकाश भारत के लिए 313वें टेस्ट प्लेयर बने। टॉस जीतकर पहले बैटिंग के लिए उतरी इंग्लैंड को आकाश दीप ने 11.5 ओवर तक 3 झटके दे दिए। आकाश ने तीन विकेट के साथ इंग्लिश टॉप ऑर्डर को ढेर कर दिया।

## आस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को हराकर जीती टी20 सीरिज



**एजेंसी, आकलैंड (न्यूजीलैंड)**

एडम जम्पा के चार विकेट से आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड को 17 ओवर में 102 रन पर समेटकर दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 72 रन से जीत लिया और तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त हासिल की। दुनिया की दूसरी रैंकिंग पर काबिज न्यूजीलैंड पर श्रृंखला जीतने से आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले आत्मविश्वास से भरे होंगे। अब तीसरा टी20 रविवार को ईडन पार्क में खेला जाएगा। आस्ट्रेलियाई टीम पावरप्ले में एक विकेट पर 72 रन बनाने के बावजूद 19.5 ओवर में 174 रन के स्कोर पर सिमट गई। सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने 22 गेंद में पांच छक्कों से 45 रन बनाए जिससे टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी आस्ट्रेलियाई टीम यह स्कोर बना सकी। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने 12 रन देकर चार और बेन सीयर्स ने 29 रन देकर दो विकेट झटके।

#### रचिन रविंद्र घुटने की चोट के कारण हुए बाहर

**न्यूजीलैंड** को खेल शुरू होने से पहले ही झटका लगा जब रचिन रविंद्र घुटने की हल्की चोट के कारण बाहर हो गए और डेवोन कॉनवे को भी विकेटकीपिंग करते हुए अंगूठे में चोट लग गई, जिससे उन्हें एक्स-रे कराने के लिए अस्पताल ले जाया गया। जब पता चला कि कोई फ्रेक्चर नहीं है, तब कॉनवे मैदान पर लौटे, लेकिन वह फिर भी बल्लेबाजी नहीं कर पाए।

## आईपीएल-2024 में दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व करेंगे पंत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ऋषभ पंत दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में आईपीएल 2024 की शुरुआत करेंगे, लेकिन सीजन के पहले भाग में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। फ्रेंचाइजी के सह-मालिक पार्थ जिंदल ने उक्त जानकारी दी, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कैपिटल्स को उम्मीद है कि 23 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले शुरुआती मैच में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्टजे फिट हो जाएंगे। जिंदल ने कहा कि टीम निदेशक सौरव गांगुली और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के नेतृत्व में कैपिटल्स थिंक-टैंक, पंत के आईपीएल शुरू करने को लेकर आश्वस्त था, जो कि बीसीसीआई से फिटनेस मंजूरी के अधीन है। जिंदल ने गुरुवार को कहा कि ऋषभ बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह दौड़ रहे हैं। उन्होंने अपनी विकेटकीपिंग शुरू कर दी है।

## डब्ल्यूपीएल सीजन-दो के साथ एक नई यात्रा की शुरुआत : जय शाह

**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का दूसरा संस्करण, आज से बेंगलुरु में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस और उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबले के साथ शुरू हो रहा है। लीग को लेकर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा कि महिला प्रीमियर लीग सीजन-2 की शुरुआत के साथ



आज हम एक नई यात्रा शुरू कर रहे हैं, इसलिए मैं कृतज्ञता से अभिभूत हूं। हमारा दृष्टिकोण सबसे बड़ी महिला क्रिकेट लीग स्थापित करना था और मैं उन सभी को हार्दिक धन्यवाद देता हूं जिन्होंने इस दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदलने में योगदान दिया है। 25 दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण में पांच टीमों के बीच 22 मैच खेले जाएंगे।

## शाहरुख खान ने मेग लैनिंग के साथ दिया सिग्नेचर पोज

**एजेंसी, बेंगलुरु**

बॉलीवुड के बादशाह के नाम से मशहूर शाहरुख खान और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान मेग लैनिंग गुरुवार को मैदान पर शाहरुख का सिग्नेचर स्टेप करते नजर आए। दोनों स्टार विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की ओपनिंग सेरेमनी के रिहर्सल पर मिले थे। डब्ल्यूपीएल ने गुरुवार को सोशल मीडियो में एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में शाहरुख लैनिंग को अपना सिग्नेचर स्टेप सिखाते नजर आए। वे भारतीय लीग में हिस्सा ले रही भारतीय खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली और मेग लैनिंग साथ दिखे।



# महिला मोर्चा की टीम को संदेशखाली जाने से रोका, प्रदर्शन

**एजेंसी, कोलकाता**



पश्चिम बंगाल में भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल को पुलिस ने शुक्रवार को संदेशखाली जाने से रोक दिया। पार्टी की राज्य इकाई की महासचिव लॉकेट चटर्जी और अग्निमित्रा पॉल के नेतृत्व वाली भाजपा की टीम को पुलिस ने निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए रोक दिया। पॉल ने दावा किया कि हमें निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए पुलिस ने संदेशखाली में प्रवेश करने से मना कर दिया गया है। राज्य सरकार सच्चाई छिपाने की कोशिश कर रही है।

उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। पांच जनवरी को राशन घोटाले के सिलसिले में शाहजहां के परिसर पर छापा मारने गए प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर भीड़ ने हमला कर दिया था, जिसके बाद से वह फरार हैं। रोके जाने पर लॉकेट चटर्जी ने कहा कि ममता बनर्जी को बस एक ही बात का डर है कि उनके गुर्गों ने महिलाओं के साथ जो किया है वह बात बाहर ना चली जाए, लेकिन आज पूरी दुनिया जानती है। दुर्भाग्य है कि महिलाओं को न्याय देने और अपराधियों पर कार्रवाई के बजाय वह शाहजहां का बचाव कर रही हैं। यह बंगाल के लोगों का दुर्भाग्य है कि ऐसी मुख्यमंत्री को चुने हैं जो महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म और सालों तक अपराध करने वालों का पक्ष ले रही हैं।

## चांद पर फिर पहुंचा अमेरिका, 50 साल बाद लैंड कराया अंतरिक्ष यान

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका एक बार फिर चांद पर पहुंच गया है। लगभग 50 साल बाद एक अमेरिकी अंतरिक्ष यान चांद की सतह पर उतरा है। 1972 में आखिरी अपोलो मिशन के बाद अमेरिका में बना कोई अंतरिक्ष यान अब चंद्रमा की सतह पर उतरा है।

चांद पर उतरने वाले इस अंतरिक्ष यान का नाम ओडीसियस या ऑडी है। यह छह पैरों वाला एक रोबोट लैंडर है जो भारतीय समय के मुताबिक शुक्रवार सुबह 4.30 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास मालापर्ट ए नाम के क्रेटर में उतरा। चांद का दक्षिणी ध्रुव वही हिस्सा है, जिसके करीब भारत के चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर उतरा था।

लैंडिंग के बाद सिग्नल की पुष्टि मिलते ही मिशन के डायरेक्टर डॉ. टिम क्रेन ने कहा, 'ह्यूस्टन, ओडीसियस को अपना नया घर मिल गया है।' नासा के सहयोग से इसे एक प्राइवेट कंपनी ने बनाया है। इंटुएटिव मशीन्स के सीईओ स्टीव अल्टेमस ने कहा, 'मुझे पता है कि यह एक मुश्किल था, लेकिन हम सतह पर हैं। हम ट्रांसमिट कर रहे हैं। चांद पर आपका स्वागत है।'

## हिजाब पहनकर बोर्ड परीक्षा देने पहुंचीं छात्राओं को गेट पर रोका



**एजेंसी, बरेली**

बरेली जिले से हिजाब को लेकर फिर एक मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में हिजाब पहनकर छात्राएं पहुंची तो उन्हें गेट पर ही रोक लिया गया। इस दौरान शिक्षकों और अभिभावकों के बीच नोंक-झोंक भी हुई। बाद में किसी तरह इस मामले को सुलझा लिया गया। बता दें कि यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आज से पूरे राज्य में शुरू हो चुकी हैं।

**शिक्षकों अभिभावकों से हुई नोकझोंक**

## शेर 'अकबर', शेरनी 'सीता' को लेकर मचा बवाल

**कोलकाता।** शेरनी का नाम 'सीता' और शेर का 'अकबर' रखे जाने पर विवाद का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह मामला पश्चिम बंगाल का है। जहां कलकत्ता हाईकोर्ट ने शेरनी का नाम 'सीता' और शेर का 'अकबर' रखने पर आपत्ति जताई है, क्योंकि दोनों जानवरों को सिलीगुड़ी के बंगाल सफारी पार्क में एक ही बाड़े में रखा गया था। साथ ही विवाद से बचने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार से दोनों का नाम बदलने का आदेश दिया है। विश्व हिंदू परिषद की बंगाल इकाई ने इसे हिंदू धर्म का अपमान बताया। 16 फरवरी को इसके खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका लगाई। कलकत्ता हाईकोर्ट की जलपाईगुड़ी सर्किट पीठ ने कहा कि विवाद टालने के लिए शेरनी और शेर का नाम क्रमश: 'सीता' और 'अकबर' रखने से बचना चाहिए था।

**हाई कोर्ट ने 'बंगाल की शेरनी' को लगाई फटकार!**

## दुनिया के सबसे लंबे शख्स और सबसे छोटी महिला ने छह साल बाद की मुलाकात


**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे लंबे आदमी सुल्तान कोसेन और दुनिया की सबसे छोटी महिला ज्योति आम्गे ने एक बार फिर छह



साल बाद एक-दूसरे से मुलाकात की। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करा चुके दोनों शख्स इस बार संयुक्त राज्य अमेरिका में मिले। ज्योति आम्गे ने अपनी इस मुलाकात की वीडियो और तस्वीरें अपनी सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। उन दोनों ने 19 फरवरी को कैलिफोर्निया के इरविन में एक साथ नाश्ता भी किया और कुछ तस्वीरें भी लीं। शेयर की गई तस्वीरों और वीडियो में दोनों ही काफी मस्ती भरे अंदाज में नजर आ रहे हैं।

## किसानों का फसली लोन पर ब्याज और जुर्माना माफ : खट्टर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1.89 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश करते हुए कुछ फसल ऋणों पर ब्याज और जुर्माना माफ करने की घोषणा की।



बजट प्रस्तावों की घोषणा ऐसे समय में की गई जब किसानों ने पंजाब-हरियाणा सीमाओं पर अपना विरोध-प्रदर्शन तेज कर दिया है। खट्टर ने कहा कि उनकी सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं और 14 फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिया जा रहा है। सरकार ने ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले सैनिकों के परिवारों के लिए आर्थिक मुआवजे को दोगुना कर एक करोड़ रुपए करने का भी फैसला किया है। खट्टर राज्य के वित्त मंत्री भी हैं उन्होंने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा, ''मैं 2024-25 के लिए 1,89,876.61 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित करता हूं जो 2023-24 के 1,70,490.84 करोड़ रुपए (संशोधित अनुमान) से 11.37 प्रतिशत अधिक है।'' उन्होंने एक बड़ी घोषणा में कहा कि किसानों द्वारा प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) से लिए गए फसल ऋण पर ब्याज और जुर्माना माफ किया जाएगा।

## गिरफ्तार हो सकते हैं अरविंद केजरीवाल!

### ईडी के सातवें नोटिस के बाद 'आप' का बड़ा दावा

**एजेंसी, नई दिल्ली**




आतिशी ने केंद्र सरकार पर लगाए बड़े आरोप ईडी ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल को सातवां समन जारी कर दिया। इसके बाद आप नेता आतिशी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए बड़ा दावा किया है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के साथ गठबंधन करने पर 'आप' को धमकी मिली है।

आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि आम आदमी पार्टी के पास मैसेज आया है कि यदि 'आप' इंडिया गठबंधन से अलग नहीं हुई तो आने वाले दिनों में अरविंद केजरीवाल को सीबीआई का नोटिस आएगा और उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में लोकतंत्र है। लोकतंत्र में जनता का शासन होता है। इसमें किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन का अधिकार होता है। आम आदमी पार्टी को इस तरह की धमकी देकर बहुत बड़ी गलती कर रहे हैं।

## गुजरात के वेरावल बंदरगाह पर पकड़ी 350 करोड़ की हेरोइन

**एजेंसी, गिर सोमनाथ**



गुजरात पुलिस ने गिर सोमनाथ जिले के वेरावल बंदरगाह पर आधीरात छापा मारकर फिशिंग बोट में छिपाकर लाई गई 50 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। नौ लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसका बाजार मूल्य लगभग 350 करोड़ रुपए बताया गया है। गिर सोमनाथ के पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह जाडेजा के ड्रग्स के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान यह कामयाबी मिली है। पुलिस ने जब्त नशीला पदार्थ के सैंपल जांच के लिए एफएसल भेज दिए हैं। पुलिस ने नौका सवार नौ खलासियों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने इस कार्रवाई में गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड, गिर सोमनाथ स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, लोकल क्राइम ब्रांच, फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी और मरीन पुलिस का सहयोग लिया। राज्य के गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने एक्स पोस्ट में इसके लिए पुलिस विभाग को बधाई दी है।